मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम



#savegajraj #saveelephant

वर्ष : 2 अंक: 190 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

बुधवार, 3 मार्च 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


## हमारा 2030 तक देश में 23 जलमार्गों को परिचालन में लाने का उद्देश्य: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मोदी सरकार का ध्यान मौजूदा ढांचागत सुविधाओं को उन्नत बनाने, नई पीढ़ी की अवसंरचना तैयार करने और सुधारों की यात्रा को बढ़ावा देने पर है। समुद्री सम्मेलन में संबोधन के दौरान पीएम ने कहा कि भारतीय बंदरगाहों पर पहुंचने वाले जलपोतों और माल लेकर निकलने वाले जलपोतों के लिए प्रतीक्षा समय कम हुआ है, बंदरगाहों पर भंडारण सुविधाओं में निवेश किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम बंदरगाहों में निजी निवेश को प्रोत्साहन दे रहे है। पीएम ने कहा कि हमारा 2030 तक देश में 23 जलमागों को परिचालन में लाने का उद्देश्य है। जलमार्ग परिवहन का कम लागत वाला और पर्यावरण के अनुकूल तरीका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे भारतीय तटक्षेत्र में 189 लाइटहाउस में से 78 को पर्यटन के तौर पर विकसित करने की योजना है।



सरकार घरेलू स्तर पर जलपोत निर्माण सुविधाएं खड़ी करने और उनकी मरम्मत का बाजार बनाने पर ध्यान दे रही है, इसकारण जलपोत निर्माण कारखानों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। देश में समुद्री नौवहन क्षेत्र के विकास में 2035 तक विभिन्न परियोजनाओं में 82 अरब डॉलर का निवेश होगा। बंदरगाहों के विकास के साथ ही जलमार्गों का विकास और लाइटहाउस के आसपास पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

मोदी ने कहा कि सागरमाला परियोजना के तहत 574 से अधिक परियोजनाओं की पहचान की गई है। इन पर 82 अरब डॉलर यानी छह लाख करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। इन परियोजनाओं पर 2015 से 2035 के बीच काम पूरा किया जाना है। उन्होंने कहा कि सरकार अगले दस साल में देश में 23 जलमार्गों को परिचालन में लाने पर काम कर रही है। सरकार साथ ही समुद्री नौवहन क्षेत्र में स्वच्छ अक्षय ऊर्जा के इस्तेमाल को भी बढ़ावा दे रही है। मोदी ने कहा, ह्यहम देशभर में सभी प्रमुख बंदरगाहों पर सौर और पवन ऊर्जा आधारित विद्युत प्रणाली स्थापित करने की प्रक्रिया में हैं। हम 2030 तक सभी बंदरगाहों में इस्तेमाल होने वाली कुल बिजली में से 60 प्रतिशत से अधिक बिजली नवीनीकरण ऊर्जा से इसतेमाल में लाने का उद्देश्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

## सत्ता में आए तो रद्द कर देंगे CAA

### 5 लाख सरकारी नौकरियों का भी किया वादा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के असम दौरे का दूसरा दिन है। उन्होंने तेजपुर में रैली की। इस रैली में कांग्रेस महासचिव ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि अगर असम में कांग्रेस को सत्ता मिलती है तो वो संशोधित नागरिकता कानून को रद्द करने के लिए नया कानून लाएगी। उन्होंने युवाओं को लुभाने के लिए नौकरियों का वादा भी किया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि असम में कांग्रेस की सरकार बनती है तो कम से कम 5 लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी। प्रियंका गांधी ने तेजपुर रैली में वादों की झड़ी लगा दी। उन्होंने कहा कि अगर हमारी सरकार बनेगी तो बिजली की 200 यूनिट आप लोगों को मुफ्त में मिलेंगे। बिजली के बिल से आपके 1400 रुपये हर महीने बच जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस असम में सत्ता में आती है, तो वह 'गृहिणी सम्मान' के तौर पर गृहिणियों को हर महीने दो हजार रुपये देगी।



### असम की महिलाओं से की ये अपील

इससे पहले प्रियंका ने सोमवार को विश्वनाथ जिले के गोहपुर में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों और चाय बागान में काम करने वाली महिलाओं से बातचीत की। उन्होंने असम की महिलाओं से आग्रह किया कि वे आगामी चुनाव में जिम्मेदारी से मतदान करें क्योंकि यह उनके और उनके बच्चों के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में महिलाओं के प्रति अपराध की दर देश में सबसे ज्यादा है और वर्तमान सरकार ने स्थिति को सुधारने के लिए कुछ नहीं किया।

### असम में इस दिन है मतदान

बता दें कि असम की 126 सीटों के लिए 27 मार्च, 1 अप्रैल और 6 अप्रैल को तीन चरणो में मतदान होना है और 2 मई को चुनाव के नतीजे आएंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा असम में रैलियां कर रही हैं। उन्होंने असम के साधारु में चाय बागान के कर्मचारियों के साथ चाय की पत्तियां भी तोड़ीं।

उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'चाय बागान के श्रमिकों का जीवन सच्चाई और सादगी से भरा हुआ है और उनका श्रम देश के लिए बहुमूल्य है। आज उनके संग बैठकर उनके कामकाज, घर परिवार का हालचाल जाना और उनके जीवन की कठिनाइयों को महसूस किया।'

## संक्षिप्त समाचार

### अखिलेश का सीएम योगी पर तंज



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने राज्य की योगी सरकार पर कानून व्यवस्था को लेकर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिस तरह की घटनाएं हो रही हैं सरकार को किसी की परवाह नहीं है। उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा असुरक्षित बेटियां और माताएं हैं जिनके साथ लगातार घटनाएं हो रही हैं। पहले भी हाथरस में एक दर्दनाक घटना हुई जिसे छिपाने में पूरी सरकार लग गई अखिलेश यादव ने कहा जिस प्रदेश के मुख्यमंत्री कहते हैं ठोक दो। कई बार मैंने कहा कि जनता जानती नहीं किसको ठोकना है। कई बार किसको कौन ठोक दे यह नहीं पता है। मुख्यमंत्री पर सबसे ज्यादा गंभीर धाराएं थीं। इतनी गंभीर धाराएं देश के किसी मुख्यमंत्री पर नहीं थीं और वो धाराएं वापस ले ली गईं इससे पहले अखिलेश यादव ने कहा था कि योगी सरकार चार साल में कुछ भी नया नहीं कर पाई है। बीजेपी अपना घोषणापत्र लागू नहीं कर पाई है। दूसरी सरकारों के प्रोजेक्ट आगे बढ़ रहे हैं। बीजेपी ने पूरे प्रदेश में बिजली महंगी की है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में सबसे खराब काम यूपी सरकार ने किया है। पुरानी सरकार के कामों को रोक दिया गया है। अखिलेश ने कहा कि बीजेपी नकली हिंदू है, समाजवादी पार्टी ने कभी धर्म का प्रचार नहीं किया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि बीजेपी के पास कोई विजन नहीं हैं। इनके पास विजन के नाम पर सिर्फ टेलिविजन है। कोरोना काल में सबसे ज्यादा समाजवादी पार्टी की सरकार का लैपटाप काम आया, जिसकी मदद से वो वर्चुअल तौर पर पढ़ाई कर पाए। सीएम योगी को लैपटाप चलाना नहीं आता इस वजह से उन्होंने बच्चों को नहीं दिया।

### फास्टैग से सालाना 20 हजार करोड़ रुपए का ईंधन बचेगा: गडकरी

नई दिल्ली। केंद्रीय परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हाल ही में टोल कलेक्शन के लिए अनिवार्य फास्टैग से सालाना 20 हजार करोड़ रुपए का ईंधन बचेगा और राजस्व में 10 हजार करोड़ की वृद्धि होगी। गडकरी देशभर के हाईवे पर मौजूद टोल प्लाजा की लाइव मॉनीटरिंग सिस्टम को लांच कर यह बात कही। सिस्टम के जरिए ट्रैफिक और वेटिंग टाइम की रियल टाइम जानकारी मिलेगी और यदि कहीं कोई रुकावट है, तब उसे दूर करने में मदद मिलेगी। हर टोल प्लाजा के लिए प्रतिदिन 'डेली कंजेशन इंडेक्स' भी तैयार होगा। गडकरी ने कहा, कुल 80 फीसदी टोल प्लाजा पर वेटिंग टाइम शून्य है, इलेक्ट्रॉनिक तरीके से टोल कलेक्शन 93 फीसदी हो चुका है, जोकि पिछले पखवाड़े में 80 फीसदी था।' गडकरी ने इस मौके पर उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के बाहर विस्फोटक के साथ मिली गाड़ी का जिक्र कर लाइव मॉनीटरिंग के फायदे बताए। गडकरी ने कहा कि उद्योगपति के घर के बाहर एक गाड़ी खड़ी मिली। अब यह देखा जा सकता है कि गाड़ी किस टोल प्लाजा से आई।

## पीएम मोदी की तारीफ जी-23 की मुलाकात से कांग्रेस में तूफान

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में जी 23 नेताओं के मिलने और गुलाम नबी आजाद की तरफ से की गई पीएम मोदी की तारीफ के बाद प्रदेश कांग्रेस के अंदर तूफान आ गया है। यही वजह है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गुलाम अहमद मीर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल से मिलने सोमवार को दिल्ली पहुंचे। उन्होंने राज्य प्रभारी रजनी पाटिल से भी मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक, मीर ने पार्टी आलाकमान को प्रदेश में मौजूदा हालात से अवगत कराया। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकर्ता गुलाम नबी आजाद की ओर से की गई पीएम मोदी की तारीफ पर खफा हैं बता दें कि बीते दिनों जम्मू में गांधी ग्लोबल फैमिली ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया था जिसके चेयरमैन गुलाम नबी आजाद है। इस आयोजन में जी-23 के नेताओं को न्योता मिला था लेकिन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को किनारे कर दिया गया था। आजाद ने अलग-अलग जिलों से आने वाले कांग्रेस कार्यकताओं से भी जी-23 सदस्यों के सामने मुलाकात की थी। गुलाम अहमद मीर फिलहाल दिल्ली में ही हैं और वह मौजूदा स्थिति को लेकर कई और बैठकें कर सकते हैं। बता दें कि गुलाम नबी आजाद का बयान जी-23 के भी कई नेताओं को पसंद नहीं आया। एक नेता ने पहचान जाहिर न करने की शर्त पर बताया कि आजाद को इस तरह का बयान नहीं देना चाहिए क्योंकि यह जी-23 के पार्टी को मजबूत बनाने के लक्ष्य से ध्यान भटका सकता है।



श्रीनगर में स्वास्थ्य सेवा के कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी।

## दीदी पर बरसे योगी, कहा- बंगाल में लव जिहाद पर नहीं लग रहा अंकुश, जय श्री राम बोलने पर भी रोक

**मालदा।** पश्चिम बंगाल विधान सभा में सभी राजनीतिक दलों का प्रचार जोरों पर है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बंगाल में चुनावी सभा को संबोधित किया। बंगाल के मालदा में योगी आदित्यनाथ की रैली हुई, जहां उनके निशाने पर राज्य की ममता सरकार रही। योगी ने आरोप लगाया कि बंगाल में जय श्री राम के नारे बोलने से भी रोका जाता है। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने यहां सभा में कहा कि मालदा सनातन संस्कृति की भूमि है। बंगाल में आज अराजकता की स्थिति है, जिससे पूरे देश में दुख होता है। बंगाल में बीजेपी की सरकार बनाकर एक नए परिवर्तन को आगे बढ़ाना है। बंगाल परिवर्तन की धरती रही है, इसी धरती से वंदे मातरम का उद्घोष निकला था।

यूपी सीएम बोले कि कभी भारत को नेतृत्व देने वाला बंगाल आज बदहाल है। बंगाल में सत्ता प्रायोजित अपराध और आतंकवाद देश की सुरक्षा को कड़ी चुनौती दे रहा है। बंगाल में शक्ति की पूजा होती है, लेकिन यहां पर दुर्गा पूजा पर पाबंदी लगाई जाती है। ईद पर जबरदस्ती गोहत्याएं करवाई जाती है, गोतस्करी से भावनाओं को नुकसान पहुंचाया जाता है।

## ममता का नया नारा 'खेला होबे' अब टीएमसी पर ही भारी

### भाजपा ने 'दीदी' के खिलाफ ही किया इस्तेमाल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव प्रचार में नए-नए नारों गूंज है। भाजपा और टीएमसी के बीच जैसे नारों की होड़ लगी है। यहां इन दिनों सोशल मीडिया में बुजुर्ग महिला के साथ कथित मारपीट का मामला छाया हुआ है। ममता बनर्जी का नया नारा 'खेला होबे' अब तृणमूल पर ही भारी पड़ रहा है क्योंकि भाजपा इस नारे को ममता बनर्जी के खिलाफ ही इस्तेमाल कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 'खेला होबे' नारे का इस्तेमाल पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश की आवामी लीग पार्टी ने किया था और अब तृणमूल कांग्रेस इसका इस्तेमाल कर रही है। मजेदार बात तो यह है कि सिर्फ तृणमूल ही इसका इस्तेमाल नहीं कर रही बल्कि भाजपा, कांग्रेस और वामदल भी इस नारे को जोर-शोर से लगा रही हैं। कहा जा रहा है कि बंगाल में पुराना चलन फिर से शुरू हो गया है और अब ममता के दावों को भाजपा ममता पर ही आजमा रही है। आपको ज्ञात होगा कि लोकसभा चुनाव के दरमियां कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाते हुए 'चौकीदार चोर है' का नारा दिया था लेकिन यह नारा कितना कारगर हुआ, यह आज सभी के सामने है। मगर भाजपा ने मौके को भुनाते हुए 'चौकीदार चोर है' नारे में थोड़ा परिवर्तन कर 'मैं भी चौकीदार हूं' कैंपेन चलाया और लोगों ने इस कैंपेन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इतना ही नहीं भाजपा नेताओं से लेकर पार्टी समर्थकों तक ने अपने ट्विटर अकाउंट में अपने नाम के आगे चौकीदार शब्द को शामिल कर लिया था।

तृणमूल कांग्रेस ने जब 'खेला होबे' नारा दिया तो भाजपा के लिए यह किसी धमकी से कम नहीं था लेकिन मौके को अच्छी तरह से भुनाने वाली भाजपा ने 'खेला होबे' का इस्तेमाल तृणमूल के खिलाफ ही कर दिया। हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बंगाल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए खेला होबे नारे का जिक्र किया और उन्होंने कहा कि ममता दीदी कह रही हैं बंगाल में खेला होबे। वह सही कह रही हैं। खेला होबे... निश्चित होबे... अब तो बंगाल में बोड़ो खेला होबे। ऐई खेला विकास का होबे, शांति का होबे। भाजपा जहां 'खेला होबे' नारे को लेकर तृणमूल को ही चुनौती दे रही है तो वहीं तृणमूल ने इस शीर्षक के साथ पूरा एक गीत ही तैयार कर दिया है और इस गीत की धुन में तृणमूल के एक विधायक का नाचते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

तृणमूल के खेला होबे नारे के अलावा 'जय बांग्ला' पर भी विवाद है। भाजपा का कहना है कि तृणमूल का 'जय बांग्ला' नारा बांग्लादेश से प्रेरित है। हालांकि, तृणमूल सांसद और ममता दीदी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने 'सोनार बांग्ला' के नारे पर ही सवाल खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा का अपना नारा 'सोनार बांग्ला' पड़ोसी मुल्क के राष्ट्रगान का हिस्सा है। एक और नारा है जो सबसे ज्यादा विवादों में रहा और बार-बार ममता दीदी से सवाल से पूछा गया कि आखिर उन्हें इस नारे से क्या दिक्कत है? हम बात 'जय श्री राम' के नारे की कर रहे हैं। लेकिन इस नारे की एवज में तृणमूल ने अपना नारा दे दिया... 'हरे कृष्ण हरे राम, विदा हो बीजेपी-वाम'।

## तमिलनाडु में राहुल के पहुंचने से कांग्रेस में आई तेजी, जाते ही सुस्त पड़ा चुनाव प्रचार

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में एक ओर चुनाव प्रचार जोर पकड़ चुका है, लेकिन कांग्रेस के घर में सब कुछ ठीकठाक नहीं दिखाई देता। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की गुटबाजी की वजह से चुनाव प्रचार अभियान अब तक जोर नहीं पकड़ पाया है। राज्य में सत्तारूढ़ एआईडीएमके व डीएमके का चुनाव प्रचार अभियान जोर-शोर से जारी है, जबकि अब तक कांग्रेस का अभियान सिरे नहीं चढ़ पाया है।

पिछले तीन दिन जब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तमिलनाडु के दौरे पर थे, उस दौरान जरूर थोड़ा माहौल बना था। इससे पहले भी राहुल के दौरे के आसपास कांग्रेस संगठन में तेजी देखने को मिली थी, लेकिन उसके बाद माहौल ठंडा पड़ गया था। सूत्रों के मुताबिक, प्रदेश इकाई में प्रदेशाध्यक्ष केएस अलागिरी के खिलाफ खासी नाराजगी है।

इस नाराजगी के पीछे कई वजहें हैं। जनवरी में चुनाव को देखते हुए कांग्रेस हाइकमान ने प्रदेश इकाई की लंबी चौड़ी टीम का ऐलान किया है, जिसके बारे में कहा जाता है कि अलागिरी की सलाह पर प्रभारी दिनेश गुंडूराव के साथ मिलकर सारी चीजें तय कीं। जिसमें प्रदेश के सीनियर नेताओं से कोई सलाह मशवरा नहीं किया गया। उस समय कार्ति चिदंबरम ने इस बदलाव का विरोध किया था। वहीं प्रदेश चीफ पर इस टीम में कुछ पद बेचने का आरोप भी लगा था। कहा जाता है कि जिस अलागिरी को आगे बढ़ाने में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम की अहम भूमिका रही, वह भी आजकल उनके असंतुष्ट बताए जाते हैं।

## सरकार की खामोशी इशारा कर रही है कि आंदोलन के खिलाफ कुछ तो होने वाला है: राकेश टिकैत

**नई दिल्ली।** तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन अभी भी जारी है। इस बीच, भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने आशंका जताई है कि किसान आंदोलन के खिलाफ केंद्र सरकार कुछ तो खिचड़ी पका रही है। उन्होंने कहा, सरकार की खामोशी इशारा कर रही है कि आंदोलन के खिलाफ कुछ तो होने वाला है। 15-20 दिनों से सरकार खामोश है। वह किसी न किसी तैयारी में लगी है।

किसान नेता ने आगे बताया कि हम तब तक दिल्ली से वापस नहीं जाएंगे, जब तक कानून को लेकर उनकी मांगें पूरी नहीं की जाती। अब केंद्र सरकार को फैसला करना है कि आंदोलन कब खत्म होगा। सरकार सभी मांगे मान ले तो हम भी अपने गांव चले जाएंगे। अगर ऐसा नहीं हुआ तो फिर किसान खेत भी देखेंगे और आंदोलन भी। आंदोलन खत्म करने को लेकर पूछे गए सवाल पर टिकैत ने कहा कि किसान संगठनों और केंद्र सरकार के बीच अब तक 12 दौर की बैठकें हो चुकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने भी कहा है कि बातचीत के जरिये किसानों की समस्या का समाधान होगा। लेकिन बैठक को लेकर अभी




तक केंद्र सरकार की ओर से किसी भी प्रकार का प्रस्ताव किसानों को नहीं मिला है। सरकार जब बुलाए हम बातचीत को तैयार हैं।

### 24 मार्च तक देशभर में होंगी महापंचायत

किसानों द्वारा अपनी फसलें नष्ट करने के सवाल पर टिकैत ने कहा कि हम तो बता रहे हैं कि अभी ऐसा समय नहीं आया है। लेकिन सरकार को भी किसानों से अपील करनी चाहिए कि वे फसल नष्ट न करें। इधर, महापंचायतों को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि हम 24 मार्च तक देशभर में कई महापंचायत करेंगे।

## कोविड वैक्सीन पर भारत की जीत से बौखलाए चीनी हैकर्स ने सीरम और बायोटेक के सिस्टम में की सेंधमारी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्षेत्र पूर्वी लद्दाख में भारतीय सेना के समक्ष घुटने टेकने के बाद बौखलाए चीन ने साइबर क्षेत्र में भारतीय प्रतिष्ठानों में सेंधमारी करने का काम शुरू कर दिया है। साइबर इंटेलिजेंस फर्म साइफर्मा के हवाले से पता चला है कि चीन के सरकारी हैकरों के समूह ने हालिया हफ्तों में दो भारतीय वैक्सीन निमार्ता कंपनियों के आईटी सिस्टम को टारगेट किया है। इन दोनों कंपनियों की बनाई वैक्सीन देश में 16 जनवरी से शुरू हुए टीकाकरण कार्यक्रम में इस्तेमाल की जा रही हैं। ध्यान रहे कि पड़ोसी होने के साथ भारत और चीन एक दूसरे के कई क्षेत्रों में प्रतिद्वंदी भी हैं और दोनों देशों ने वैश्विक स्तर पर कई देशों को कोरोना वायरस वैक्सीन बेची है। भारत वैश्विक स्तर पर 60 फीसदी से ज्यादा वैक्सीन की



सप्लाई करता है। रिपोर्ट के मुताबिक चीनी हैकर्स सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, भारत बॉयोटेक, पतंजलि और ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) को निशाना बना रहे हैं। भारत के अलावा, जापान, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, इटली और जर्मनी सहित बारह देश हैकर्स के रडार पर हैं।

साइफार्मा के मुख्य कार्यकारी कुमार रितेश ने कहा कि एपीटी10 एसआईआई को एक्टिव रूप से टारगेट कर रहा है, जोकि इस समय कई देशों के लिए एस्ट्राजेनेका वैक्सीन बना रही है और जल्द ही नोवावैक्स वैक्सीन का भी निर्माण शुरू कर देगा। रितेश ने हैकर्स का हवाला देते हुए कहा, सीरम इंस्टीट्यूट के मामले में, उन्होंने अपने सार्वजनिक सर्वरों को कमजोर वेब सर्वर चलाने वाले कई लोगों को पाया है, ये कमजोर वेब सर्वर हैं।

माक्रोसाफ्ट ने नवंबर में कहा था कि उसने भारत, कनाडा, फ्रांस, दक्षिण कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका में कोविड-19 वैक्सीन कंपनियों को लक्षित करने वाले रूस और उत्तर कोरिया के साइबर हमलों का पता लगाया था। उत्तर कोरियाई हैकर्स ने ब्रिटिश ड्रगमेकर एस्ट्राजेनेका के सिस्टम में सेंध लगाने की भी कोशिश की थी। इससे पहले, दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि उत्तर कोरियाई हैकर्स ने फार्मास्युटिकल दिग्गज फाइजर के कंप्यूटर सिस्टम को हैक करने की कोशिश की थी। इसके अलावा पिछले साल दिसंबर में यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी (ईएमए) पर हैकर्स द्वारा सफलतापूर्वक हमला किया गया था। कोविड-19 वैक्सीन और उसके अनुसंधान से जुड़े संवेदनशील डेटा को चुराने के बाद साइबर अपराधियों ने इस साल जनवरी में इसे लीक कर दिया।



newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# अखिल भारतीय मानव कल्याण ट्रस्ट द्वारा महिला थाना प्रभारी माया को बुर्ज खलीफा भेंट कर किया सम्मानित

» मदरलैंड संवाददाता



नई दिल्ली। महिला थाना प्रभारी एवं निरीक्षक माया को अखिल भारतीय मानव कल्याण ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने विश्व की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा भेंट कर सम्मानित किया और फूलों का गुलदस्ता सौंपकर उज्जवल भविष्य की कामना की। ट्रस्ट के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हृदेश सिंह ने बताया कि महिला थाना प्रभारी माया द्वारा महिला पुलिस टीम के साथ महिलाओं व छात्राओं की सुरक्षा के लिए पुलिस पूरी तरह से कटिबद्ध है। उनके द्वारा विद्यालयो और बिडवाल वाले क्षेत्रों में स्कूली छात्राओं व महिलाओं के बीच पहुंचकर मौजूदा हालातों को गंभीरता से लेकर सक्रियता के साथ सुरक्षा के प्रति वचनबद्ध हैं। महिला थाने में पीड़ित महिलाओं की शिकायत के आधार पर सूझबूझ और सरलता के साथ व्यवहार करती हैं और गंभीर मामलों को लेकर सक्रियता के साथ कार्यवाही भी होती है। उन्होंने बताया कि महिला थाना प्रभारी महिलाओं व छात्राओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा के बारे में समय-समय पर जागरूक भी करते हैं इसलिए वह अपने फर्ज और जिम्मेदारी के प्रति प्राथमिकता के आधार पर सेवा कर रही है। ट्रस्ट के संस्थापक हृदेश सिंह ने कहा कि फरीदाबाद पुलिस आयुक्त ओ पी सिंह के दिशा निदेर्शानुसार व पुलिस उपायुक्त मुख्यालय डॉक्टर अर्पित जैन के मार्गदर्शन में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति बल्लभगढ़ महिला थाना प्रभारी माया के नेतृत्व में गंभीरता पूर्वक सेवा दे रही है।

# एक साथ चार लिम्का रिकॉर्ड बना कर वीरेन्द्र ने रचा इतिहास

» मदरलैंड संवाददाता



नई दिल्ली। नगर के एम एल के पी जी कालेज बलरामपुर के बी एड विभाग की ओर से 20 फरवरी 2019को एक योग शिविर का आयोजन किया गया था जिसके मुख्य अतिथि प्रसिध्द शिक्षाविद डॉ पी पी सिंह ,विशिष्ट अतिथि सर्वेश सिंह व डॉक्टर अरूण कुमार सिंह थे।इन सभी लोगों की मौजूदगी में योग गुरू वीरेन्द्र विक्रम सिंह अवकाश प्राप्त अधिकार भारतीय स्टेट बैंक बलरामपुर ने हनुमान आसन,भुनमन आसन एक पाद शीर्षासन और मत्सेंद्र आसन का लगातार 10-10 मिनट तक का प्रदर्शन किया था।सारी औपचारिकताओं को पूर्ण करने के उपरांत उक्त रिकॉर्ड लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करने के लिए भेजा गया था।लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के टीम ने चारों आसनों को अपने बुक में दर्ज करने के उपरांत सर्टिफिकेट भेजा है जिससे जनपद वासियो में हर्ष की लहर दौड़ गई।इस अवसर पर श्री पाटेश्वरि शक्ति पीठ मन्दिर श्री देवीपाटन के महन्त मिथ्लेश नाथ योगी जी ने शक्ति पीठ पर सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया। डॉक्टर आर के सिंह -प्राचार्य एम एल के पी जी कालेज, डॉक्टर राघवेन्द्र सिंह विभागाध्यक्ष बी एड विभाग, डॉक्टर एस पी मिश्र,डॉक्टर राम रहीश, सीमा सिन्हा,पुर्व मंत्री हनुमंत सिंह, पूर्व सभा सद कमलेश प्रताप सिंह, पूर्व शाखा प्रबंधक आर सिंह साहब,डी पी शर्मा आदि ने खुशी जाहिर की है।

# बाइक व लेपटॉप चोर गिरोह गिरफ्तार 7बाइक 17 लेपटॉप बरामद

» अजय प्रताप सिंह



नोएडा। नोएडा पुलिस लगता है आज चोरों के गिरोहों के पीछे हाथ धोकर पडी है। नोलेज पार्क थाने द्वारा सुपर चोर तो अब सेक्टर 58 पुलिस ने बाइक और लेपटॉप चोरों के एक चार शातिर चोर गिरोह को पकडकर इनके कब्जे से सात बाइक और 17 लेपटॉप बरामद किए हैं जिनकी कीमत 11 लाख रुपये बतायी जा रही है। गिरफ्तार चोर गिरोह कंपनियों के बाहर खडी बाइकों को एक साथ चोरी करता था, फिर सेक्टर 57 में बंद पडी एक कंपनी में उन्हें छुपाकर उनकी नंबर प्लेट बदल देते थे। ये राह चलते लोगों को लेपटॉप और बाइक मजबूरी दिखाकर बेच दिया करते थे। पैसों का आपस में बटवारा कर लेते थे। दिल्ली की कालका झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले किसी बंगाली को ये कुछ लेपटॉप बेच चुके थे। पकडे चोरों में कन्हैया गोपालगंज बिहार का तथा राजकुमार, अजय व ओमपाल दिल्ली के तुगलकाबाद गांव के बाल्मीकि मोहल्ले में रह रहे हैं।



## संक्षिप्त समाचार

# जयदीप भटनागर ने पीआईबी के प्रधान महानिदेशक का कार्यभार संभाला

नई दिल्ली। जयदीप भटनागर ने पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के प्रधान महानिदेशक का कार्यभार ग्रहण किया है। भटनागर भारतीय सूचना सेवा के 1986 बैच के अधिकारी हैं। इससे पहले वह दूरदर्शन समाचार में कमर्शियल, सेल्स तथा मार्केटिंग डिविजन के प्रमुख रहे हैं। भटनागर प्रसार भारती के विशेष संवाददाता के रूप में पश्चिम एशिया (20 देश कवर किए जाने वाले) में अपनी सेवा दे चुके हैं। वह बाद में आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग के प्रमुख रहे। पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक के दायित्व से पहले भटनागर पीआईबी में विभिन्न पदों पर 6 वर्षों तक रहे हैं। भटनागर ने कुलदीप सिंह धतवालिया के 28 फरवरी 2021 को सेवानिवृत्त होने के बाद कार्यभार संभाला है।

# स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन और उनकी पत्नी ने लगवाई कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन तथा उनकी पत्नी ने मंगलवार को ह्यदिल्ली हार्ट एंड लंग इंस्टीट्यूटह्ण में कोविड-19 टीके की पहली खुराक लगवाई। कोविड-19 टीकाकरण अभियान का दूसरा चरण सोमवार, एक मार्च से शुरू हुआ है। इसके तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों और अन्य बीमारी से पीड़ित 45 से 59 वर्ष आयु वर्ग के लोगों को टीके की पहली खुराक दी जाएगी। हर्षवर्धन की पत्नी नूतन गोयल ने पहले टीका लगवाया। उनके बाद हर्षवर्धन ने टीका लगवाया। मंत्री ने सोमवार को 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों तथा अन्य बीमारियों से पीड़ित 45 और उससे अधिक आयु के लोगों से अपील की थी कि वे टीका लगवाएं। उन्होंने कहा था कि कोरोना वायरस रोधी टीकाकरण के कारण देश में अब तक किसी की भी मौत नहीं हुई है और अपील की है कि लोग टीके को लेकर किसी तरह का संदेह नहीं करें। हर्षवर्धन ने कहा था कि यदि टीका लेने के कुछ दिनों बाद किसी की मौत होती है, तो इसे टीकाकरण से नहीं जोड़ा जा सकता है, क्योंकि ऐसे प्रत्येक मामले की वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा रही है।

# मार्च महीने में पड़ने वाली है अप्रैल-मई जैसी गर्मी

नई दिल्ली। आमतौर पर हर साल गुलाबी ठंड में मनाया जाने वाला रंगों का पर्व होली, इस बार खासी गर्मी में मनाया जाएगा। वैसे तो होली पर लोग एक-दूसरे को रंगों से भिगोते हैं, लेकिन इस बार तापमान इतना ज्यादा होगा कि लोग रंगों से ज्यादा पसीने से भीगते नजर आएंगे। फरवरी में ही अधिकतम तापमान 33 व न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है। ऐसे में मार्च के आखिर तक अधिकतम तापमान 37 से 38 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान 17 से 18 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। पिछले वर्ष 29 मार्च के तापमान पर गौर करें तो भी यह अधिकतम 37 और न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस रहा था। इस बार फरवरी में औसत से ज्यादा तापमान इस बात का संकेत करता है कि मार्च में भी तापमान औसत से ज्यादा रह सकता है। हालांकि, बीच-बीच में पश्चिमी विक्षोभ आते रहेंगे, लेकिन गुलाबी ठंड में मस्ती से होली मनाने की संभावना इस बार नहीं दिख रही है।

# दिल्ली में 175 नए मरीजों में कोरोना वायरस की पुष्टि, एक व्यक्ति की मौत

नयी दिल्ली। राजधानी दिल्ली में पिछले 24 घंटे के दौरान 175 नए लोगों में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई और एक मरीज की मौत हो गई। इसके बाद राजधानी में कुल मामले बढ़ कर 6,39,464 हो गए हैं, जबकि मृतक संख्या बढ़ कर 10,911 पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। बुलेटिन में बताया गया कि नमूनों में संक्रमण की पुष्टि होने की दर बढ़कर 0.44 फीसदी हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में कुल मामले बढ़ कर 6,39,464 हो गए हैं, जबकि मृतक संख्या बढ़ कर 10,911 पहुंच गई है। वहीं, घर में पृथक-वास में रह रहे लोगों की संख्या रविवार को 691 थी, जो सोमवार को बढ़कर 739 पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि 6.27 लाख से अधिक लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। वहीं, राष्ट्रीय राजधानी में दूसरे चरण के टीकाकरण अभियान के तहत, सोमवार से वरिष्ठ नागरिकों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को टीका लगाने की शुरुआत हुई।

# श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन महारास लीला, कंस वध

» मदरलैंड संवाददाता



बलरामपुर । वीर विनय चौक स्थित हनुमान गढ़ी पर चल रहे श्रीमद्भभागवत के छठवें दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास भीष्म पितामह महाराज ने कहा ने कहा कि एकादशी व्रत का अपने आप में बहुत महत्व है। माह में दो एकादशी पड़ता है। सभी को एकादशी का व्रत रहना चाहिए। उपवास का अर्थ भगवान के नजदीक रहना होता है जबकि उपास का अर्थ बिना भोजन के रहना होता है।

जिसमें शरीर को कष्ट पहुँचता है। उपवास तब होता है जब हम शरीर की प्रत्येक इंद्रियों के माध्यम से भगवान की भक्ति करते हैं। प्रभु के नाम, रूप, लीला, धाम में से किसी की भी प्राप्ति से भगवान के भक्ति की प्राप्त होती है। कथा व्यास ने कहा जब तक भक्ति श्रेष्ठ न हो जाये मनुष्य को कर्मकांड नही छोड़ना चाहिये, जब तक शक्ति सामर्थ्य रहे कर्मकांड करते रहना चाहिए । नियम ही कर्मकांड है कर्मणो गहनो गति... लेकिन कर्म गहन है जिसे समझना आसान नहीं है। मनुष्य सुख की लोलुप्ता में भगवान को भूल जाता हैं। नंद बाबा जब नदी में रात्रि को स्नान करने के लिए जाते हैं तो पैर फिसलने से नदी में डूब जाते हैं भगवान वरूण के नंद बाबा को जल लोक लेकर चले जाते हैं श्रीकृष्ण को ज्ञात होने पर वो यमुना नदी में प्रवेश करके नंद बाबा को लेकर आते हैं जिसपर नंद बाबा, गोपी ग्वाल मानते हैं श्रीकृष्ण कोई साधारण व्यक्ति नहीं है।

सबके अनुरोध पर श्रीकृष्ण सभी को जल लोक का दर्शन करवाते हैं। भगवान सुकदेव कहते हैं राजन शास्त्र में श्रीकृष्ण के रानियों की गणना है परंतु गोपियों के संख्या की नहीं, गोपियाँ श्रीकृष्ण से अत्यन्त प्रेम करती है वो सब श्रीकृष्ण से पूछती है कि आप किससे अधिक प्रेम करते हैं जिस पर श्रीकृष्ण कहते हैं कोई मुझसे प्रेम करे या न करें मैं सबसे करता हूँ।

# लिव-इन रिलेशनशिप में सहमति से बने यौन संबंध को बलात्कार नहीं कह सकते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप में सहमति से शारीरिक संबंध बनाने को बलात्कार की श्रेणी में रखने से इनकार किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर लंबे वक्त तक चले रिश्ते में सहमति से सेक्स होता है, पुरुष-महिला से शादी करने का अपना वादा नहीं निभाता हैं,तब इस रेप नहीं कहा जा सकता। मामला कॉल सेंटर के दो कर्मचारियों से जुड़ा था, जो पांच साल तक लिव-इन रिलेशनशिप में थे। लड़के ने बाद में किसी और महिला से शादी कर ली। इसके बाद लड़की ने उसपर शादी का झूठा वादा करके यौन संबध बनाने का आरोप लगाकर बलात्कार का केस कर दिया। शादी का झूठा वादा करना गलत है। यहां तक कि महिला को भी शादी का वादा नहीं करना चाहिए और फिर अलग हो जाना चाहिए। लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि लंबे वक्त तक चले लिव-इन रिलेशनशिप में बने यौन संबंधों को बलात्कार की श्रेणी में रखा जाए। पुरुष की तरफ से पेश हुई सीनियर एडवोकेट विभा दत्ता मखीजिया ने कहा कि अगर लवि-इन रिश्ते में सहमति से बने संबंधों को रेप कहकर पुरुष की गिरफ्तारी होती हैं, तब इससे खतरनाक मिसाल पेश होगी। शिकायतकर्ता के वकील आदित्य वशिष्ठ का कहना था कि आरोपी पुरुष ने दुनियाभर को दिखाया कि वे पति-पत्नी की तरह रहते थे और दोनों ने एक मंदिर में शादी की थी।

जब मखीजिया ने कहा कि शिकायतकर्ता महिला ने ह्यआदतनह्ण ऐसा किया है और आरोप लगाया कि वह पहले भी दो अन्य पुरुषों के साथ ऐसा कर चुकी है,तब बेंच ने कहा कि कानून के तहत बलात्कार पीड़ता के लिए ह्यआदतनह्ण शब्द के प्रयोग की इजाजत नहीं है। मखीजिया ने कहा कि वह मामले की संवदेनशीलता समझती हैं, उन्होंने शिकायतकर्ता के आरोपों को झूठा करार दिया।

# दिल्ली में कोरोना महामारी के खिलाफ हर हाथ मददगार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कोरोना ने पांव पसारे तो उससे जंग में दिल्ली और केंद्र सरकार ही आगे नहीं आई बल्कि असंख्य हाथ मदद को आगे बढ़े। सभी स्वयंसेवी संस्थाएं, धार्मिक संगठन, आरडब्ल्यूए संकट के इस दौर में एक- दूसरे की मदद को आगे आ गए। राजनीतिक दलों ने भी सियासत छोड़ भूखों को खाना खिलाया और जरूरतमंदों को राशन बांटा। इस महामारी में पुलिस का भी मानवीय चेहरा देखने को मिला। पिछले वर्ष मार्च में ही जब लाकडाउन लगा तो मध्यम एवं निम्न मध्यम वर्गीय दिल्लीवासी समझ ही नहीं पाए कि अब क्या करें। सरकारी कर्मचारियों को तो फिर भी तनख्वाह मिलती रही, लेकिन स्वरोजगार करने वालों और खासकर श्रमिकों के समक्ष दो वक्त की रोटी का भी संकट पैदा हो गया। इस दौरान दिल्ली सरकार ने लगभग हर कालोनी में कुछ स्थान तय कर सुबह-शाम लाखों लोगों को खाना बांटना शुरू कर दिया।

# भारतीय सुरक्षा बलों से खौफ में पाकिस्तानी आंतकी, सरहद पार लांच पैड्स छोड़कर भागे

**नई दिल्ली।** भारतीय सुरक्षा बलों की ओर से घुसपैठियों और आतंकवादियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने का लाइन ऑफ कंट्रोल के पार भी असर दिखने लगा है। आतंकवादियों में भारतीय सुरक्षा बलों का इतना खौफ है कि वे भारत में घुसपैठ के लिए लांच पैड्स पर आने से कतराने लगे हैं।इसके बाद पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए आतंकवादियों को घुसपैठ के लिए भेजना मुश्किल हो रहा है।

सुरक्षाबलों की रिपोर्ट से इसका खुलासा हुआ है कि सरहद के पार लांच पैड्स पर नए साल में आतंकियों की संख्या में भारी गिरावट देखी गई है। सूत्रों के मुताबिक लांच पैड्स पर सिर्फ 108 आतंकी जनवरी के महीने में दिखाई दिए है। जम्मू बॉर्डर के सामने उस तरफ 103 और कश्मीर घाटी के सक्रिय लांच पैड पर सिर्फ 5 आतंकी मौजूद हैं।

भारतीय खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय सेना और बार्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) ने जिस बड़े पैमाने पर आतंकियों के खिलाफ पिछले महीनों में ऑपरेशन छेड़ा, उससे पाकिस्तान की सेना और आईएसआई की नींद उड़ी हुई है। इसकी सबसे बड़ी वजह है कि आतंकियों में भारतीय सुरक्षा बलों की कार्रवाई का इतना खौफ है कि वहां लॉन्च पैड्स का नाम सुनने से भी दूर भाग रहे हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक कश्मीर घाटी में तंगधार सेक्टर के सामने लश्कर और जैश के सिर्फ 5 आतंकवादी ही मौजूद हैं। इन्हें ह्लुम्बिरान लांच पैड पर इकट्ठा किया गया है, लेकिन ये वहां से भी भागने की फिराक में हैं।

कश्मीर घाटी की तुलना में जम्मू सेक्टर में सरहद पार आतंकवादियों का अधिक जमावड़ा है। जम्मू सेक्टर में पुंछ, कृष्णा घाटी, बिम्बर गली, नौशेरा, सुंदरबनी हीरानगर, अखनूर और अरनिया सेक्टर के सामने स्थित लांच पैड्स पर ये आतंकी इकट्ठा है। रक्षा जानकार मानते हैं कि कश्मीर घाटी में सुरक्षाबलों ने जिस तरीके से आतंकियों की कमर तोड़ी है, उसके बाद सरहद पार से आतंकी जम्मू के रास्ते से घुसपैठ की फिराक में हैं।

# गृहराज्य मंत्री रेड्डी ने लगवाया कोरोना का टीका, अब तक 1.48 करोड़ लोगों का वैक्सीनेशन

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना टीकाकरण के दूसरे चरण की शुरूआत हो गई है। इस चरण में 60 साल से ज्यादा उम्र और गंभीर बिमारियों से ग्रसित 45 साल से ज्यादा लोगों को टीका लगाया गया है। इस बीच आज हैदराबाद के गांधी अस्पाताल में गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी को टीका लगाया गया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एम्स में टीका लगवाया था। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार सहित कई प्रमुख नेताओं को सोमवार को कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक दी गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अब तक 1.48 करोड़ लोगों का टीकाकरण हो चुका है।

आम लोगों के लिए टीकाकरण की शुरूआत के पहले दिन सवा लाख से ज्यादा लोगों को टीका लगा।

# किसान नेताओं के खिलाफ फूट रहा लोगों का गुस्सा टिकैत पर साधा निशाना



**नई दिल्ली।** दिल्ली की दो सीमाओं पर चल रहे किसानों के आंदोलन के खिलाफ अब लोगों का गुस्सा फुटने लगा है। इन धरना स्थलों के आसपास रह रहे लोग इसके लिए किसान नेताओं को जिम्मेदार मान रहे हैं और उनके खिलाफ प्रदर्शन करने लगे है। इससे पहले भी किसानों के प्रदर्शन के खिलाफ आवाजें उठने लगी थीं। टीकरी बॉर्डर, सिंघु बॉर्डर और यूपी गेट पर किसानों का धरना बीते तीन माह से अधिक समय से चल रहा है। जानकारी के अनुसार टीकरी बॉर्डर और सिंघु बॉर्डर पर आसपास के रहने वालों को सबसे अधिक नुकसान हो रहा है। हाइ वे होने के कारण इस बॉर्डर पर काफी संख्या में पेट्रोल पंप बने हुए थे। इसके अलावा 400 से अधिक छोटी बड़ी दुकानें थीं वो सब बंद पड़ी हुई हैं। धरने की वजह से पेट्रोल पंप संचालक परेशान है, गाड़ियों की आवाजाही नहीं हो रही है उनका कारोबार बुरी तरह से प्रभावित है। इसके अलावा जो छोटे बड़े ढाबे, होटल आदि चल रहे थे उन पर ताला लगने की नौबत आ गई है। इससे पहले ये सभी कोरोना की वजह से परेशान थे, उसके बाद किसानों ने उनको काराबोर को पुरी तरह से चौपट कर दिया है।&ल्लु२स्र;उधर आंदोलन के कारण हो रहे नुकसान को देखते हुए सोमवार को किसान सड़क पर उतर आए। दिल्ली के गांव झाड़ौदा कलां के किसानों ने बार्डर खुलवाने की मांग करते हुए सुबह 10 बजे नजफगढ़-बहादुरगढ़ रोड स्थित मुंगेशपुर ड्रेन पुल पर चार घंटे जाम लगाया और नारेबाजी की। इस दौरान उनके निशाने पर भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत रहे। उनका कहना था कि राकेश टिकैत की वजह से ही हम नुकसान सहने को मजबूर हैं। प्रदर्शन में शामिल मौजीराम ने बताया कि इस मसले पर झाड़ौदा कलां गांव को दिल्ली के सभी गांवों का समर्थन प्राप्त है। जाम के कारण हरियाणा-दिल्ली के बीच आवाजाही बाधित होने से लंबा जाम लग गया। वाहन चालक खेतों के रास्ते दिल्ली की ओर आ-जा रहे थे। इस बीच दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे किसानों को आश्वस्त किया कि तीन दिन बाद बार्डर खोल दिया जाएगा। इसके बाद दोपहर दो बजे किसानों ने जाम हटाया, लेकिन चेतावनी दी कि यदि तीन दिन बाद बार्डर नहीं खोला गया तो वे खुद बार्डर खोल देंगे।&ल्लु२स्र;प्रदर्शन में शामिल ओमप्रकाश डागर, संजय डागर, सुरेंद्र डागर, प्रताप सिंह डागर, बल्लू पंडित, प्रकाश डागर, राकेश डागर, देवेंद्र डागर, काला साहब आदि ने बताया कि झाड़ौदा कलां में करीब 16 हजार एकड़ जमीन है और यहां ज्यादातर सब्जियां ही उगाई जाती हैं, जिनमें गोभी फसल मुख्य है।

# दिल्ली हाई कोर्ट ने सुनाया रोचक फैसला




**नई दिल्ली।** किराड़ी स्थित प्रेम नगर में नए सरकारी स्कूल के निर्माण के लिए जमीन नहीं आवंटित करने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने दिलचस्प निर्देश दिया है। स्कूल के लिए भूमि आवंटित करने की जानकारी पर न्यायमूर्ति नज्मी वजीरी की पीठ ने दिल्ली विकास प्राधिकरण डीडीए को कहा है कि निर्माण कार्य शुरू होने पर अधिवक्ता अशोक अग्रवाल को नींव का पत्थर रखने के लिए आमंत्रित करें। सुनवाई के दौरान डीडीए ने पीठ को बताया कि स्कूल के निर्माण के लिए 26 फरवरी को भूमि आवंटित कर दी गई है। पीठ ने इस पर दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि तीन महीने के अंदर स्कूल का निर्माण कार्य शुरू करें। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा है कि वह अधिवक्ता अशोक अग्रवाल से नींव का पत्थर रखवाएं। पिछली तारीख पर दिल्ली हाई कोर्ट ने भूमि आवंटित नहीं करने पर अदालत ने डीडीए उपाध्यक्ष की खिंचाई करते हुए पूछा था कि आखिर अदालत के आदेश के बावजूद भी स्कूल के लिए अभी तक जमीन क्यों नहीं आवंटित की गई। पीठ ने कहा था कि आखिर स्कूल के लिए जमीन आवंटित करने में समस्या क्या है। पीठ ने डीडीए को स्कूल के लिए जमीन आवंटित करने का आदेश दिया। साथ ही पीठ ने अदालत के आदेश के अनुपालन की रिपोर्ट दो मार्च को होने वाली अगली सुनवाई पर पेश करने का निर्देश दिया। सरकारी स्कूल के निर्माण के लिए डीडीए को शिक्षा निदेशालय को जमीन आवंटित करना था, लेकिन अदालत के आदेश के बावजूद भी जमीन आवंटिन नहीं की गई। भूमि आवंटित नहीं होने पर गैर सरकारी संगठन हमारा प्रयास समाजिक संस्थान ने डीडीए व शिक्षा निदेशालय के खिलाफ अवमानना याचिका दाखिल की थी। एनजीओ की तरफ से अधिवक्ता अशोक अग्रवाल ने दलील दी कि अदालत के आदेश के 15 महीने बाद भी अब तक डीडीए व शिक्षा निदेशालय ने स्कूल के निर्माण के लिए कोई कदम नहीं उठाया। याचिकाकर्ता ने डीडीए उपाध्यक्ष व शिक्षा निदेशक उदित प्रकाश पर जानबूझकर अदलात के आदेश का अनुपालन नहीं करने का आरोप लगाया है। अधिवक्ता अशोक अग्रवाल ने पीठ को बताया कि प्रेम नगर में कोई भी सरकारी स्कूल नहीं है। ऐसे में हजारों बच्चों को रेलवे लाइन पार करके दूरदराज इलाके के स्कूलों में जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि आसपास कोई स्कूल नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में बच्चे स्कूल से वंचित हैं। इसे देखते हुए हाई कोर्ट ने सितंबर 2019 में डीडीए और शिक्षा निदेशालय को नया सरकारी स्कूल खोलने का आदेश दिया था।

# प्रो.के.विजय राघवन ने ज्ञान सृजन के अवसरों में बढ़ोतरी की आवश्यकता पर प्रकाश डाला

नई दिल्ली। भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर के. विजय राघवन ने वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जिओलॉजी (डब्ल्यूआईएचजी) द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि ज्ञान के सृजन के अवसरों में बढ़ोतरी और ज्ञान व समाज के बीच की दूरी में कमी के साथ ही व्यापक डाटा के विश्लेषण में आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग में बढ़ोतरी से भारत विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी में वैश्विक लीडर बन सकता है।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस को ऑनलाइन संबोधित करते हुए प्रोफेसर विजय राघवन ने कहा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में मानवीय दखल का खासा गहरा प्रभाव होता है और वर्तमान दौर में पारम्परिक के साथ ही ज्ञान आधारित आत्मनिर्भर संगठनात्मक समाज के निर्माण की जरूरत है।

उन्होंने तकनीक कुशल विश्व में भूविज्ञान की भूमिका पर जोर देते कहा कि हिमालय के उत्थान से वैश्विक स्तर पर मानव सभ्यता को आकार मिला और इस परिदृश्य में वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जिओलॉजी की भूमिका बढ़ रही है।

वाडिया इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रो. कलाचंद साईं ने दर्शकों को वक्ता की विशेषज्ञता और ख्याति से रूबरू कराया, जो उन्होंने राष्ट्र को दिलाई है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वैज्ञानिक, विद्यार्थी प्रत्यक्ष और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपस्थित हुए।

# साम्प्रदायिक वोटों की जागीदारी बनाम समावेशी विकास की भागीदारी की जंग: नकवी

» अफाक खान



रामपुर। केन्द्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि साम्प्रदायिक वोटों की जागीदारी बनाम समावेशी विकास की भागीदारी के बीच जनादेश की जंग हैं। केन्द्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि देश का राजनैतिक मूड मिजाज बदल चुका हैं। पश्चिम बंगाल सहित चार राज्यों एवं पांडुचेरी में होने वाले विस चुनावों के बारे में बोलते हुए कहा कि विकास पर विश्वास एक बड़ी और कड़ी कसौटी हैं।

पीएम नरेन्द्र मोदी और सुशासन का प्रामाणिक ब्रांड बन गये हैं। मोदी ने बिना किसी भेदभाव के समावेशी विकास और सर्वस्पर्शी सशक्तिकरण के संकल्प के जरिये हर जरूरतमंद तक विकास की रौशनी पहुंचाने का सफल प्रयास किया हैं। लफ्फाजी और बयान बहादुरी के सहारे सियासत की सीढियां चढने-बढने के दिन लद गये हैं। कुछ राजनैतिक दल विरासत पर सियासत को अपना जन्मसिद्व अधिकार समझते हैं ऐसे लोग कर्म की कसौटी पर फेल हो रहें हैं।

नकवी ने कहा कि पीएम ने वीआईपी कल्चर की धमक-धाक को ध्वस्त कर राजनीति एवं राजनेताओं को धरती की सियासत का अपने काम करने के तरीको से सशक्त संदेश दिया हैं यह सबक हमारी सियासी व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए बडे बदलाव का अहसास हैं। आज हम आजादी के 75वें साल में प्रवेश कर रहें हैं हमें देश की राजनीति के चरित्र को आजादी के महानायकों के सपनों के अनुसार बनाने का बडा मौका हैं। केन्द्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने रामपुर के डालमिया अस्पताल में कोरोना वैक्सीन की पहली डोज लगवाई।

इस मौके पर उन्होने कहा कि मेड इन इंडिया कोरोना वैक्सीन बिल्कुल सुरक्षित हैं। उन सभी से अपील की जो वैक्सीन लेने के लिए योग्य हैं कोरोना की वैक्सीन लगवायें और भारत को कोरोना मुक्त बनाये। कोरोना की चुनौती के एक साल से भी कम समय में भारत में दो मेड इन इंडिया वैक्सीन का आना देश के वैज्ञानिकों के प्रयासों का परिणाम और पीएम मोदी के देशवासियों की सलामती के संकल्प का पुख्ता प्रमाण हैं।

# नातिया मुशायरा जश्ने ए मौला अली का आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता



रामपुर। शहर के नानकार स्थित दरबार ए एजाजी कदीरी में नातिया मुशायरा जश्ने ए मौला अली का आयोजन किया गया। इस मौके पर अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर दुनिया व समाज की मदद करने वालों की दस्तारबंदी की गई। रामपुर के नानकार स्थित दरबार ए एजाजी कदीरी में मौला अली की याद में नातिया मुशायरे का आयोजन किया गया। मशहूर शायर जुल्फेकार आदिल ने मौला अली की शान में अपने कलाम से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया वहीं शायर मजहर मियां मजहर ने भी मौला अली की शान में अपने कलाम पेश किये। मशहूर शायर गुफरान फरीदी ने नातिया मुशायरे का संचालन किया। इस मौके पर अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत अली खां ने मौला अली के बारे में अपने ख्यालात पेश किये। अलग-अलग क्षेत्रो में काम करने वाले शायर जुल्फेकार आदिल, शायर मजहर मियां मजहर, शायर गुफरान फरीदी, समाज सेवी रेहान खां जमाली, पत्रकार सौलत अली खां, पत्रकार शुऐब सिद्दीकी, पत्रकार गुलजार आलम, समाज सेवी शावेज खां, खुर्रम खां आदि बुद्विजीवियों की दस्तारबंदी कर सम्मानित किया गया। दरबार ए एजाजी कदीरी के सज्जादा नशीन व मुतावल्ली हजरत सूफी मो. अबरार मियां ने उर्स ए एजाजी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हजरत का उर्स मुबारक 21 मार्च से शुरू होकर 23 मार्च तक चलेगा जो कोविड-19 के अनुसार अमल में लाया जायेगा। इस मौके पर अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत अली खां द्वारा उर्स ए एजाजी का पोस्टर भी रिलीज किया। इस मौके पर मो. अफजाल मियां, मो. मेहराज मियां, मो. फराज मियां, मो. सरफराज मियां, मो. फाइक, नूर मोहम्मद, ताहिर खां, रेहान खां, खुर्रम खां, शावेज खां, गुलजार आलम, सौलत अली खां अलीग, शुऐब सिद्दीकी आदि मौजूद थे।

# प्रसिद्व चित्रकार एवं फिल्म कलाकार आनन्द कोली बने कोली कोरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष

» मदरलैंड संवाददाता



रामपुर। अखिल भारतीय युवा कोली कोरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष कोरी सिद्वार्थ गौतम ने रामपुर निवासी प्रसिद्व चित्रकार एवं फिल्म कलाकार आनन्द कोली को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया हैं।

अखिल भारतीय युवा कोली कोरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष कोरी सिद्वार्थ गौतम ने संस्था का विस्तार करते हुए रामपुर के मिलक निवासी प्रसिद्व चित्रकार एवं फिल्म कलाकार आन्नद कोली को रामपुर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया हैं।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर आन्नद कोली ने कहा कि संस्था द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई हैं उसे वह पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। समाज के लोगों की समस्याओं को दूर करना ही उनका पहला मकसद हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### क्वाटर फाइनल में डगरु पूरा ने क्योरी को हराया



मदरलैंड संवाददाता, आगरा। पिनाहट ब्लॉक के गांव बीच का पुरा में चल रहे नागेश्वर क्रिकेट टूनार्मेंट में मंगलवार को डगरुपूरा और क्योरी के मध्य क्वाटर फाइनल मैच खेला गया ।जिसमें डगरुपूरा ने क्योरी को हराया। मंगलवार को क्वाटर फाइनल मैच में क्योरी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। जिसमें क्योरी ने 12 ओवर मे 107 रन बनाऐ। क्योरी की तरफ से आशीष ने सर्वाधिक 38 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डगरुपूरा की तीन ने 8 विकेट खोकर लक्ष्य का पीछा कर लिया। जिसमें सोमदत्त बरुआ ने 39 रन बनाये। मैच में मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रमोद परिहार ने सोमदत्त बरुआ को मेंन ऑफ द पुरस्कार दिया। इस दौरान आयोजक लालू भदौरिया ने मुख्य अथिति का स्वागत किया। कमेंट्री रामू परिहार, स्कोरिंग महेश परिहार ने की।

### लाइनमैन की करंट लगने से मौत, ग्रामीणों ने किया चौकी का घेराव



मदरलैंड संवाददाता, आगरा। जगनेर थाना क्षेत्र के सरेन्धी गांव में निमैना रोड़ पर मंगलवार के दिन विद्युत लाइन ठीक कर रहे लाइनमैन की करंट लगने से मौत हो गई। लाइनमैन मोहन उर्फ मोनू पुत्र ओमकांत 28 वर्षीय लाइन ठीक करने के लिए सरैंधी चौराहे फीडर से शटडाउन लिया था। शटडाउन के बावजूद करंट छोड़ दिया गया। जिससे लाइनमैन मोनू की लाइन ठीक करते समय करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई ।लाइनमैन की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने सरैंधी चौराहे पर हंगामा शुरू कर दिया ।ग्रामीणों ने पुलिस चौकी का घेराव किया। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लेकिन पुलिस की बातों का ग्रामीणों पर कोई असर नहीं हुआ और मोनू के परिजन व ग्रामीण इस घटना को हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए दूसरे कर्मचारी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग करते रहे ।परिजनों का आरोप है कि कुछ दिन पहले ही मोनू का विवाद दूसरे कर्मचारी ज्ञानेंद्र से हुआ था, जिसके कारण उसकी हत्या की गई है। वहीं आपको बता दें कि जगनेर क्षेत्र में यह चौथी घटना है।

### तीन वर्ष से अधिक के बकायेदारों के लिए एक मुश्त समझौता योजना

मदरलैंड संवाददाता, सहारनपुर। जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के ऐसे सदस्यों जिन्होंने प्रारम्भिक कृषि ऋण सहकारी समितियों से विविधीकरण ऋणों अल्पकालीन फसली ऋणों के 03 वर्ष से अधिक बकायादार है, को लाभ देने के लिए 30 जून तक एकमुश्त समझौता योजना लागू की है। जिला सहकारी बैंक के सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश दुआ ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्हांने कहा कि ऐसे बकायेदार सदस्यों जिन्होंने 20 लाख रूपए तक व्यक्तिगत ऋणों तथा संस्थागत ऋणों के मामलो 10 करोड रुपए तक के 03 वर्ष से अधिक के बकाया ऋण देय है। उन्होंने कहा कि एकमुश्त समझौता योजना का लाभ ऐसे ऋणो में जिनमें ऋण वितरण के समय निर्धारित मूलधन के बराबर मुलधन एवं उतना ही ब्याज वसूल किया जा चुका है। किन्तु किन्ही कारणो से अभी मूलधन अवशेष दिखाया जा रहा है, को वास्तविक मूलधन में से बचे अवशेष मूलधन को जमा करने पर इस योजना के अंर्तगत ओ टी एस योजना का लाभ देकर ऋण समाप्त किया जायेगा।

# नगर पालिका में सुधार के लिये चेयरमैन फातमा जबीं ने कमर कसी

» मदरलैंड संवाददाता



रामपुर। रामपुर की नगर पालिका का निजाम पूरी तरह बिगड़ चुका हैं जिसको सुधारने में पूरी मुस्तैदी के साथ अब पालिका चेयरमैन फातमा जबीं ने कमर कस ली हैं। पिछले साल कोरोना वायरस की चपेट में आने के बाद रामपुर में देशभर के साथ लॉकडाउन लगाया गया था जिसमें पालिका चेयरमैन फातमा जबीं का बहुत अहम योगदान रहा। उन्होने स्वयं पूरे शहर में घूम-घूम कर सफाई व्यवस्था सहित सेनेटाइजेशन का जायजा लिया जिसकी रामपुर की जनता सहित अधिकारियों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की थी लेकिन आज कल रामपुर नगर पालिका परिषद का निजाम काफी बिगड़ा हुआ चल रहा हैं। पालिका कर्मचारियों के रवैये के कारण सभासदों व चेयरमैन के बीच भी काफी मनमुटाव हो गया था जिसे भांपते हुए पालिका चेयरमैन फातमा जबीं ने पालिका कर्मचारियों की बागडोर पूरी तरह अपने हाथों में ले ली हैं। पालिका चेयरमैन लगातार नगर पालिका में बैठकर जनता की समस्याओं का निस्तारण कर रहीं हैं तो वहीं पालिका कर्मचारियों की नकेल भी कसती जा रहीं हैं। जिस कारण सभासदों का गुस्सा भी कम होता दिखाई दे रहा हैं वहीं शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर पालिका पहले की तरह अब भी संजीदगी से ही काम कर रहीं हैं। शहर में पालिका द्वारा कराये जा रहे निर्माण व मरम्मत के कार्यो की जमीनी हकीकत जानने के लिए चेयरमैन फातमा जबीं स्वंय मौके पर पहुंच कर काम की गुणवत्ता देखती हैं यदि उन्हे काम में कोई कोताही नजर आती हैं तो उसे दुरूस्त करने के आदेश संबंधित अधिकारियों को देकर लगातार काम पर नजर रखने को कहती हैं। वैसे तो पालिका चेयरमैन फातमा जबीं अपने स्तर पर पालिका का निजाम नरमी के साथ सुधारना चाहती थी लेकिन अब उनके तेवर सख्त होते दिखाई दे रहें है जो पालिका कर्मचारियों के लिए मुश्किल का सबब बन सकते हैं। पालिका चेयरमैन फातमा जबीं ने कहा कि वैसे तो पालिका का निजाम ठीक हैं लेकिन इसे और बेहतर बनाने के लिए वह लगातार पालिका कर्मचारियों की मानीटरिंग कर रहीं हैं। वार्डो की सफाई व्यवस्था में गडबडी पाई गई तो अब सीधे संबंधित सफाई नायक व कर्मचारी पर ठोस कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा शहर की पथ प्रकाश व्यवस्था का हाल पहले से काफी बेहतर हैं इसे और ठीक करने का काम किया जा रहा हैं। शहर की अवाम को शुद्व पानी मिले इसके लिए पंपों की खराब पड़ी मोटरों को ठीक करा दिया गया हैं।

# जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी ने किया विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

» सरताज अहमद





मुजफ्फरनगर। कोरोना के साथ-साथ अन्य संक्रामक रोगों को नियंत्रित रखना स्वास्थ्य विभाग के लिए बड़ी चुनौती हैं। इसी क्रम में सोमवार को जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी ने संचारी रोग अभियान का शुभारंभ किया।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनपद में हर जगह पर आसानी से सभी को चिकित्सा सेवा उपलब्ध होगी। सीएमओ डॉ एसके अग्रवाल ने कहा कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत दिमागी बुखार और संचारी रोग की रोकथाम की जाएगी। 10 से 24 दस्तक अभियान चलेगा। 31 मार्च तक चलने वाले अभियान में घर-घर जाकर आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, जलभराव रोकने, मच्छरों से बचाव आदि के प्रति लोगों को जागरूक करेंगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एसके अग्रवाल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीके सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी अलका सिंह, उप जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ गीतांजलि वर्मा, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ शमशेर आलम, जिला सलाहकार वेक्टर बोर्न डिजीज एहतेशाम, डीएमसी यूनिसेफ तरन्नुम, डीपीएम विपिन कुमार, डीसीपीएम अनुज सक्सेना, आदि उपस्थित रहे।

# बेरोजगार टेलरिंग शॉप योजना से जुड़े - जिला विकास अधिकारी

» मदरलैंड संवाददाता

सहारनपुर। मुख्य विकास अधिकारी मंशाराम यादव ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को मिले। इसके लिए योजनाओं में पारदर्शिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित टेलरिंग शॉप योजना के माध्यम से स्वरोजगार से जुड़ सकते हैं और आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकते हैं। मंशाराम यादव आज विकास भवन सभागार में आयोजित समारोह में यह बात कही।

उन्होंने इस अवसर पर उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड के द्वारा नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र के अनुसूचित जाति के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले 14 बेरोजगार युवक और युवतियों को टेलरिंग शॉप योजना के अंतर्गत सिंगर सिलाई मशीन मोटर चलित पैंडल सहित टूल्स किट, प्रेस कैंची आदि प्रदान की गयी।

# भारी संख्या में बसपा छोड़कर सपा में शामिल हुए कार्यकर्ता



» मदरलैंड संवाददाता

मुजफ्फरनगर। समाजवादी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने जानकारी देते हुए बताया कि आज समाजवादी युवजन सभा के पदाधिकारी सम्मेलन में ही बसपा के दो दर्जन से भी ज्यादा सक्रिय नेताओ व कार्यकताओं ने पूर्व विधायक अनिल कुमार के प्रयास से बसपा को छोड़कर सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी में आने की घोषणा की।

सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट व पूर्व विधायक अनिल कुमार ने कहा कि समाजवादी पार्टी के विचारों व नीतिओ की स्वीकार्यता सभी वर्गों में बढ़ रही है सपा द्वारा सभी जातियो वर्गों के सम्मान व उनके अधिकारों की आवाज उठाने व बिना भेदभाव के सभी को पार्टी में सम्मान को देखकर दलितों में भी सपा के प्रति उत्साह बढ़ रहा है ।सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट ने बसपा छोड़कर सपा में शामिल हुए संजीव कुमार एडवोकेट, कुलदीप कुमार एडवोकेट, राजबीर सिंह एडवोकेट, अंजू कुमार एडवोकेट, प्रवेश कुमार एडवोकेट, प्रेमदास एडवोकेट, चंदू सिंह एडवोकेट, सुनील हटीयाना एडवोकेट, सर्वेश जोशी एडवोकेट, दीपक कुमार एडवोकेट, राजेश एडवोकेट, आकाश वर्मा एडवोकेट, पंकज दास एडवोकेट,डॉ सुरेश एडवोकेट, आनन्द प्रकाश एडवोकेट, सचिल डहरिया एडवोकेट, राजेश कटारिया एडवोकेट, सुभाष एडवोकेट व प्रभुदयाल, सुनीत कुमार, प्रहलाद सिंह सरपंच, सुंदरपाल, सन्नी कुमार, विशाल कुमार, विवेक कुमार, वेदपाल मास्टर,प्रमोद कुमार, बिजेंद्र कुमार व उनके समर्थकों को पार्टी में शामिल करते हुए उनका मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

# वृहद लोक अदालत में 13 पारिवारों का फिर हुआ मिलन



» अंजुम सिद्दीकी

सहारनपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव न्यायिक अधिकारी (वरिष्ठ) सुमिता ने बताया कि वृहद लोक अदालत में आज 13 पारिवारिक मामलो का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर कराया गया, सभी दम्पत्तियों को माला पहनाकर व मिष्ठान खिलाकर नए जीवन की शुरूआत की शुभकामना देकर विदा किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव न्यायिक अधिकारी (वरिष्ठ) सुमिता ने आज यहां यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि निस्तारित पारिवारिक मामलों में 7 वैवाहिक वाद प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नरेन्द्र कुमार व 4 वैवाहिक वाद अतिरिक्त परिवार न्यायाधीश परिवार न्यायालय मनोरमा के न्यायालय से तथा 2 वैवाहिक वाद मध्यस्थता केन्द्र सहारनपुर में आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हुए।

उन्होंने बताया कि वृहद लोक अदालत के आयोजन का मुख्य लक्ष्य महिला पखवारा के अंतर्गत महिला सशक्तीकरण की ओर कदम बढाना है। उन्होंने कहा कि 07 मार्च को भी बृहद लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय में रखा गया है जिसमें पारिवारिक मामलो को सुलह समझौते के आधार पर निपटाया जायेगा।

# शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापरक निस्तारण करें: जिलाधिकारी



» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील घिरोर में कुछ नए परिवर्तन के साथ जन समस्याएं सुनते हुए कहा कि यदि किसी शिकायतकर्ता को एक से अधिक शिकायत करनी है, तो वह एक ही प्रार्थना पत्र में शिकायत न करें बल्कि अलग-अलग समस्याओं के संबंध में अलग-अलग प्रार्थना पत्र उपलब्ध कराये। उन्होंने कहा कि अब समाधान दिवस में पहली बार, पुनः शिकायत करने पर शिकायतकर्ता को तहसीलकर्मी पहले संबंधित विभागीय अधिकारी के पास ले जाएंगे, सम्बन्धित अधिकारी यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट होंगे तो एसडीएम, प्रभारी एसएसडी के पास उपस्थित कर्मी को प्रार्थना पत्र दे देंगे, यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं होंगे तो प्रभारी अधिकारी विभागीय अधिकारी को बुलाकर समस्या सुनेंगे। उन्होने कहा कि यदि शिकायत राजस्व से सम्बन्धित होगी तो सम्बन्धित लेखपाल को बुलाकर प्रभारी सुनेंगे, सभी पैमाईश आदि विवाद में लेखपाल और थाने हेतु संयुक्त आदेश होगा जिसकी एक प्रति थानाध्यक्ष को उपलब्ध करायी जाएगी, राजस्व, पुलिस की संयुक्त टीम ही मौके पर जाकर पैमाईश करेंगे, भूमि संबंधित विवाद में पुलिस, राजस्व कर्मी संयुक्त टीम थाने की जीडी में दर्ज कराकर मौके पर जायेंगे।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी घिरोर अनिल कटियार, क्षेत्राधिकारी दद्दन प्रसाद, जिला विकास अधिकारी प्रवीन कुमार राय, उप निदेशक कृषि डीवी सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा. इन्द्रा सिंह, जिलापूर्ति अधिकारी उबैदुर्रहमान, जिला उद्यान अधिकारी अनीता सिंह, जिला कृषि अधिकारी गगनदीप सहित अन्य संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# समाजवादी युवजन सभा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा

» मदरलैंड संवाददाता



मुजफ्फरनगर। समाजवादी पार्टी कार्यालय महावीर चौक पर हजारों की संख्या में नौजवान इकट्ठा हुए जहां पर नौजवानों को संबोधन करने के पश्चात जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि हाफिज उस्मान जी ने कहा कि युवजन सभा समाजवादी पार्टी का महत्वपूर्ण प्रकोष्ठ है व नौजवान वही राजनीति में आगे बढ़ सकता है जो अनुशासन के साथ कार्य करें व अनुशासन से समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी।

जिला कार्यकारिणी में फिरोज अंसारी जिला अध्यक्ष सहित पांच उपाध्यक्ष अर्जुन कश्यप ,शमी खान, रवि गुर्जर, आलम त्यागी, तरुण शर्मा व जिला महासचिव शिवम त्यागी ,जिला कोषाध्यक्ष विनीत जैन सहित सचिव जिनमें आशीष खटीक, राजीव बाल्मीकि, चंगेज खान, उदित शर्मा, उमरेज कुरैशी, मनीष बालियान, मोहम्मद रमीज, आकाश आर्य ,दीपक गुर्जर,भानु त्यागी, विनोद उपरवाल ,इरशाद चौहान,अहमद अंसारी, मोहम्मद साकिब ,युसूफ मलिक, रोमी खटीक, अख्तर सिद्दीकी, विक्की त्यागी, शाहरुख गुड्डू व 13 जिला सदस्य जिनमें फैजान उल हक, नवजीत सिंह विर्क, अनिल कुमार एडवोकेट, गौरव त्यागी, मोहन कटारिया, नौशाद अंसारी, शुभम कश्यप, मोहम्मद साकिब कुरैशी, लकी खान, ईशु पठान, अश्वनी जैन, अरविंद कश्यप रहे इनके साथ छह विधानसभा अध्यक्ष मीरापुर विपिन चौधरी, सदर मोहम्मद नियाज, चरथावल इमरोज पायलट, पुरकाजी मोनू जैदी, खतौली अविनाश जैन, बुढ़ाना राजीव कुमार रहे नगर अध्यक्ष में अली जैदी, मनीष खटीक, अरुण कुमार, अश्वनी जांगिड़, धर्मेंद्र बाल्मीकि, मोहित त्यागी, सनिब कुरैशी, रब्बान मलिक रहे ब्लॉक अध्यक्षों में सत्येंद्र पाल, टीनू चौधरी ,अनिल कुमार, आशु त्यागी ,कपिल त्यागी, नितिन साहवली अबकार प्रधान व शिवम गुर्जर रहे सभी से अपेक्षा की गई कि अपनी अपनी जिम्मेदारियों पर पूरी सक्रियता निभाते हुए काम करेंगे व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के हाथों को मजबूत करेंगे कार्यक्रम में अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रमोद त्यागी व संचालन फिरोज अंसारी ने किया व अरशद मलिक,विकिल गोल्डी, राहुल चौधरी, डॉ इसरार अल्वी, काजी कलीम, इरशाद राजपूत सहित हजारों नौजवान मौजूद रहे।

# लाइसेंस निरस्तीकरण के बाद भी हो रहा था आलू का भंडारण, डीएम के आदेश पर पुलिस ने रुकवाया

» शंकरदेव तिवारी



आगरा। थाना क्षेत्र स्थित एक कोल्ड स्टोर स्वामी कोल्ड स्टोरेज का लाइसेंस निरस्तीकरण होने के बावजूद भी आलू का भंडारण कर रहा था। डीएम आगरा के आदेश के अनुसार पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कोल्ड में हो रहे भंडारण को रुकवा दिया।

ब्लॉक क्षेत्र स्थित मां अंबे गौरी कोल्ड स्टोरेज चितौरा के स्वामी पर पहले से ही करीब 56 लाख रुपए का गबन करने का आरोप लगा है जिसे लेकर कोल्ड स्टोरेज स्वामी पर थाना शमसाबाद में धोखाधड़ी करने का मुकदमा भी दर्ज है।

मंगलवार को कोल्ड स्टोरेज स्वामी कोल्ड स्टोरेज के नवीनीकरण के कागजात ना होने के बावजूद भी अपने कोल्ड स्टोरेज में आलू का भंडारण कर रहा था।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कोल्ड स्टोरेज स्वामी से कोल्ड के नवीनीकरण के कागजात दिखाने को कहा तो कोल्ड स्टोरेज स्वामी को किसी भी प्रकार की कागजात दिखाने में असमर्थ रहा। पुलिस ने कोल्ड स्टोरेज में आलू भंडारण की प्रक्रिया पर रोक लगा दी और डीएम के आदेश की कॉपी कोल्ड स्टोरेज पर चस्पा कर दी।

# ब्लाक सुल्तानगंज पर सारे दिन टिकी रही लोगों की निगाहें नहीं हो सकी सूची चस्पा

» अजय सक्सेना



मैनपुरी। विकास खंड सुल्तानगंज की 71 ग्राम पंचायतों की सूची मंगलवार को ब्लाक खंड कार्यालय में चस्पा नहीं हो सकी सूची को देखने के लिए दर्जनों गांव के लोग सारे दिन तक ब्लॉक में उनके रहे लेकिन बाद में निराशा होकर वापस चले गए शासन के निदेशार्नुसार मंगलवार को सूची चस्पा होने के आदेश थे लेकिन सारे दिन सूची नहीं लगाई गई जिससे क्षेत्र के लोगों को काफी निराशा लगी क्षेत्र के लोग ब्लॉक कार्यालय के चारों तरफ घूमते हुए नजर आए साथ ही एडीओ पंचायत ब्लॉक सुल्तानगंज नहीं पहुंचे एडीओ पंचायत सुल्तानगज ने बताया उच्चाधिकारियों के निदेशार्नुसार ही सूची को चस्पा किया जाएगा बुधवार को सूची चस्पा कर दी जाएगी साथ ही कई लोगों ने ब्लॉक पर हंगामा भी काटा लेकिन उसके बाद भी सूची चस्पा नहीं की गई क्षेत्र के गांव विभिन्न गांव के लोग बाद में वापस घर लौट गए।

# बाहरवाली के चक्कर में आकर घरवाली की जान का दुश्मन बना सेना का जवान

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। मीनादेवी पत्नी शिवराजसिंह निवासी धरमंगदपुर कुसमरा ने तहरीर दी कि उनके पति सीमा सुरक्षा बल में सरकारी मुलाजिम है। उनका पिछले आठ नौ सालों से संगीता नाम की महिला से सम्बन्ध हैं।उन्होंने बताया एक दिन उनके पति उक्तअ महिला को घर पर लेकर आगये। इसके बाद उन्हौंने इसकी शिकायत उनकी यूनिट में कर दी। अभी फिर से उनके पति घर पर छुट्टी आये हुये हैं।उन्होंने पीडिता को कमरे में बन्द कर उनका फोन छींन लिया। इस कार्य में पति का भाई भी साथ दे रहा था। उनके पति ने कहा कि अब समझौता करले अन्यथा की स्थिति में जान से मार दिया जायेगा। उन्होंने किसी तरह छिप कर 112 नम्बर पर फोन किया जब पुलिस ने उन्हैं छुडबाया।उन्होंने पुलिस को लिखित दी तहरीर में कहा कि यदि उन्हैं और उनके बच्चों को कुछ होता है तो उसके जिम्मेदार उनके पति शिवराज तथा देवर विनोद होंगे।

# सिंभावली किसान पीजी कालिज में मिशन शक्ति कार्यक्रम

» मदरलैंड संवाददाता



गढमुक्तेश्वर। सिंभावली के किसान पीजी कालिज में मिशन शक्ति कार्यक्रम में प्राचार्य , शिक्षको एवं महिला पुलिस कमीर्यों ने छात्राओ को सरकार की महिलाओ के हित में चलाई जा रही योजनाओ के विषय में जानकारी दी ओर उनको निडर होकर अपनी बात कहने के लिए प्रेरित किया। मंगलवार के सिंभावली स्थित किसान पीजी कालिज में सरकार के मिशन शक्ति कार्यक्रम की कडी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कालिज के प्राचार्य डॉ तेजवीर सिंह ने करते हुऐ कहा कि छात्राओ को निडर होकर अपनी बात कहनी चाहिए। कार्यक्रम में वक्ताओ ने छात्राओ को संबोधित करते हुऐ कहा कि महिलाओ के हित में सरकार ने विभिन्न योजनाऐ चलाई हुई है जिनका लाभ जागरूकता से उठाया जा सकता है। महिला पुलिसकर्मी भारती सिंह एवं सुशीला देवी ने छात्राओ को सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ व हेल्प लाईन के विषय में जानकारी दी। उनका यह भी कहना है कि महिलाओ के हित में योजनाओ की जानकारी सभी छात्राओ ओर महिलाओ को होनी चाहिऐ।कार्यक्रम में आत्मसुरक्षा के उपाय भी बताये गये। कार्यक्रम में डॉ चारू शर्मा ने घरेलू हिंसा से बचाव के उपाय बताये।मिशन शक्ति कार्यक्रम में पोस्टरो के माध्यम से नारी सशक्तिकरण की अभिव्यक्ति दी। कार्यक्रम में डॉ सुरभि मित्तल, डॉ वेद प्रकाश, डॉ प्रभात कुमार, शंशाक शेखर शुक्ला, डॉ शिवशंकर मौर्य, मानसी, कंचन, साक्षी आदि ने शक्ति मिशन पर अपने विचार व्यक्त किये।

## संक्षिप्त समाचार

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान को पूरी गति से चलाया जाए : मण्डलायुक्त

मदरलैंड संवाददाता, सहारनपुर।मण्डलायुक्त ए वी राजमौलि ने मण्डल के सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए है कि संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक रोग अभियान तथा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए 31 मार्च तक चलने वाले विशेष अभियान को पूरी गति से चलाया जाए।उन्होंने कहा कि अभियान में आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएं।उन्होंने कहा कि दस्तक अभियान में फ्रंटलाइन वर्कर्स यथा आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां घर-घर जाकर बुखार के रोगियों, क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों, जन्म और मृत्यु पंजीकरण, कुपोषित बच्चों तथा दिमागी बुखार से दिब्यांग हुए व्यक्तियों की सूची तैयार कर उसका विवरण प्रतिदिन उपलब्ध करायेंगे।ए वी राजमौलि ने आज यहां यह जानकारी दी।उन्होंने कहा कि दस्तक अभियान में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां प्रत्येक घर-घर जाकर क्षय रोग से संभावित रोगियों के विषय में जानकारी कर क्षय रोगों के लक्षणों वाले व्यक्ति की सूचना प्राप्त होने पर उस व्यक्ति का नाम, पता व मोबाइल नम्बर सहित सम्पूर्ण विवरण एक लाइन लिस्टिंग फॉर्मेट में अंकित कर ए एन एम के माध्यम से ब्लॉक मुख्यालय पर उपलब्ध करायेंगी।

### कमलेश दुबे बने समाजवादी युवजन सभा के विधानसभाध्यक्ष

मदरलैंड संवाददाता , मैनपुरी । समाजवादी पार्टी ने युवजनसभा के बिधानसभा के अध्यक्षों की घोषणा कर दी है।समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष दिव्यप्रकाश उर्फ डीपी यादव ने बिधानसभा के अध्यक्षों की घोषणा केरते हुये एक पत्र जारी किया है।उन्होंने तहसील किशनी के वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश कुमार दुबे को बिधानसभा किशनी का अध्यक्ष मनोनीत किया है।इसकी सूचना मिलते ही तहसील परिसर में ही कमलेश दुबे को पार्टी कार्यकताओं की ओर से बधाई देने बालों का तांता लग गया।बधाई देने बालों में डैनी यादव,नरेन्द्र यादव,धर्मेन्द्र यादव बाबा,बिपिनराज यादव,दिनेश यादव,प्रवेश यादव उर्फ गुड्ड,शैलेन्द्र यादव आदि थे।

### राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण मनाएगी महिला पखवारा

मदरलैंड संवाददाता , अलीगढ़।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव तूलिका बन्धु ने जनपदवासियों को सूचित किया है कि माननीय उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण निदेर्शानुसार 08 मार्च को महिला पखवारा के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है।इसी क्रम में 07 मार्च रविवार को वृहद लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर, अलीगढ में स्थित परिवार न्यायालयों अलीगढ में किया जायेगा।जिसमें परिवार न्यायालयों में लम्बित पारिवारिक विवाद एवं वैवाहिक वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया जायेगा।बन्धु ने बताया कि वृहद लोक अदालत के सफल आयोजन के सम्बन्ध में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय 5 को परामर्शसुलह समझौता के लिए लोक अदालत का आयोजन कर अधिकाधिक मामलो के निस्तारण का भी प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के आयोजन से पूर्व परिवार न्यायालय, अलीगढ में लम्बित पारिवारिक विवाद एवं वैवाहिक मामलों के सफल निस्तारण के लिए प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय की अध्यक्षता में पक्षकारों के साथ सुलह समझौता के लिए मीटिंग का भी आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर, अलीगढ में किया जायेगा।बन्धु ने सभी सम्बन्धित पक्षकारों से अपील की है कि वह उक्त तिथियों पर आयोजित होने वाली वृहद लोक अदालत के दिन उपस्थित हाकर शासन की लोक अदालत में अपने विवादों का निस्तारण कराएं।

### दिल्ली आन्दोलन के लिये अपने हाथों को मजबूत करें किसानः जितेन्द्र शर्मा

मदरलैंड संवाददाता , अलीगढ़।भारतीय किसान यूनियन स्वराज अलीगढ़ के कैम्प कार्यालय पर पंचायत आयोजित की गई जिसमें जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि अलीगढ़ जनपद के गांव गांव जाकर जागरूक करने की जरूरत है। जिससे सभी किसान भाईयों को तीन कृषि बिलों के विषय में जागरूक किया जा सके।युवा जिलाध्यक्ष विकास यदुवंशी ने कहा कि वह संगठन के सभी युवा पदाधिकारियों को दिल्ली आन्दोलन के लिए तैयार रहें।संयुक्त किसान मोर्चा का ऐलान कभी भी हो सकता हैं। पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष डॉ अवधेश यादव ने बताया कि वह गंगा के खादर क्षेत्र में गांव गांव जाकर जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं।वहां के किसान भाईयों ने अलीगढ़ मुख्यालय पर धरना रखने की मांग रखी है जिसमें पंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 5 मार्च को धरपसी गांव महापंचायत में कुलदीप पाण्डेय राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) के हार्दिक स्वागत एवं सम्मान समारोह में भारतीय किसान यूनियन स्वराज के द्वारा अधिक से अधिक किसान भाईयों को लेकर चलने के लिए तैयार हो।इसके अलावा जनसंपर्क अभियान चलाया जाएं जिससे महापंचायत के दौरान तीन कृषि बिल वापिस की मांग की आवाज दिल्ली तक जाएं पंचायत में सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियों ने समर्थन किया कि 5 को धरपसी गांव में महापंचायत में जोरदार तरीके से भारतीय किसान यूनियन स्वराज तीन कृषि बिल वापिस की मांग उठायेगी।

# पुलिस मुठभेड में गोली लगने पर घायल दो पशुतस्करों सहित चार गिरफ्तार



» कांति प्रसाद

गढमुक्तेश्वर। गढ कोतवाली क्षेत्र में पुलिस की संयुक्त टीम की प्रतिबंधित पशुतस्करों से मुठभेड हो गई जिसमें दो बदमाश गोली लगने पर घायल हो गये। पुलिस ने घायल दो बदमाशो सहित चार बदमाशो को गिरफ्तार करने में कामयाबी पायी है जबकि दो बदमाश मौके से भागने में कामयाब हो गये। आरोपीयों के पास से एक प्रतिबंधित पशु , ऑटो, चार अवैध तमंचे कारतूस, बाईक व पशु काटने के औजार बरामद किये है। गिरफ्तार बदमाशो ने गढ, सिंभावली व बाबूगढ थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित पशु काटने की घटनाओ में हाथ होना स्वीकार किया है। गढ सीओ पवन कुमार ने बताया कि बीती रात्रि में गढ कोतवाली क्षेत्र में कोतवाली प्रभारी शीलेश कुमार, थानाध्यक्ष



सिंभावली राहुल चैधरी के नेतृत्व में थाना गढ, सिंभावली एवं जनपदीय स्वॉट टीम-सी की संयुक्त पुलिस टीम की प्रतिबंधित पशुतस्करों से मुठभेड हो गई। जिसमें दो बदमाश गोली लगने पर घायल हो गये। पुलिस ने घायल दो बदमाशो सहित चार बदमाशो सीनू व सोनू उर्फ चैंटा निवासी अठसैनी तथा जाहिद व खालिद निवासी हंशुपुर थाना गढ कोतवाली को गिरफ्तार करने में कामयाबी पायी है जबकि दो बदमाश नुरू निवासी अठसैनी व नब्बू निवासी हंशुपुर मौके से भागने में कामयाब हो गये। आरोपीयों के पास से एक प्रतिबंधित पशु ,ऑटो, चार अवैध तमंचे खाली भरे कारतूस, बाईक व पशु काटने के औजार बरामद किये है। गिरफ्तार बदमाशो ने गढ, सिंभावली एवं बाबूगढ थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित पशु काटने की घटनाओ में हाथ होना स्वीकार किया है। फरार बदमाशो की तलाश की जा रही है।पुलिस ने घायल बदमाशो को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# हापुड के तहसीलों में 126 शिकायतें में से 11 शिकायतों का निस्तारण




» मदरलैंड संवाददाता

गढमुक्तेश्वर। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जनता प्रदेश सरकार के निदेर्शों के क्रम में जन सामान्य की शिकायतों का त्वरित गति के साथ निस्तारण संभव कराने के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। पूरे जनपद में आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर कुल 126 शिकायतें जन सामान्य के द्वारा दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 11 शिकायतों का निराकरण मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के द्वारा सुनिश्चित किया गया है। जिला अधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में सदर तहसील हापुड़ में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। जहां पर कुल 56 शिकायतें जन सामान्य के द्वारा दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 07 शिकायतों का निराकरण जिला अधिकारी के द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही सुनिश्चित कराया गया है। जिला अधिकारी ने इस अवसर पर समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन सामान्य की समस्याओं एवं शिकायतों को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन बहुत ही गंभीर है।

# साप्ताहिक बाजार में सामान खरीदने आयी महिला का पर्स चोरी

» मदरलैंड संवाददाता

गढमुक्तेश्वर।सिंभावली के साप्ताहिक बाजार में सामान खरीदने आयी महिला का पर्स चोरी हुआ। पीडिता रोती हुई खाली हाथ वापस अपने घर को लौट गई। थाना सिंभावली के मंगलवार के साप्ताहिक बाजार में सामान खरीदने आयी महिला इमराना निवासी सरूरपुर का पर्स चोरी हो गया पर्स में आठ सौ तीस रुपए की नगदी व रोडगोल्ड की पाजेब थी। घटना के बाद पीडिता इमराना रोती हुई खाली हाथ वापस अपने घर को लौट गई। इस संबंध सिंभावली थानाध्यक्ष राहुल चैधरी का कहना है कि उन्हें पर्स चोरी की कोई सूचना नही मिली है यदि महिला शिकायत लेकर आती है तो कार्रवाई की जायेगी।

# सभी बैंक महत्वपूर्ण योजनाओ के क्रियान्वयन में दें सहयोगः जिलाधिकारी



» शकील सैफी

मेरठ।विकास भवन सभागार में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के कार्यो की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी के बालाजी ने कहा कि सभी बैंक शासन की महत्वपूर्ण योजनाओ के क्रियान्वयन में सहयोग दें। उन्होने कहा कि बैंक अधिकारी लंबित प्रकरणो का एक सप्ताह में निस्तारण करे तथा स्ट्रीट वेण्डर्स को ऋण उपलब्ध कराते हुये उनके आर्थिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त करें। वहीं विकास कार्यों की समीक्षा करते हुये उन्होने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अधूरे कार्यों को पूर्ण कराते हुये विकास कार्यों की रैकिंग में सुधार करें।

उन्होने वायु प्रदूषण के संबंध मे माईक्रोप्लान तैयार कर देने के लिए कहा।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले 37 कार्यों की समीक्षा करते हुये विभागीय अधिकारियो को निर्देशित किया कि वह स्वयं योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए क्षेत्र का दौरा करें तथा अधूरे निर्माण कार्यो को वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व पूर्ण कराकर विकास कार्यों की रैकिंग में सुधार करे।इस अवसर पर सीडीओ शषांक चैधरी, जिला वन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मदन सिंह गर्ब्याल, अपर नगरायुक्त श्रद्धा शांडिल्यान सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एबीपीएसएस के पदाधिकारी एडीजी से मिले,लगाई पत्रकार सुरक्षा की गुहार

» मदरलैंड संवाददाता



मेरठ। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति का 5 सदस्यीय दल पत्रकार सुरक्षा को लेकर एडीजीपी मेरठ जोन से मिला। गौरतलब है कि दैनिक समाचार पत्र के संपादक ने हापुड़ रोड आरटीओ कार्यालय के पास स्थित हॉस्पिटल का समाचार प्रकाशित किया था। जिससे बौखला कर हॉस्पिटल संचालकों द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कार्यालय में घुसकर जान से मारने की झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दी थी।

उक्त मामले में इंस्पेक्टर नौचंदी प्रेमचंद शर्मा से मिलकर 19 फरवरी को उक्त हास्पिटल संचालकों के खिलाफ तहरीर दी गई। जिसमें पुलिस ने 10 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस की इस कार्यशैली से नाराज होकर अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति का 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल आज अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन मेरठ राजीव सब्बरवाल से उनके कार्यालय में मिला और पूरे प्रकरण से अवगत करा कर उक्त हॉस्पिटल संचालकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की। एडीजी मेरठ जोन मेरठ ने पूरे मामले को ध्यान पूर्वक सुना और तुरंत कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष जफरयाब राव, मंडल अध्यक्ष मनोज उज्जवल, जिला उपाध्यक्ष अकरम शाह, महामंत्री मोहम्मद शहजाद व मान्यता प्राप्त पत्रकार नरेश जी उपस्थित रहे।

# विकास भवन में होंगे राष्ट्रीय युवा कोर स्वयंसेवकों के साक्षात्कारः तन्वी

» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। नेहरू युवा केन्द्र के तत्वाधान में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की एनवाईवी योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय युवा कोर स्वयंसेवकों के ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 04 से 06 मार्च तक विकास भवन में किया जाएगा। जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र तन्वी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की एनवाईवी योजना के आवेदकों का साक्षात्कार 04 से 06 मार्च तक किया जाएगा। सुश्री तन्वी ने बताया कि एनवाईवी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में शामिल करना एवं जमीनी स्तर पर युवाओं के मध्य नेतृत्व विकसित करना है। साक्षात्कार के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 04 मार्च को विकास खण्ड बिजौली, अतरौली, गंगीरी एवं अकराबाद, 05 मार्च को टप्पल, चण्डौस, इगलास एवं गोण्डा व 06 मार्च को ब्लॉक खैर, जवां, लोधा एवं धनीपुर के आवेदकों का साक्षात्कार विकास भवन में सम्मपन्न होगा। उन्होंने बताया कि सभी प्रतिभागी निर्धारित तिथि को आयोजित साक्षात्कार में अपने शैक्षिक योग्यता, अनुभव एवं ऑनलाइन आवेदन की प्रति, जाति प्रमाण पत्र, पहचान सम्बन्धी प्रमाण पत्र के समय से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# आर्थिक तंगी से परेशान महिला ने लगाई फांसी

» अर्जुन देव



अलीगढ़। थाना लोधा के गांव नादा बाजीदपुर में आर्थिक तंगी से परेशान एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राधा 35 वर्ष के पति सुनील की दो वर्ष पूर्व बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। उसके बाद से राधा कारखाने में काम करते अपने तीनों बच्चों कर्तव 11 वर्ष, काव्यान 8 वर्ष एवं मनु 6 वर्ष को पालन पोषण कर रही थी। इसके अलावा सास विमला देवी की भी देख रेख करती थी। बताया गया कि मजदूरी करने के बाद भी घर का खर्च नहीं चल पा रहा था एवं कारखाने से भी काम बंद हो गया, जिसके चलते आर्थिक संकट पैदा हो गया।जंगले के सहारे पड़ा देखा तो भी बच्चे कुछ नहीं समझ पाए और दरवाजा खोलकर बाहर गये और अपनी दादी और बुआ को बताया कि मम्मी बेसुध पड़ी है बोल नहीं रही है। बच्चों की बात सुनकर जब बुआ अंदर गयी और महिला के गले में फंदा देखा तो एकदम चीख निकल गई। चीख सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हो गये अंदर देखा तो महिला की मौत हो चुकी थी इसकी सूचना पुलिस को दी गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनाम भरकर पोस्टमार्डम के लिए भेजा।

# अवैध कब्जा करने वालों पर एंटी भूमाफिया एक्ट के तहत हो कार्यवाहीः डीएम

» धर्मेन्द राघव



अलीगढ़। जिलाधिकारी चन्द्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में कोल तहसील के सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील के सभागार में आयोजित किया गया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट किया कि किसी भी समस्या का निस्तारण अभिलेखीय एवं साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्षता एवं गुणवत्तायुक्त ढ़ंग से किया जाए जिससे शिकायतकर्ता को भविष्य में दोबारा शिकायत करने की आवश्यकता न पड़े।

श्री सिंह ने स्पष्ट किया कि प्रदेश शासन सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाने के लिए दृढ़ संकल्पित है और जनपद में इस क्षेत्र में अच्छा कार्य भी हुआ है।उन्होंने निर्देश दिये कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध एंटी भूमाफिया एक्ट के तहत कार्यवाही की जाए।उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव निकट है, ऐसे में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों समेत निर्वाचन प्रक्रिया में लगे अधिकारियों का दायित्व है कि वह स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं स्वतंत्रतापूर्ण ढ़ंग से चुनाव सम्पन्न कराएं।

उन्होंने निर्देश दिये कि पंचायत चुनावों के दृष्टिगत शरारती, असामाजिक, दबंग एवं आपराधिक छवि के व्यक्तियों को पाबंद किया जाए। उन्होंने कहा कि जो भी पात्र है उसे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं-राशन, आवास, वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन की समस्याओं का एक सप्ताह के अंदर निस्तारण कर लाभ दिया जाए। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान, थाना समाधान, आईजीआरएस एवं अन्य स्तर से प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये।

# डाक्टरों पर कार्यवाही नहीं तो आन्दोलन करेगी करणी सेनाः ज्ञानेंद्र सिंह

» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। करणी सेना अलीगढ़ ने आज केके हॉस्पिटल प्रकरण में पीड़िता रजनी सोलंकी पत्नी नरेन्द्र कुमार नि. करसुआ थाना लोधा के पक्ष में जिलाधिकारी अलीगढ एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नाम सम्बोधित ज्ञापन सीओ द्वितीय प्रशांत सिंह व एसीएम द्वितीय रंजीत सिंह को दिया।

जिसमें केके हॉस्पिटल के खिलाफ सख्त कार्यवाही की माँग की।ज्ञापन में सर्वप्रथम डॉ.पक्ष के आरोपियों की गिरफ्तारी की, जिन एम्बुलेंसों को खड़े करके रामघाट रोड़ पर जाम लगाया था।

उनके परमिट निरस्तीकरण की,निलंबित दोनों निर्दोष पुलिसकर्मियों की बहाली की तथा केके हॉस्पिटल के लाइसेंस निरस्तीकरण की माँग की गई। करणी सेना जिला अध्यक्ष ठाकुर ज्ञानेंद्र सिंह चैहान ने कहा कि अगर केके हॉस्पिटल के खिलाफ इन बिंदुओं पर कार्यवाही नहीं हुई। तो करणी सेना सड़क पर उतरकर आंदोलन धरना प्रदर्शन कुछ भी कर सकती है।

पीड़िता के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

ज्ञापन देने वालों में ज्ञापन देने वालों में ठा. हर्षवर्धन सिंह, इंजीनियर वीपी सिंह, कुलदीप राघव, ओपी लाला, आशीष चैहान, ओपी सिंह राघव, संजय चैधरी, आरके सोनी, अवनीश राघव, संजय चैहान, हिमांशु पंडित सहित बड़ी संख्या में करणी सैनिक उपस्थित रहे।

# अभय सिंह ने अपना नया रोमांटिक ट्रैक 'तेरी नीड वे' रिलीज किया

» विनोद कुमार



चंडीगढ़ । हालांकि, वैलेंटाइन महीना खत्म हो चुका है, फिर भी जब बात रोमांस की आती है तो यह एक महीने या हफ्ते तक ही सीमित नहीं रहता, ना ही रोमांटिक ट्रैक्स रहते हैं। ज्यादातर गायक अपने बैक टू बैक रोमांटिक गाने के साथ आ रहे हैं। इस सूची में एक और गीत जोड़ते हुए, गायक अभय सिंह ने अपना नया रोमांटिक ट्रैक रिलीज किया।

'क्लोज' और 'वर्ल्ड टूर' जैसे गाने देने के बाद, अभय सिंह अपना नया गीत, ' तेरी नीड वे' के साथ आए हैं। गाने के बोल फतेह शेरगिल ने लिखे हैं। गोल्ड म्यूजिक फैक्ट्री लेबल के तहत मिक्स सिंह द्वारा 'तेरी नीड वे' का संगीत तैयार किया गया है। गाने का वीडियो गुरिंदर बावा द्वारा डायरेक्ट किया गया है। पूरा प्रोजेक्ट द गोल्ड म्यूजिक फैक्ट्री द्वारा प्रस्तुत किया गया है। गगन अभिषेक और अरशान कटोदिआ ने द गोल्ड म्यूजिक फैक्ट्री से इस गीत को प्रोडूस किया है।

जपनजोत कौर ने अनुभवी योगराज सिंह और नीना बुंदेला के साथ वीडियो में फीचर किया है।

गाने के बारे में बात करते हुए अभय सिंह ने कहा, ह्लसंगीत सिर्फ मेरा पेशा या शौक नहीं है, यह मेरा जुनून है। मैं बहुत धन्य हूं कि मैं अपने जुनून का पालन कर रहा हूं। अपने तीसरे गाने में योगराज सिंह, मिक्स सिंह और फतेह शिरगिल के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा है। मुझे उनसे बहुत कुछ सीखने का मौका मिला। पूरी टीम ने प्रोजेक्ट के लिए बहुत मेहनत की और मुझे उम्मीद है कि लोग हमारे प्रयासों की सराहना करेंगे।

गीत के निर्देशक, गुरिंदर बावा ने कहा, 'तेरी नीड वे' के वीडियो का निर्देशन करते हुए, मैं बस यह सुनिश्चित करना चाहता था कि दृश्य गीत के सुंदर गीतों पर हावी न हों। मुझे उम्मीद है कि लोग गाने का वीडियो और ऑडियो पसंद करेंगे।

गीत के प्रोडूसर, गगन अभिषेक और अरशान कटोदिआ ने कहा, ॠद गोल्ड म्यूजिक फैक्ट्री से यह हमारा पहला प्रोजेक्ट है। हम उम्मीद करते हैं कि हम ऐसा म्यूजिक लेकर आते रहें जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़ सके। हम आशा करते हैं कि लोग इस प्रोजेक्ट को और आने वाले सारे प्रोजेक्ट को अपना प्यार दें।

'तेरी नीड वे' पहले ही द गोल्ड म्यूजिक फैक्ट्री के म्यूजिक लेबल के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया जा चुका है।

# सरस्वती की जलधारा के लिए तीन गांवों के किसानों ने दी जमीन

» मदरलैंड संवाददाता

चण्डीगढ । हरियाणा के खेल एवं युवा मामले राज्यमंत्री सरदार संदीप सिंह ने कहा कि सरस्वती नदी के प्रवाह को लेकर सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इसके लिए यमुनानगर जिले के तीन गांवों के किसानों ने दादूपुर नलवी के तीन किलोमीटर तक की भूमि सरकार को देने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में खेल एवं युवा मामले राज्यमंत्री सरदार संदीप सिंह से आज चण्डीगढ स्थित निवास पर यमुनानगर जिले के किसानों का प्रतिनिधिमण्डल मिला। सरदार संदीप सिंह ने कहा कि हरियाणा में सरस्वती नदी की धारा लगातार सालभर बहे और किसानों को इसका पूरा लाभ मिले। मुख्यमंत्री का भी यह विजन है कि सरस्वती नदी का प्रवाह निरंतर चलता रहे। इसके लिए स्यालवा, झाड़ चन्दना व उंचा चंदना सहित 3 गांवों के किसानों ने खुद आगे आकर सरकार को भूमि देने की पहल की है। उन्होंने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि वे मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल से बातचीत कर किसानों की जायज मांगों पर चर्चा करेंगे।

### क्षेत्र में जलस्तर बढ़ेगा

खेल मंत्री ने कहा कि सरस्वती नदी से किसानों की आस्था जुड़ी हुई है। लेकिन दादूपुर नलवी के लगभग 3 किलोमीटर के दायरे में इस नदी का प्रवाह नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों का सरकार को भूमि देने के लिए स्वयं आगे आना सरकार के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि दादूपुर नलवी नहर का पानी सरस्वती नदी से जुड़ेगा तो इस क्षेत्र में जलस्तर स्तर भी बढ़ेगा।

### अब जलधारा में कोई बाधा नहीं रहेगी

किसानों के प्रतिनिधि मण्डल ने बताया कि यमुनानगर के इन तीन गांवों की लगभग 60 एकड़ भूमि पर लिंक नहर न बनने के कारण सरस्वती नदी के प्रवाह में बाधा आ रही थी। इसलिए किसानों ने आगे आकर जमीन देने के लिए रुचि दिखाई है तथा दादूपुर नलवी नहर का यह क्षेत्र सरस्वती नदी से जुडे से अब सरस्वती नदी की जलधारा में कोई बाधा नहीं रहेगी।

किसानों का कहना है कि अपनी आने वाली पीढियों को जल उपलब्ध कराने के लिए वह हर प्रकार का त्याग करने को तैयार हैं। सरस्वती नदी के धरातल पर आने से उनके क्षेत्र के साथ-साथ हरियाणा के अन्य जिलों में भी पानी की समस्या दूर होगी। प्रतिनिधि मण्डल में सुभाष चौहान, रामपाल सिंह, जितेन्द्र सिंह, तेलू भगत, महावीर सिंह, वेदपाल, कवंरपाल, इन्द्रजीत, जोगेन्द्र सिंह, प्रताप सिंह महल आदि शामिल थे।

# निखार ने मेंबर्स को बेहतर काम करने के लिए दी बधाई



» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। एनए. कल्चलर सोसायटी के मैंबरस ने डडूमाजरा में अपने आने वाले समय में जो उनकी फ्यूचर योजनाएं है, परोजक्टस है, उनकी डिस्कशनस को लेकर एक मींटिग रखी गई, और साथ में ही उनकी सेहत का ध्यान रखते हुए सभी में काढ़ा बांटा गया । सोसाइटी की प्रेसिडेंट निखार ने मेंबर्स को बेहतर काम करने के लिए बधाई दी ।

## संक्षिप्त समाचार

### लगभग 33000 छात्रों ने पीयू द्वारा आयोजित ऑनलाइन परीक्षा दी

मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। डॉ. जगत भूषण, परीक्षा नियंत्रक, पंजाब विश्वविद्यालय ने बताया कि स्नातक/ स्नातकोत्तर / अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लगभग 33000 विद्यार्थियों ने यूएसओएल / प्राइवेट सहित आज ऑनलाइन परीक्षा दी है। उन्होंने बताया कि स्लॉट 1 और स्लॉट 2 में कुल परीक्षा 50 और 28 थी। उन्होंने आगे बताया कि आज आयोजित सभी परीक्षाएं सुचारू रूप से समाप्त हो गईं।

### पीयू ने एमफिल और पीएचडी की एंट्रेंस एग्जाम के फॉर्म की तिथि बढ़ाई

मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। पीयू ने एमफिल और पीएचडी के प्रवेश परीक्षा- 2020 के फॉर्म की तिथि बढ़ाई है। यह विशेष रूप से और सार्वजनिक रूप से उन उम्मीदवारों की जानकारी के लिए है जिन्होंने सामान्य तौर पर पीयू - एम.फिल I/ पीएचडी के लिए अपना शुल्क जमा किया था।

### 4 मार्च को निर्धारित परीक्षा स्थगित

मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। यह आम तौर पर और छात्रों और जनता की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है। विशेष रूप से 04.03.2021 के लिए निर्धारित सभी परीक्षाओं के पेपर हैं। इसकी अधिसूचना पंजाब यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पपर अपलोड की गई है।

### महर्षि दयानंद पब्लिक द्वारा नवनिर्मित एमडीएवी भवन का उद्घाटन 7 मार्च को

विनोद कुमार, चंडीगढ़। महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल के नवनिर्मित भवन महर्षि दयानंद आदर्श विद्या भवन (एमडीएवी) का उद्घाटन 7 मार्च दिन रविवार होगा। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:00 बजे हवन से होगा। तत्पश्चात डीएवी कॉलेज कमेटी नई दिल्ली के सचिव तलवाड़, गांव के दरिया के सरपंच गुरप्रीत सिंह हैप्पी, चंडी भूमि एवं द मीडिया एक्सप्रेशन समाचार पत्रों के सलाहकार श्री वीपीएस राव, सुप्रसिद्ध साहित्यकार प्रेम विज, यूएसए से पधारी विद्या धाम की प्रेसिडेंट डॉ. सरिता मेहता और गांधी स्मारक भवन सेक्टर 16 के निदेशक डॉ. देवराज त्यागी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होकर इस भवन को समाज और देश की सेवा के लिए समर्पित करेंगे। डॉ विनोद शर्मा ने बताया कि महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल पिछले कई वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रचार-प्रसार में अपना अग्रणी योगदान दे रहा है। यहां बच्चों का सवार्गीण विकास किया जाता है।

# इस मार्च एमटीवी स्प्लिट्सविला एक्स3 में देखिए प्यार के दो पक्ष

- लोकप्रिय डेटिंग फ्रेंचाईजी का 13 वां संस्करण 6 मार्च से हर शनिवार रात 7 बजे से केवल एमटीवी पर प्रसारित होगा




चंडीगढ़ : प्यार, संबंधों और बीच की हर चीज की धारणाओं को परिभाषित करते हुए सबसे अलग ट्विस्ट के साथ भारत का नंबर 1 यूथ एंटरटेनमेंट चैनल, एमटीवी अपने मार्की डेटिंग रियल्टी शो, एमटीवी स्प्लिट्सविला एक्स3 को-पॉवर्ड बाय फिलिप्स हेयर केयर, मैनफोर्स, डेनवर डियोड्रंट्स एवं ओएनएन पोलोज एंड टीज के 13वें एडिशन के साथ वापस आ गया है।

6 मार्च से हर शनिवार शाम 7 बजे प्रसारित होने वाला यह नया सीजन पहली बार 'प्यार के दो पक्षों' को दिखाकर रोमांस, एडवेंचर, पैशन आदि का तड़का प्रस्तुत करेगा।

पूवर आईलैंड्स, केरला के स्थानीय लोगों के बीच सही वादियां और सही वातावरण में फिल्माया गया, एमटीवी स्प्लिट्सविला में 9 लड़के और 12 लड़कियां प्यार की खोज में एक नहीं, बल्कि दो अलग अलग विला: सिल्वर और गोल्ड में अपने सफर पर निकलेंगे। सिल्वर विला में प्रतियोगी सभी लेबल फाड़कर किसी भी प्रतिबद्धता या ''टैग'' के दायरे के बाहर संबंध तलाशेंगे, गोल्ड विला सुनिश्चित करेगा कि प्रतिबद्धता सबसे प्रमुख है! एक जगह प्यार शरारती होगा, तो दूसरी जगह यह शिष्ट होगा।रनविजय सिंह ने कहा, पिछले सालों में एमटीवी स्प्लिट्सविला दर्शकों को बहुत पसंद आया है और इसने युवाओं के दिल और दिमाग में अपनी एक मजबूत स्थिति बना ली है।

नई थीम्स और चुनौतियों के साथ विविध प्रतियोगी हर सीजन प्यार के विभिन्न परिदृश्य प्रस्तुत कर रहे हैं और मेरा मानना है कि यह विविधता शो को आगे बढ़ाती है और जनरेशन जैड को आकर्षित करती है।

एक शानदार साल के बाद, हम उत्साह व मनोरंजन बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, जो हमारी थीम में भी प्रतिबिंबित होता है। हम शो को मिले प्यार व समर्थन के लिए अपने फैंस को धन्यवाद देते हैं। सनी और मैं एक और यादगार सीजन के लिए आशान्वित हैं।

# लिंक सड़कों की मुरम्मत का काम वित्तीय वर्ष के अंत तक मुकम्मल कर लिया जायेगा मुख्यमंत्री द्वारा सदन को भरोसा

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने आज सदन को भरोसा दिलाया कि लिंक सड़कों की मुरम्मत का काम तेजी से चल रहा है और अगले एक वर्ष के अंदर राज्य में यातायात को बेहतर बनाने के लिए यह कार्य मुकम्मल कर लिए जाएंगे। बजट सत्र के दूसरे दिन विधान सभा में एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की कुल 64878 किलोमीटर लिंक सड़कों में से 34977 किलोमीटर लिंक सड़कों की मुरम्मत का काम अप्रैल के आखिर तक मुकम्मल कर लिया जायेगा और इस कार्य के लिए 4112 करोड़ रुपए मंजूर किये गए हैं। उन्होंने बताया कि 6162 किलोमीटर लिंक सड़कों की मुरम्मत का कार्य भी शुरू कर दिया गया और अगले वित्तीय वर्ष में पूरा कर दिया जायेगा। इसके साथ ही 82 करोड़ रुपए की लागत से 17600 किलोमीटर लिंक सड़कों में पड़े खडडों की मुरम्मत के लिए मंजूरी दी गई है।

आम आदमी पार्टी (आप) की विधायक रुपिन्दर कौर रूबी के द्वारा बठिंडा के गाँव तियूना से गाँव बाहो सिवानी लिंक सड़क पर मुरम्मत किये जाने के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय पर मार्च, 2014 से पहले मुरम्मत की सड़कों पर ही रीकारपैटिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि 3.50 किलोमीटर के विशेष हिस्से की मुरम्मत जून, 2016 में की गई थी और 2014 से पहले की सड़कों की मुरम्मत मुकम्मल करने के उपरांत प्रोग्राम के अगले चरण में इस हिस्से रीकारपीटिंग की जायेगी।

# पंजाब में शिक्षा में सुधार लाने के लिए पंजाब किंग्स और राउंड टेबल इंडिया ने हाथ मिलाए




**चंडीगढ़।** वंचित समुदाय के बच्चों के लिए स्कूलों में गुणवत्तायुक्त बुनियादी ढांचे का निर्माण करने में मदद करने के लिए पंजाब किंग्स और राउंड टेबल इंडिया ने हाथ मिलाए और आज लुधियाना के अयाली खुर्द में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 4 कक्षाओं के पहले ब्लॉक का उद्घाटन किया।

इन कक्षाओं को पंजाब किंग्स एवं आरटीआई द्वारा संयुक्त रूप से राशि उपलब्ध कराई जाएगी और बच्चों के लिए अध्ययन के संसाधन के रूप में बिल्डिंग एज लर्निंग ऐड (बाला) सिद्धांत का उपयोग कर बेंच, पंखों, लाईट सहित कक्षा का संपूर्ण बुनियादी ढांचा इसमें शामिल होगा। इस साझेदारी के बारे में सतीश मेनन, सीईओ, पंजाब किंग्स ने कहा कि समाज को अपना योगदान देने के विषय को हम पंजाब किंग्स में पूरा समर्थन देते हैं। हमें खुशी है कि हमने राउंड टेबल इंडिया के साथ साझेदारी में यह प्रोजेक्ट शुरू किया। उनका और हमारा उद्देश्य समान, यानि एक बेहतर भविष्य का निर्माण करना है। इस अभियान द्वारा हम जवाबदेह विधियों के साथ उपलब्धता सुनिश्चित करके शैक्षिक असमानता को कम करेंगे और समाजसेवा में अपना योगदान देंगे।उद्घाटन के अवसर पर मौजूद अनंत सरकारिया, हेड ऑफ ऑपरेशंस, पंजाब किंग्स ने कहा कि यह प्रोजेक्ट समाज कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और प्रयासों के अनुरूप है और बच्चों की जिंदगी में सुधार लाकर उनका समग्र विकास सुनिश्चित करेगा।

हमें यकीन है कि इस प्रोजेक्ट के दौरान अपने अंशधारकों के सहयोग से हम इस अभियान द्वारा हर साल अनेक जिंदगियों को लाभान्वित करेंगे।

उद्घाटन के अवसर पर अनंत सरकारिया, हेड ऑफ ऑपरेशंस, पंजाब किंग्स एवं राउंड टेबल इंडिया के राष्ट्रीय गणमान्य लोग मनीष लखोटिया, नंदेश संचेती, रचित बंसल, अमित जैन और टेबल 188, 202, 250 एवं 271 के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# महँगाई के खिलाफ नौजवानों ने मोदी सरकार का पुतला फूंका

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। तेल और गैस की कीमतों की बढ़ती कीमतों के खिलाफ नौजवान भारत सभा ने हल्लोमाजरा में पैदल मार्च निकालते हुए मोदी सरकार का पुतला फूंका। इस अवसर पर हाजर नौजवानों और आम लोगों ने ह्यमोदी सरकार मुदार्बादह्न, ह्यबहुत हुई महँगाई की मार, अब कहाँ है मोदी सरकारह्न के नारे लगाए ।



# स्कूटी को पीठ पर लादकर ले जाते नजर आया शख्स, वीडियो वायरल

**कुल्लू।** कुल्लू जिले में एक वीडियो जबरदस्त वायरल हुआ है, जिसमें एक शख्स स्कूटी को पीठ पर लादकर ले जाते नजर आ रहा है। इस वीडियो को यूजर्स इसे पैट्रोल के दामों से जोड़कर देख रहे हैं। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि पेट्रोल के रेट बढ़ने के बाद रूझान आने शुरू हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, कुल्लू के रामशिला गैमन ब्रिज के पास का यह वीडियो है। इसमें एक व्यक्ति पीठ पर स्कूटी पीठ पर उठाकर ले जाता हुआ दिख रहा है। कुछ लोग इसे बाहुबली भी बता रहे हैं। पता चला है कि युवक की स्कूटी में तेल खत्म हो गया था और पेट्रोल पंप 500 मीटर दूर था। इसलिए वह स्कूटी को पीठ पर उठाकर ही लेकर चल पड़ा।

# कपूरथला कोच फैक्ट्री में निर्मित एसी 3-टियर इकॉनमी कोच ने ट्रायल में 180 किमी की रफ्तार पकड़ी

**चंडीगढ़।** पंजाब स्थित कपूरथला रेल कोच फैक्टरी ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। इस फैक्टरी में आरसीएफ द्वारा निर्मित उच्च क्षमता वाले एसी थ्री टियर इकॉनमी कोच ट्रायल के दौरान 180 किलोमीटर की स्पीड से दौड़ा। अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) ने सफल ट्रायल नागदा-कोटा-सवाई माधोपुर सेक्शन पर किया है और इस पर संतोष भी जताया है। आरसीएफ में इस कोच इस कोच का उत्पादन अब बड़े पैमाने पर होगा। कोच का डिजाइन तथा निर्माण आरसीएफ कपूरथला द्वारा किया गया है। बोगियों की क्षमता को 72 से बढ़ा कर 83 किया गया है। बर्थ पर चढ़ने के लिए आधुनिक तकनीक की सीढ़ियों को निर्माण किया गया है। इंडियन और वेस्टर्न स्टाइल की टॉयलेट को भी आधुनिक रूप दिया गया है। कोच में सार्वजनिक अनाउंसमेंट प्रणाली की भी व्यवस्था है। बेहतर फायर सेफ्टी के लिए इन डिब्बों में दुनिया के उच्चतम मानक ईएन 45545 वाली सामग्री का प्रयोग किया गया है।

हर बर्थ के साथ स्नैक्स टेबल की व्यवस्था की गई है। हर बर्थ के साथ चार्जिंग के लिए पोर्ट दिए गए हैं। इसके लिए साइड में 2 की जगह 3 बर्थ रखे गए हैं। जबकि एसी-3 में 72 बर्थ होते हैं। इस कोच में लाइटिंग काफी बेहतर रखी गई है ताकि किसी भी मुसाफिर को परेशानी न हो। एक कोच में ज्यादा लोगों के लिए जगह बनाने से रेलवे की आमदनी में बड़ी इजाफा होगा। हालांकि, इसका किराया एसी-3 से कम रखा जाएगा। 3 टियर इकॉनमी कोचों के निर्माण के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं तथा इसका पहला रेक मार्च 2021 में तैयार करके रवाना कर दिया जाएगा।

# एमसीएम में पोर्ट्रेट मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। मेहरचंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर वूमेन के पर्सनेलिटी डेवलपमेंट क्लब ने 'ए ग्लांस ऑफ नेचर डिस्क्राइबिंग योर पर्सनेलिटी' विषय पर एक पोर्ट्रेट मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभागियों को अपनी कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से उनके व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत करना था । प्रतिभागियों ने कैनवास पर अपनी कल्पना और व्यक्तित्व के सौंदर्य को जादुई रूप से अभिव्यक्त किया । विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। सुश्री पलक सोनी ने इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया जबकि सुश्री आस्था मेहरा और सुश्री नव्या छतवानी को क्रमशः दूसरा और तीसरा पुरस्कार दिया गया। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ निशा भार्गव ने पर्सनेलिटी डेवलपमेंट क्लब के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन छात्राओं के व्यक्तित्व को निखारने, संवारने और उन्हें प्रेरित करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

# बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा को लगेगा कोरोना का टीका, सरकार से मांगी अनुमति



**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में भी कोविड-19 की रोकथाम के लिए 60 साल से ऊपर के लोगों के लिए कोरोना टीकाकरण का अभियान शुरू हो गया है। कोरोना वैक्सीन के तीसरे चरण में तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा को भी टीका लगाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की दलाईलामा मंदिर प्रशासन के बात हुई है। दलाईलामा ने जोनल अस्पताल धर्मशाला में वैक्सीन लगवाने से इंकार किया है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से दलाई लामा के मैक्लोडगंज स्थित निवास स्थान पर ही वैक्सीन लगाने का अनुरोध किया है। जिला स्वास्थ्य विभाग ने दलाईलामा से फोन पर बात की है। अब स्वास्थ्य विभाग ने सरकार से दलाईलामा के निवास स्थान पर वैक्सीन का टीका लगने की अनुमति मांगी है।

सरकार के अनुमति मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम उन्हें मैक्लोडगंज स्थित निवास स्थान पर जाकर वैक्सीन की पहली डोज देगी। इससे पहले, स्वास्थ्य विभाग ने तिब्बती धर्मगुरु को प्रस्ताव दिया था कि वह क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला या देलेक अस्पताल खड़ा डंडा रोड मैक्लोडगंज में टीका लगवा सकते हैं। दलाईलामा ने जोनल अस्पताल में टीका लगवाने से इनकार किया है। अब स्वास्थ्य विभाग अन्य विकल्प देख रहा है। विभाग ने प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजा है। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद दलाईलामा को टीका लगाया जाएगा।

सीएमओ कांगड़ा डॉ. गुरदर्शन गुप्ता ने बताया कि तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा को भी वैक्सीन की पहली डोज दी जाएगी। इसके लिए प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजा है। सरकार से अनुमति मिलने के बाद उन्हें टीका लगाया जाएगा। हिमाचल प्रदेश में कोरोना वैक्सीन का तीसरा चरण शुरू हुआ है। पहले दिन प्रदेश में 209 बुजुर्गों को अस्पतालों में वैक्सीन लगाई गई। ये सभी बुजुर्ग 60 साल या इससे ज्यादा उम्र के हैं। बिलासपुर में 16, चंबा 10, हमीरपुर 7, कांगड़ा 8, किन्नौर 9, कुल्लू 44, मंडी 55, शिमला 12, सिरमौर 4, सोलन 42, लाहौल-स्पीति में टीका लगाया।

# गार्बेज कलेक्टर ड्राइवरों की हड़ताल के दौरान दीपा दुबे को मेमोरेंडम दिया

» विनोद कुमार

चंडीगढ़। राम दरबार में गार्बेज कोलेक्टर ड्राइवर द्वारा जो सेक्टर 1 से 30 तक कॉल 130 गाड़ियों के ड्राइवरों ने आज हड़ताल की जिस के मध्य नजर वहां पर दीपा दुबे भी उपस्थित रही ।

दीपा दुबे ने जब गार्बेज कलेक्टर के ड्राइवरों से बात की उसके बाद पता चला कि किस तरीके से नगर निगम द्वारा उनके साथ मानवीय व्यवहार किया जा रहा है। उनकी दुर्दशा का संज्ञान लेते हुए यह भी स्पष्ट हुआ कि दिसंबर 2020 में जब इन ड्राइवरों की भर्ती की गई थी तब एक एडवर्टाइजमेंट नगर निगम द्वारा अखबारों में प्रकाशित की गई थी जिसमें यह लिखा गया था कि ड्राइवर के पद के लिए वह व्यक्ति चंडीगढ़ का निवासी होना चाहिए और उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए। वह व्यक्ति ही आवेदन पत्र दे सकता है वहां पर दूसरी बात यह भी सुनने में आई कि अगर किसी व्यक्ति की नियुक्ति पर उसके पास लाइसेंस नहीं है तब भी उस की भर्ती की जाएगी उसका ड्राइवर लाइसेंस बना दिया जाएगा। लेकिन यह भी कहा गया कि इन लोगों को मासिक वेतन ड्राइवरों को 23,000 और हेल्परों को 13,000 के करीब मासिक वेतन दिया जाएगा।

लेकिन ना तो समय पर इन कर्मचारियों को मासिक वेतन मिला और ना ही और सुविधाएं जैसे इंश्योरेंस, ओवरटाइम का एक्स्ट्रा चार्ज नहीं मिला। और अब भर्ती के पश्चात अब यह नगर निगम द्वारा फरमान निकाल दिया गया है कि जो व्यक्ति दसवीं पास है वही ड्राइवर की नौकरी करेगा। दीपा दुबे ने बताया कि यह तो सरासर धक्का हो रहा है ना ही आज तक जिन लोगों को गाड़ियों पर ड्राइवर और हेल्पर रखा गया ना कोई नियुक्ति पत्र दिया गया।

उधर दूसरी तरफ डोर टू डोर गार्बेज कलेक्शन वाले इतने महीनों से नगर निगम के सामने भूख हड़ताल पर बैठे हैं। यह देखने को मिल रहा है कि किस तरह गरीब व्यक्ति को और एक सुनिश्चित समाज को तंग किया जा रहा है। दीपा दुबे ने कहा कि जब करोना कॉल था तब सारे लोग डर के बैठे हुए थे लेकिन मेरे यही सफाई कर्मचारी बहन भाई हर रोज अपने काम पर अपने क्षेत्र में सफाई का काम कर रहे थे और डंपिंग ग्राउंड में कूड़ा ढो रहे थे तब तो हमने उनके ऊपर बहुत फूलों की बरसात की लेकिन आज उनके रोजगार के ऊपर लाते मारी जा रहे हैं वह सहन करना वे जनता के लिए मुश्किल हो गया है।




दीपा दुबे ने कहा कि गिने-चुने अपने चहेतों को लोगों को रोज फेस्टिवल में नगर निगम द्वारा सम्मानित किया गया। लेकिन सम्मान के असली हकदार तो यह सफाई कर्मचारी हैं जो दिन रात आमजन की सेवा में है इनका कोई भी नाम निशान नहीं है। अगर एक ड्राइवर समय पर नहीं पहुंचता तो उसके लिए फरमान जारी कर दिया गया है कि ड्राइवर की छुट्टी लगा दी जाएगी।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# सड़क हादसों में सिरमौर बनता भारत



रमेश सर्राफ धमोरा



भारत में आज कोई भी दिन ऐसा नहीं गुजरता है। जिस दिन देश के किसी ना किसी भाग में सड़क हादसा न हुआ हो। जिसमें कई लोगों को जान से हाथ धोना पड़े। विकास की प्रतीक मानी जाने वाली सड़कें विनाश का पर्याय बनती जा रही है।

विश्व बैंक की सड़क दुर्घटना रिपोर्ट 2019 के मुताबिक भारत में 2019 में 4 लाख 49 हजार 02 सड़क हादसे हुए। जिनमें 1 लाख 51 हजार 113 लोगों की मौतें हुई और 4 लाख 51 हजार 361 लोग घायल हुए थे। सड़क हादसे में 70 फीसदी मौतें 18 से 45 वर्ष की आयु वर्ग में होती हैं। भारतीय सड़कों पर हादसों में प्रतिदिन 415 मौत होती हैं।

दुनिया में वाहनों का सिर्फ एक प्रतिशत भारत में है। लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में 10 प्रतिशत मौतें इस देश में होती है। भारत को इस बात पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। दुर्भाग्य से सड़क हादसों की संख्या में कमी नहीं आ रही हैं। देश में सड़क दुर्घटनाओं के शिकार दरअसल गरीब और सबसे कमजोर तबका होता है। अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाले लोगों पर इसका कहीं अधिक प्रभाव पड़ता है।

दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के उपाध्यक्ष हार्टविग साफर ने कहा कि भारत सरकार ने हाल के वर्षों में सड़क सुरक्षा से जुड़े मुद्दों के हल के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। उनके मुताबिक भारत सड़क सुरक्षा के मामले में कुछ अच्छे प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल भारत ने अपने मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन किया। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया में विश्व बैंक सड़क सुरक्षा मानकों और संस्थागत पहलुओं में मदद कर रहा है। उन्होंने कहा हमें सुनिश्चित करना होगा कि समुचित मात्रा में ह्यरोडसाइड बैरियरह्न हों। सड़कें सुरक्षित हों वाहन भी सुरक्षित हों और वाहनों की जांच की उपयुक्त प्रणाली बनानी होगी।

देश में मोटर व्हीकल एक्ट में किया गया संशोधन 1 सितंबर 2019 से लागू हुआ था। इसका मकसद देश में सड़क पर यातायात को सुरक्षित बनाना और सड़क हादसों में लोगों की मौत की संख्या को कम करना था। लेकिन अब जैसे-जैसे देश में अनलॉक की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है तो देश उसी पुरानी अवस्था की ओर बढ़ रहा है। परिवहन और यातायात दोबारा तेज होने के साथ ही सड़क हादसों की संख्या और उनसे होने वाली मौत के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं।

भारत में होने वाले सड़क हादसे में करीब 26 फीसदी खतरनाक या लापरवाह ड्राइविंग या ओवरटेकिंग की वजह से होते हैं। पिछले साल इनकी वजह से 42 हजार 500 लोगों की जान चली गई और एक लाख से अधिक लोग घायल हो गए। कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए देशभर में लॉकडाउन लगाया गया था। उससे सड़क हादसों में लगभग बीस हजार लोगों की जान जाने से बचायी गईं। अप्रैल से लेकर जून 2020 तक सड़क हादसों में 20 हजार 732 लोगों की मौत हुई। जबकि 2019 में अप्रैल से जून के बीच 41 हजार 32 लोगों की सड़क हादसों में जान चली गई थी।

शहरों में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पूरी तरह से नगरीय बस सेवाओं के भरोसे है। जिनमें ज्यादातर बसें पुरानी हो चुकी हैं। कई अध्ययनों में ये बात सामने आई है कि शहरों की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए हमें इस समय सड़कों पर चल रही बसों के मुकाबले कई गुना अधिक बसों की जरूरत है। बसों की कम संख्या व बढ़ती भीड़ के चलते कोविड-19 के दौर में भी सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन नहीं हो पा रहा है। इससे कोरोना वायरस का संक्रमण बढ़ने का खतरा मंडराता रहता है।

सड़क हादसों के कारण अक्सर परिवारों की आमदनी के स्रोत को नुकसान होता है व उनकी रोजी रोजगार छिन जाता है। संबंधित परिवार को आर्थिक दिक्कतें होती हैं। जो लोग सड़क दुर्घटनाओं में बच भी जाते हैं उनके इलाज में भारी रकम खर्च करनी पड़ती है। हालांकि 2019 का मोटर व्हीकल एक्ट सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों को बीमा के जरिए आर्थिक मदद उपलब्ध कराता है। लेकिन इस कानून से सड़क हादसों के शिकार लोगों को होने वाली मानसिक क्षति की भरपाई नहीं होती।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का कहना है कि देश में सड़कों के निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है और मार्च 2021 तक प्रतिदिन 40 किलोमीटर सड़क निर्माण का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। इसके लिए कवायद तेज कर दी गई है। हमने प्रतिदिन 30 किलोमीटर से ज्यादा सड़क निर्माण का लक्ष्य हासिल कर लिया है। गडकरी ने उम्मीद जतायी कि 2025 तक सड़क दुर्घटनाएं और इसके कारण होने वाली मौतें 50 प्रतिशत तक कम हो जाएंगी।

सरकार सड़क दुर्घटनाओं और मौतों को कम करने के लिए तेजी से काम कर रही है। इसके लिए नीतिगत सुधारों और सुरक्षित प्रणालियों को अपनाया जा रहा है। 2030 तक भारतीय सड़कों पर जीरो एक्सीडेंट की दृष्टिगत करने की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। गडकरी ने बताया कि तमिलनाडु में हादसों और मृत्यु संख्या में 53 प्रतिशत की गिरावट आयी है। गडकरी के अनुसार सरकार सड़क पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र की पहचान करने और इसके समाधान के लिए 14 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी।

गडकरी का कहना है कि जान लेने वाले सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिये राज्यों को केन्द्रीय सड़क कोष के एक हिस्से का इस्तेमाल करना चाहिये और दुर्घटनावाली जगहों को दुरुस्त करना चाहिये। गडकरी ने कहा कि हम न सिर्फ राष्ट्रीय राजमार्गों पर बल्कि राज्य राज मार्गों पर भी हादसों की संख्या कम करने की कोशिश कर रहे हैं । जिलों में सड़क सुरक्षा समितियां गठित की जानी चाहिये। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ सांसदों को करनी चाहिये और जिलाधिकारियों को इनका सचिव बनाया जाना चाहिये। यह समिति जिला स्तर पर दुर्घटना के सभी पहलुओं को देखे।

सड़कों पर बने मोड़ों जैसे टी जंक्शन और टी वाई पर सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं होती है। देश भर में हुए कुल हादसों में से 37 फीसदी हादसे उन्हीं चैराहों और मोड़ों पर होते हैं। उनमें से तकरीबन 60 फीसदी हादसे टी और टी वाई जंक्शन पर रिकॉर्ड किए गए। इन हादसों की सबसे बड़ी वजह ड्राइवरों की गलती रहती है। स्पीड सीमा को पार करना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, ओवरटेकिंग और मोबाइल पर बात करते हुए गाड़ी चलाना कुछ ऐसी गलतियां हैं। जिनसे बड़ी संख्या में सड़क हादसे हो रहे हैं। कुल सड़क हादसों में से 84 फीसदी हादसों के पीछे ड्राइवरों की गलती होती है। इंटरनेशनल रोड फेडरेशन के मुताबिक भारत में सड़क हादसों में सालाना करीब 20 अरब डॉलर का नुकसान होता है।

देश की सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है। इस पर नियंत्रण के उचित कदम उठाए जाने चाहिए। साथ ही वाहनों की सुरक्षा के मानकों की समय-समय पर जांच होनी चाहिए। स्कूलों में सड़क सुरक्षा से जुड़े जागरूकता अभियान चलाए जाए।

यह लेखक की निजी राय है

## संपादकीय

# आजाद का मोदी प्रेम



कांग्रेस के कद्दावर नेता और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे गुलाम नबी आजाद के अचानक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए उमड़े प्रेम से सियासी हलचल तेज हो गई है। जम्मू में जी-23 नेताओं के पार्टी हाईकमान के खिलाफ संघर्ष का संकेत देने के एक दिन बाद ही सार्वजनिक मंच पर आजाद की ओर से मोदी को जमीनी नेता कहने के कई मायने निकाले जा रहे हैं। इसे सियासी समीकरणों में बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। राज्यसभा में विदाई के दौरान आजाद की तारीफ करते हुए पीएम मोदी की आंखें भर आई थी। मोदी ने भरे सदन में कहा था कि वे राज्यसभा से रिटायर हो रहे हैं लेकिन उन्हें राजनीति से रिटायर नहीं होने दिया जाएगा। इन सभी घटनाक्रम के अब निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। हाल के दिनों के राजनीतिक घटनाक्रमों के बाद यह कयास लगे रहें हैं कि कहीं आजाद पाला तो नहीं बदलने वाले हैं। क्या वे भाजपा में तो शामिल होने वाले नहीं हैं या फिर कांग्रेस से अलग होकर कोई नई पार्टी को आकार देने में तो नहीं जुटे हैं। हालांकि, आजाद का कहना है कि यदि उन्हें भाजपा में शामिल होना होता तो वह वाजपेयी के समय में ही चले गए होते। उधर, राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि सियासत में सब कुछ संभव है। पहले भी घोर राजनीतिक मतभेद रहने के बावजूद कई नेताओं ने धुर विरोधी पार्टी का दामन थामा है। विश्लेषकों के अनुसार देश की राजनीति और कांग्रेस में आजाद का बड़ा कद है। जम्मू-कश्मीर के साथ ही पूरे देश में आजाद के समर्थक हैं। राष्ट्रीय महासचिव, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और राज्यसभा में प्रतिपक्ष का नेता रहते उनकी विभिन्न राज्यों में पकड़ है। ऐसे में यदि वे पाला बदलते हैं या फिर नई पार्टी बनाते हैं तो कांग्रेस को बड़ा झटका लग सकता है। यदि ऐसा नहीं होता है तो भी आजाद समर्थकों की चुप्पी का कांग्रेस की सेहत पर असर पड़ सकता है। कांग्रेस पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र और अध्यक्ष पद के लिए चुनाव का मुद्दा उठाकर सोनिया की आंखों की किरकिरी बनने वाले आजाद ने अपने समर्थकों के साथ शनिवार को जम्मू से सोनिया-राहुल के खिलाफ बिगुल फूंका था। गांधी ग्लोबल फैमिली की ओर से आयोजित शांति सम्मेलन में कांग्रेस के लगातार कमजोर होने की बात कही थी। खुलेआम कहा गया कि वे हैं तो कांग्रेस है। सम्मेलन में मंच से यह भी कहा गया कि जब प्रधानमंत्री मोदी आजाद की तारीफ कर सकते हैं तो पार्टी को उनके अनुभवों का लाभ लेने में क्या परहेज है। इस घटनाक्रम के अगले दिन स्वयं आजाद ने मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े। यह आजाद और उनके समर्थकों का कांग्रेस पर दबाव बनाने की रणनीति है। वह पार्टी में सम्मान एवं स्थान पाने के लिए दबाव बना रहे हैं। गांधी-नेहरू परिवार का व्यक्तित्व पहले करिश्माई था। सरकार में रहने पर परिवारवाद का दोष छिप जाता है, लेकिन लगातार चुनावी असफलताओं पर कांग्रेस में आत्ममंथन, आत्मचिंतन की जरूरत है। आजाद समर्थक भी कांग्रेस में लोकतंत्र की बहाली और आत्ममंथन की बात कर रहे हैं। इसे सकारात्मक तरीके से लेना चाहिए। हालांकि, राजनीति संभावनाओं का खेल है, इसलिए इसमें कुछ भी अचानक हो सकता है। मोदी-शाह के कांग्रेस मुक्त भारत अभियान के तहत भाजपा इन्हें लुभाने की कोशिश करेगी। यदि ऐसा हुआ तो मोदी-शाह के साथ ही सोनिया-राहुल को भी इसका श्रेय जाएगा।

# दुश्मन को खोजकर मारेगा 'हंटर किलर', बेहद शक्तिशाली है अर्जुन मार्क-1ए टैंक

**र्जुन टैंक को सेना में शामिल किए जाने के बाद सेना द्वारा इसके अपडेटेड वर्जन के लिए 72 तरह के सुधारों की मांग की गई थी, जिसके बाद डीआरडीओ द्वारा सेना के सुझावों को शामिल करते हुए नया ह्यहंटर किलरह्न टैंक अर्जुन मार्क-1ए तैयार किया गया। ह्यअर्जुन मार्क-1एह्न अर्जुन टैंक का अद्यतन वर्जन है और पहले के वर्जन से ज्यादा अपग्रेडेड, शक्तिशाली, घातक और विध्वंसक है। अर्जुन टैंक दुनिया के बेहतरीन टैंकों में शामिल है और अब इसका अत्याधुनिक वर्जन भारतीय सेना में शामिल होने के बाद भारतीय सेना की ताकत काफी बढ़ जाएगी। डीआरडीओ के वैज्ञानिक वी. बालामुरगन के मुताबिक अर्जुन टैंक में कुल 71 बदलाव किए गए हैं, जिनमें 40 बड़े बदलाव हैं। अर्जुन मार्क-1ए आधुनिक युद्धक टैंक प्रौद्योगिकियों के साथ सुसज्जित है, जिसमें बेहतर मारक क्षमता, उच्च गतिशीलता, उत्कृष्ट सुरक्षा इत्यादि अनेक विशेषताएं हैं। स्वदेशी रूप से डिजाइन व निर्मित मुख्य युद्धक टैंक अर्जुन एमके-1ए में स्वदेशी गोला-बारूद का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।**

**डीआरडीओ द्वारा अर्जुन टैंक के नए संस्करणों की सप्लाई करने के लिए कुछ समय पूर्व सेना के साथ अनुबंध किया गया था। भारतीय सेना के पास पहले से ही 124 अर्जुन टैंक हैं लेकिन वे परम्परागत तकनीक के टैंक हैं, जो पश्चिमी रेगिस्तान में तैनात हैं जबकि अर्जुन मार्क-1ए को आर्म्ड फाइटिंग व्हीकल क्षमता में देश की आत्मनिर्भरता के लिए विकसित किया गया है।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गत दिनों देश का मुख्य स्वदेशी युद्धक टैंक ह्यअर्जुन मार्क-1एह्न (एमके-1ए) चेन्नई में सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे को सौंपते हुए राष्ट्र को समर्पित किया गया। सीमा पर दुश्मनों को करारा जवाब देने के लिए इस टैंक का विकास रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के ह्यलड़ाकू वाहन अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठानह्न (सीवीआरडीई) द्वारा किया गया है। डीआरडीओ रक्षा क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तेजी से कार्य कर रहा है। अत्याधुनिक क्षमता से लैस अर्जुन मार्क-1ए टैंक पूर्णतः स्वदेशी है, जिसकी डिजाइनिंग से लेकर डेवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग तक का सारा काम देश में ही सम्पन्न हुआ है। भारतीय सेना अर्जुन श्रेणी के कई टैंकों का पहले से ही इस्तेमाल कर रही है। गौरतलब है कि टैंक निर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए भारत ने वर्ष 1972 में शुरूआत की थी लेकिन तीन दशकों तक इस क्षेत्र में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने के बाद आखिरकार भारत का स्वदेशी ह्यअर्जुनह्न टैंक परीक्षण में खरा उतरा। अर्जुन टैंक वर्ष 2004 में सेना में शामिल हुआ था और तब से अब तक इसमें कई बदलाव हो चुके हैं।

र्जुन टैंक को सेना में शामिल किए जाने के बाद सेना द्वारा इसके अपडेटेड वर्जन के लिए 72 तरह के सुधारों की मांग की गई थी, जिसके बाद डीआरडीओ द्वारा सेना के सुझावों को शामिल करते हुए नया ह्यहंटर किलरह्न टैंक अर्जुन मार्क-1ए तैयार किया गया। ह्यअर्जुन मार्क-1एह्न अर्जुन टैंक का अद्यतन वर्जन है और पहले के वर्जन से ज्यादा अपग्रेडेड, शक्तिशाली, घातक और विध्वंसक है। अर्जुन टैंक दुनिया के बेहतरीन टैंकों में शामिल है और अब इसका अत्याधुनिक वर्जन भारतीय सेना में शामिल होने के बाद भारतीय सेना की ताकत काफी बढ़ जाएगी। डीआरडीओ के वैज्ञानिक वी. बालामुरगन के मुताबिक अर्जुन टैंक में कुल 71 बदलाव किए गए हैं, जिनमें 40 बड़े बदलाव हैं। अर्जुन मार्क-1ए आधुनिक युद्धक टैंक प्रौद्योगिकियों के साथ सुसज्जित है, जिसमें बेहतर मारक क्षमता, उच्च गतिशीलता, उत्कृष्ट सुरक्षा इत्यादि अनेक विशेषताएं हैं। स्वदेशी रूप से डिजाइन व निर्मित मुख्य युद्धक टैंक अर्जुन एमके-1ए में स्वदेशी गोला-बारूद का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

डीआरडीओ द्वारा अर्जुन टैंक के नए संस्करणों की सप्लाई करने के लिए कुछ समय पूर्व सेना के साथ अनुबंध किया गया था। भारतीय सेना के पास पहले से ही 124 अर्जुन टैंक हैं लेकिन वे परम्परागत तकनीक के टैंक हैं, जो पश्चिमी रेगिस्तान में तैनात हैं जबकि अर्जुन मार्क-1ए को आर्म्ड फाइटिंग व्हीकल क्षमता में देश की आत्मनिर्भरता के लिए विकसित किया गया है। बता दें कि वर्ष 2012 में ही 118 उन्नत अर्जुन टैंक खरीदने के लिए मंजूरी दे दी गई थी और रक्षा खरीद समिति ने वर्ष 2014 में इसके लिए 6600 करोड़ रुपये जारी कर दिए थे लेकिन सेना द्वारा इसकी फायर क्षमता सहित कई अन्य सुधारों की मांग की गई थी। वर्ष 2015 में रूस के साथ 464 मध्यम वजन के टी-90 टैंक की खरीद के लिए 14 हजार करोड़ रुपये का सौदा किया गया था और डीआरडीओ द्वारा सेना की मांग के अनुरूप अर्जुन टैंक को उन्नत किए जाने के बाद ह्यअर्जुन मार्क-1एह्न की खरीद को 2020 में हरी झंडी मिली। भारतीय सेना और डीआरडीओ द्वारा संयुक्त रूप से राजस्थान के सीमावर्ती जैसलमेर स्थित पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में मार्च 2020 में देश में निर्मित उन्नत युद्धक टैंक अर्जुन मार्क-1ए का परीक्षण किया गया था, जो सभी मानकों पर खरा उतरा था लेकिन सेना द्वारा डीआरडीओ से इसमें कुछ और सुधार की मांग की गई थी।

सेना के लिए 8400 करोड़ की कीमत पर 118 अर्जुन मार्क 1ए टैंक खरीदे गए हैं। अर्जुन टैंक का डिजाइन तैयार करने वाले रक्षा अनुसंधान व विकास संगठन (डीआरडीओ) के चेयरमैन जी. सतीश रेड्डी के मुताबिक सेना को पांच टैंक ढ़ाई वर्ष के भीतर सौंप दिए जाएंगे। रेड्डी के अनुसार टैंक के नए संस्करण में जो 71 अतिरिक्त फीचर जोड़े गए हैं, वे इसे दुनिया के सभी श्रेष्ठ टैंकों के समकक्ष खड़ा करते हैं। दुनियाभर में सबसे ज्यादा 9150 टैंक चीन के पास हैं जबकि अमेरिका के पास 8325 और भारत के पास 3569 टैंक हैं। ऐसे में सेना को बेहद ताकतवर बनाने के लिए ऐसे अत्याधुनिक स्वदेशी टैंकों को सेना में शामिल किया जाना समय की बड़ी मांग है। इस टैंक के सेना का महत्वपूर्ण अंग बनने के बाद भारतीय सेना की जमीन पर मारक क्षमता को काफी मजबूती मिलेगी। अर्जुन मार्क-1ए साधारण अर्जुन टैंक से कई गुना ज्यादा ताकतवर है और तेजी से अपने लक्ष्य का पीछा कर सकता है। यह टैंक अपने लक्ष्य को ढूंढ़कर उस पर वार कर सकता है तथा इसमें आड़ लेकर हमला कर रहे दुश्मनों को तबाह करने की विलक्षण क्षमता है और इसी कारण इसे ह्यहंटर किलर टैंकह्न भी कहा जाता है। मारक और बचाव क्षमता के दृष्टिगत विश्वस्तरीय अर्जुन मार्क-1ए टैंक में मुख्य हथियार और सहायक हथियार, दोनों की भूमिका निभाने की क्षमता भी है। इस टैंक में विशेष सेंसर लगाए गए हैं, जो रासायनिक हमले से इसकी रक्षा कर सकते हैं। यही नहीं, टैंक पर ग्रेनेड और मिसाइलों से हमले का भी कोई असर नहीं होगा।

भारतीय सेना की विशेष ताकत बना यह टैंक न सिर्फ लैंड माइंस को साफ करते हुए आसानी से आगे बढ़ सकता है बल्कि अपने लक्ष्य को स्वयं तलाश करने में भी सक्षम है। यह टैंक दिन-रात, हर प्रकार के मौसम अर्थात हर समय अपने लक्ष्य पर अचूक और तेज गति से हमला कर सकता है और दुश्मन को खोजकर मार सकता है। उच्च कोटि के इंजन और बेहद दमदार ट्रांसमिशन सिस्टम से लैस इस टैंक का लचीला हाइपरन्यूमेटिक सस्पेंशन इसे बहुत घातक बना देता है। इसमें दुश्मन पर पहले वार करने, दौड़ते-भागते लक्ष्यों पर भी निशाना साधने और लगातार हिलने वाले लक्ष्यों पर अचूक निशाना लगाने की विलक्षण क्षमता है। युद्ध के दौरान कम से कम समय में दुश्मनों के हमलों का जवाब देने की क्षमता से लैस यह टैंक युद्ध में ज्यादा से ज्यादा दूरी तक दुश्मन के सैन्य साजो-सामान का विनाश कर सकता है। इसमें लगा उच्च गुणवत्ता का रनिंग गियर धमाके के समय भारी झटके को सीमित कर देता है।

68 टन वजनी और 58 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से दौड़ने में सक्षम इस टैंक में गन कंट्रोल सिस्टम और ट्रैक सिस्टम इंजन स्वदेशी हैं। इसमें 1200 एमएम की गन के अलावा 7.62 एमएम और ग्राउंड टार्गेट के लिए 12.7 एमएम की गन लगी है। रात में दुश्मन पर नजर रखने के लिए इसमें थर्मल इमेजिंग सिस्टम लगे हैं। इसके अलावा इसमें लगी एंटी एयरक्राफ्ट मशीनगन से जमीन से ही लड़ाकू हेलिकॉप्टर को मार गिराया जा सकेगा। माना जा रहा है कि आने वाले समय में इस टैंक से मिसाइलें भी छोड़ी जा सकेंगी। टैंक में कमांडर, गनर, लोडर और चालक का क्रू होगा।

**-योगेश कुमार गोयल**

# वह कत्ल भी करते हैं तो चर्चा नहीं होता



तनवीर जाफरी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पिछले दिनों तिरुअनंतपुरम में एक सभा में यह कह दिया कि - ह्यपहले के 15 साल मैं उत्तर भारत से सांसद था। मुझे वहां दूसरे तरह की राजनीति का सामना करना पड़ता था। केरल आना मेरे लिए ताजगी भरा रहा, क्योंकि यहां के लोग मुद्दों की राजनीति करते हैं और सिर्फ सतही नहीं, बल्कि मुद्दों की तह तक जाते हैं।ह्न इस वाक्य में केवल एक तुलनात्मक नजरिया पेश किया गया है जो किसी भी तरह से उत्तर भारतीयों का अपमान नहीं नजर आता। बल्कि सही मायने में राहुल की यह टिप्पणी केरल में 6 अप्रैल को विधानसभा की 140 सीटें पर होने जा रहे आम चुनावों के मद्देनजर राज्य के लोगों को खुश करने की मंशा के तहत की गयी थी न कि उत्तर भारतीयों का अपमान करने के नजरिये से। परन्तु किसान आंदोलन, भीषण मंहगाई, तेल-गैस व ट्रेन भाड़े के मूल्यों में हो रही जबरदस्त बढ़ोत्तरी व बेरोजगारी के विरुद्ध उठती युवाओं की प्रबल आवाज से देश के लोगों का ध्यान भटकाने के लिए सत्ता व मीडिया की जुगलबंदी ने राहुल गांधी के इस बयान को उत्तर भारतीयों के अपमान के रूप में प्रचारित करना शुरू कर दिया। विदेश मंत्री जय शंकर सहित अनेक केंद्रीय मंत्री राहुल गाँधी पर उत्तर दक्षिण के लोगों को बांटने व उत्तर भारतीय मतदाताओं को अपमानित करने का आरोप लगा रहे हैं तो कुछ नेता राहुल को एहसान फरामोश तक कह रहे हैं। गौर तलब है कि जिस केरल के लोगों की उन्होंने तारीफ की यह देश का वही इकलौता राज्य है जिसे शत प्रतिशत साक्षर होने का प्रमाण पत्र दशकों से केंद्र सरकार ही जारी करती रही है। क्या केरल को ऐसा प्रमाण पत्र देना अन्य राज्यों को अशिक्षित बताने जैसा है ?आंकड़े बताते हैं कि यू पी एस सी की परीक्षाओं में बिहार व उत्तर प्रदेश के लोग सबसे अधिक चुने जाते हैं। यदि इस सच्चाई को बयान किया जाता है तो क्या यह अन्य राज्यों के लोगों का अपमान है ? परन्तु सम्मान, अपमान और एहसान फरामोश और एहसानमंदी की इस बहस में यह सवाल तो जरूर उठता है कि आखिर देश की जनता व मतदाताओं का अपमान कहते किसे हैं और वक़्त वक़्त पर यह ह्यकारगुजारी ह्य आखिर कौन लोग अंजाम देते हैं ?

क्या जब देश के लोगों से चुनाव पूर्व कहा जाता है कि ह्यबहुत हुई मंहगाई की मारह्न, और मंहगाई कम करने के नाम पर जनता से वोट ठग लिए जाते हैं।और चुनवोपरांत मंहगाई कम होने के बजाए आसमान छूने लगे, क्या यह जनता का अपमान नहीं ? देश के बेरोजगारों को दो करोड़ नौकरी देने के नाम पर वोट लिया जाए और बाद में दस करोड़ से अधिक लोगों को बेरोजगारी के मुंह में धकेल दिया जाए यह सत्ता पर विश्वास करने वाले बेरोजगार युवाओं के साथ विश्वासघात है या नहीं ? देश के जिन मतदाताओं ने अपने भविष्य के सुनहरे सपने संजोते हुए सत्ता सुख भोगने का अवसर दिया, उनके सपनों को चकनाचूर करना भारतीय मतदाताओं के साथ एहसान फरामोशी करना नहीं तो और क्या है ? जब देश का अन्नदाता अपनी जमीन व अपने अस्तित्व को बचाने के लिए आंदोलनरत हो और सत्ताधीश उन पर देश विरोधी, खालिस्तानी जैसे न जाने कितने आक्षेप मढ़ने लगें वह देश के लोगों का अपमान है या नहीं ? जब सैकड़ों किसान इसी आंदोलन के दौरान दम तोड़ने लगें और कई किसान निराश होकर आत्म हत्या तक करने पर उतारी हो जाएं दूसरी तरफ सत्ता के पास उनके परिजनों लिए शोक व संवेदना के दो शब्द कहने और उनको श्रद्धांजलि देने तक की फुरसत न हो यह पूरे देश के किसानों के अपमान की श्रेणी में आता है या नहीं ? मंहगाई कम होने की आस में बैठी आम, मध्यम व गरीब वर्ग की देश की जनता को इधर उधर लाने ले जाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली पैसेंजर ट्रेन्स के किरायों में दो और तीन गुना वृद्धि कर दी जाए, यह क्या उत्तर तो क्या दक्षिण बल्कि पूरे देश लोगों के साथ धोखा व उनकी उम्मीदों का अपमान नहीं तो और क्या ? परन्तु राहुल गांधी का कथन शायद इन्हें उपरोक्त अपमानजनक परिस्थितियों से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण नजर आता है।

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ ने बजट सत्र के दौरान सदन में दिये गए अपने भाषण में टोपियां पहन कर आने वाले विधायकों पर बड़ा आपत्तिजनक कटाक्ष करते हुए कहा -ह्न कि ढाई साल का बच्चा टोपी पहने व्यक्ति को गुंडा समझता हैह्न। सर पर टोपी धारण करने वालों का यह अपमान है या नहीं ? हमारे देश में टोपी धारण करने की कितनी पुरानी परंपरा है। हिमाचल प्रदेश की रंग बिरंगी टोपियां कितनी लोकप्रिय हैं। मुरली मनोहर जोशी जैसे भाजपा के मार्ग दर्शक प्रायः यही टोपियां पहनते हैं। सबसे अधिक व सबसे भिन्न भिन्न प्रकार की रंग बिरंगी टोपियां व हैट आदि तो स्वयं नरेंद्र मोदी जी ही धारण करते रहे हैं। नेहरू टोपी, गांधी टोपी, कश्मीरी टोपी आदि टोपियों तो अपने आप में ब्रांड बन चुकी हैं।

यह लेखक की निजी राय है

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा हैल्थ ऑफ भारत व दैनिक अमन प्रेस आर. जेड.-138, रविनगर एक्सटेंसन, नियर पार्क हॉस्पिटल, न्यू दिल्ली-110018 से मुद्रित एवं एस-503ए स्कूल ब्लॉक, शक्करपुर दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

# दुनिया के 10 प्रतिशत से भी कम लोगों में विकसित हुई कोरोना वायरस एंटीबॉडी : सौम्या स्वामिनाथन



**जेनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने कहा कि डब्ल्यूएचओ का अनुमान है कि वैश्विक आबादी के 10 प्रतिशत से भी कम लोगों में कोरोना वायरस की एंटीबॉडी विकसित हुई है।

स्वामीनाथन ने एक साक्षात्कार में कहा कि दुनिया भर के 10 प्रतिशत से भी कम लोगों में इस वायरस की एंटीबॉडी है। उन्होंने कहा कि बहुत उच्च घनत्व वाली शहरी बस्तियों में हालांकि 50 से 60 प्रतिशत आबादी वायरस के संपर्क में आ चुकी है और उनमें एंटीबॉडी विकसित हो गई है, लेकिन हर जगह ऐसा नहीं है।

इस इंटरव्यू को डब्ल्यूएचओ के आधिकारिक ट्विटर पेज पर जारी किया गया है।

इंटरव्यू में उन्होंने जोर देकर कहा कि सामूहिक हर्ड इम्युनिटी को प्राप्त करने का एकमात्र तरीका टीकाकरण है। स्वामीनाथन ने कहा कि वर्तमान में स्वीकृत टीके कोविड-19 से गंभीर बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु से सुरक्षा प्रदान करते हैं। हल्के रोग और कोरोना वायरस संक्रमण के संबंध में टीकों की प्रभावशीलता का अब भी अध्ययन किया जा रहा है।

डब्ल्यूएचओ ने वैश्विक महामारी कोरोना वायरस को लेकर कहा कि विश्व में धीरे-धीरे इस महामारी का प्रकोप कम हो रहा है, लेकिन अभी भी बहुत लंबा रास्ता तय करना है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस घेबियस ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन (एमएससी) में कहा हम कोरोना के खिलाफ लड़ाई में धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे हैं।

कोरोना के मामले और इस महामारी से मौतें कम हो रही हैं। अब हमारे पास शक्तिशाली तरीके है, जिसकी एक वर्ष पहले तक हम कल्पना ही कर सकते थे।

# भारत-अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच चीन रक्षा बजट में कर सकता है 7 फीसदी की बढ़ोतरी

**पेइचिंग।** चीन के क्रिया-कलापों से पूरी दुनिया वाकिफ है और उसका अमेरिका और भारत के साथ बढ़ता तनाव भी किसी से छुपा नहीं है। ऐसे हालातों में चीन अपने रक्षा बजट में भारी बढ़ोतरी करने जा रहा है। बताया जा रहा है कि 5 मार्च को संसद के सत्र में रक्षा बजट में बढ़ोतरी का ऐलान किया जा सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक चीन रक्षा बजट में करीब 7 फीसदी की वृद्धि कर सकता है। चीन अपने रक्षा बजट में यह वृद्धि समय पर करने जा रहा है जब दुनिया कोरोना वायरस की मार से जूझ रही है और मंदी की आशंका बढ़ती जा रही है। चीनी मामलों के विशेषज्ञ रॉस बबाजे ने कहा कि चीन का रक्षा बजट करीब 7 फीसदी बढ़ सकता है। कई विशेषज्ञों का कहना है कि चीन अपने रक्षा बजट में इससे ज्यादा वृद्धि कर सकता है



लेकिन रॉस कहते हैं कि कोरोना वायरस चीन को 7 फीसदी से ज्यादा रक्षा बजट बढ़ाने से रोकेगा। चीन का अमेरिका के साथ ताइवान को लेकर कई वर्षों से विवाद चल रहा है लेकिन पिछले कुछ महीने से यह काफी बढ़ गया है।

यही नहीं चीन का अमेरिका के साथ हॉन्ग कॉन्ग में लोकतंत्र पर हमले को लेकर और दक्षिण चीन सागर में सैन्य विवाद बढ़ गया है। यही नहीं चीन और भारत के बीच भी पूर्वी लद्दाख में अभी तनाव चल रहा है। चीन ने कोरोना वायरस की मार के बीच पिछले साल अपने रक्षा बजट में 6.6 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की थी। इस बीच कई विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि चीन अपने सैन्य खर्च का सही-सही आंकड़ा नहीं देता है। चीनी सेना से रिटायर हो चुके सीनियर कर्नल वांग शियांगसुई कहते हैं कि अमेरिकी सेना परमाणु हथियार और अंतरिक्ष में अपनी बादशाहत को कायम रखना चाहती है और चीन इसे बिगाड़ना चाहता है। चीन ऐसे समय पर अपने रक्षा बजट को बढ़ा रहा है जब खबर आई है कि वह अपने मिसाइल ट्रेनिंग एरिया को बहुत बड़े पैमाने पर विकसित कर रहा है। सैटेलाइट तस्वीरों से खुलासा हुआ है कि चीनी सेना इस एरिया में मिसाइलों को रखे जाने वाले स्टोरेज कंटेनर्स (साइलो), सुरंग और सपोर्ट फैसिलिटी का विस्तार कर रहा है।

चीन की इन तैयारियों से यह अंदेशा जताया जा रहा है कि वह आने वाले दिनों में अपनी मारक क्षमता को बढ़ाने और दुश्मनों पर हावी होने के लिए मिसाइलों को मुख्य हथियार बनाएगा। चीन के पास कई ऐसी घातक मिसाइलें हैं जिनका तोड़ अमेरिका के पास भी नहीं है। चीन कम से कम 16 साइलो का निर्माण कर रहा है। इन तस्वीरों से यह भी पता चला है कि वह मिसाइल लॉन्चिंग की नई फैसिलिटी और लोडिंग ऑपरेशन को छिपाने के लिए सुरंगे बना रहा है। इनर मंगोलिया प्रांत के जिलंताई शहर के पूर्व में स्थित इस प्रशिक्षण क्षेत्र में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना रॉकेट फोर्स (पीएलएआरएफ) अपने मिसाइल क्रू को ट्रेनिंग देती है। इसमें ट्रक या ट्रेन के ऊपर लगीं मिसाइलें और सपोर्टिंग गाड़ियां शामिल होती हैं।

## सूडान: हवाई जहाज के कॉकपिट में बिल्ली का धमाल, पायलट को करनी पड़ी आपात लैंडिंग

**खार्तूम।** हवाई जहाज के कॉकपिट में बिल्ली का धमाल सुनकर आपकों आश्चर्य हो रहा होगा लेकिन ऐसा वाकया सूडान की टार्को एयरलाइंस में हुआ जिसके चलते पायलट को प्लेन की इमर्जेंसी लैंडिंग करनी पड़ गई। दरअसल एक बिल्ली कॉकपिट तक पहुंच गई और एक पायलट पर हमला कर दिया।

मीडिया आउटलेट अल-सूडानी की रिपोर्ट के मुताबिक फ्लाइट उस वक्त कतर का राजधानी दोहा जा रही थी जब अचानक बिल्ली के हमले ने पायलट्स को इतना परेशान कर दिया कि उन्हें इमर्जेंसी लैंडिंग करनी पड़ी।

खार्तूम से दोहा जा रही फ्लाइट की कॉकपिट में पहुंची इस बिल्ली ने खूब हंगामा मचाया। तब तक प्लेन आधे की उड़ान पूरी कर चुका था और हवा में था।

## संक्षिप्त समाचार

### बारूदी सुरंग में विस्फोट में दो बच्चों की मौत

पेशावर। उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में बारूदी सुरंग में हुए विस्फोट में दो बच्चों की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि यह घटना अफगानिस्तान की सीमा से सटे अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दक्षिण वजीरीस्तान कबायली जिले की शावल घाटी में हुई। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री महमूद खान ने दोनों बच्चों की मौत पर शोक जताया है। विस्फोट में मारे गये दोनों बच्चे भाई-बहन थे। उनकी उम्र क्रमशः 12 वर्ष और आठ वर्ष थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए कबायली लोगों का बलिदान लंबे समय तक याद किया जाएगा।

### चीन ने सीरम इंस्टिट्यूट-भारत बायोटेक पर साइबर हमले के आरोप को खारिज किया

पेइचिंग। ड्रैगन ने भारत में कोरोना वैक्सीन बनाने वाली कंपनियों सीरम इंस्टिट्यूट और भारत बायोटेक पर चीनी हैकरों के हमले की खबर को खारिज कर दिया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर ऐसी 'अटकलों' को 'गैरजिम्मेदाराना' बताया है। खबरों में कहा गया था कि चीनी हैकरों ने इस हमले के जरिए इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी को निशाना बनाने और वैक्सीन उत्पादन की प्रतिस्पर्धा में बढ़त हासिल करने की कोशिश की। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है, 'चीन सभी साइबर हमलों का विरोध करता है और उनके खिलाफ कार्रवाई करता है। साइबर हमलों के मुद्दे पर अटकलों या फर्जी कहानी का कोई काम नहीं। बिना किसी पर्याप्त सबूत के किसी पार्टी पर आरोप लगाना गैर-जिम्मेदाराना है।' रॉयटर्स ने साइबर इंटेलिजेंस फर्म सायफर्मा के हवाले से भारत में कोरोना वैक्सीन बना रही दोनों कंपनियों को चीनी सरकार समर्थित हैकरों से निशाना बनाए जाने की बात कही है। गोल्मैन सैक्स से जुड़ी कंपनी सायफर्मा के अनुसार चीनी हैकिंग ग्रुप एपीटी10 ने भारत बायोटेक और सीरम इंस्टिट्यूट के आईटी इन्फ्रटास्ट्रक्चर में खामियों का फायदा उठाकर सेंध लगाई थी। ब्रिटिश खुफिया एजेंसी एमआई6 में साइबर से जुड़े बड़े अधिकारी रह चुके सायफर्मा के चीफ एग्जिक्युटिव कुमार रीतेश के मुताबिक एपीटी10 सीरम इंस्टिट्यूट को टारगेट कर रहा था, सीरम कई देशों के लिए एस्ट्राजेनका की वैक्सीन बना रहा है। जल्दी ही सीरम नोवावैक्स का उत्पादन भी बड़े पैमाने पर करने वाला है।

### अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से चीन को जवाबदेह ठहराने का आग्रह किया

ताइपे। प्रमुख तिब्बती, उइगर कार्यकताओं और विद्वानों ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से तिब्बती, उइगर, हांगकांग और मंगोलियाई लोगों के खिलाफ चीनी प्रशासन द्वारा किए अत्याचारों के खिलाफ एकजुट होने और बीजिंग के साथ अपने संबंधों की समीक्षा करने का आग्रह किया है। तिब्बत और उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों के ग्लोबल अलायंस के संयोजक टेसिंग पासांग ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से चीन को जवाबदेह ठहराने का आग्रह कर आश्वासन दिया कि उसका संगठन यह सुनिश्चित करने के लिए हर तरह के प्रयास करेगा। उन्होंने चीन द्वारा अधिकारों के उल्लंघन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक ₹स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय तंत्र₹ के निर्माण का आह्वान कर कहा कि हांगकांग में विरोध प्रदर्शनों और हिरासत केंद्रों जैसे मुद्दों से निपटने के लिए बीजिंग पर और अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चीन के पश्चिम शिंजियाग प्रांत में उइगर मुस्लिमों के लिए बने हिरासत केंद्र जो यातना के केंद्र जैसे हैं, इन्हें चीनी सरकार व्यवसायिक या प्रशिक्षण केंद्र कहकर अपने गुनाहों पर पर्दा डाल रही है। हांगकांग वॉच के बेनेडिक्ट रोजर्स ने कहा कि उनका संगठन शीघ्र ही रिपोर्ट जारी कर रहा है, जो हांगकांग में चीन की अनुचित उपस्थिति को उजागर करेगा। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश सरकार को चीन के साथ सामरिक संबंधों को फिर से देखना चाहिए और इस कब्जे वाले क्षेत्रों में अल्पसंख्यकों के खिलाफ सीसीपी द्वारा किए अत्याचारों के लिए जिम्मेदार ठहराना चाहिए।

### फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को तीन साल की सजा

पेरिस। फ्रांस की एक अदालत ने देश के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को एक जज को मोनेको में उच्च पद के लिए मदद करने के प्रस्ताव के आरोप में भ्रष्टाचार का दोषी मानते हुए तीन साल की सजा सुनाई है। तीन साल की इस सजा में से दो साल की सजा निलंबित रहेगी। दो साल की निलंबित सजा के मायने यह है कि एक साल की जेल की सजा के कारण सरकोजी को शारीरिक रूप से जेल जाने की जरूरत नहीं होगी। फ्रांस में आमतौर पर दो साल के अधिक जेल के मामले में ही यह नियम लागू होता है।
आरोप है कि सरकोजी ने अपने इलेक्शन कैम्पेन फाइनेंस की जांच के मामले में 'अंदर की सूचना' देने के ऐवज में जज को मदद का यह प्रस्ताव किया था।

# अमेरिका ने यूक्रेन के लिए की 12 करोड़ 50 लाख डॉलर रक्षा सहायता पैकेज की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने यूक्रेन के लिए 12 करोड़ 50 लाख डॉलर के सैन्य सहायता पैकेज की घोषणा कर दी है। इस सहायता के तहत यूक्रेनी जलक्षेत्र की रक्षा में मदद के लिए उसे हथियारों से लैस दो गश्ती नौकाएं भी दी गई हैं। पेंटागन ने बताया कि 2021 वित्त वर्ष के लिए संसद ने जिस शेष 15 करोड़ सैन्य सहायता को मंजूरी दी है, वह सहायता तब तक मुहैया नहीं कराई जाएगी, जब तक विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय इस बात को प्रमाणित नहीं कर देते कि यूक्रेन ने इस साल अहम रक्षा सुधारों में पर्याप्त प्रगति की है।

पेंटागन ने अपने एक बयान में कहा मंत्रालय यूक्रेन को प्रोत्साहित करता है कि वह सेना के असैन्य नियंत्रण को मजबूत करने वाले सुधार लागू करना, पारदर्शिता को प्रोत्साहित करना, रक्षा उद्योग एवं खरीदारी में जवाबदेही सुनिश्चित करना और नाटो सिद्धांतों एवं मानकों के अनुरूप रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण करना जारी रखे। यूक्रेन रूस के साथ संघर्ष की स्थिति में है।


रूस ने क्रीमिया प्रायद्वीप पर 2014 में कब्जा कर लिया था और वह पूर्वी यूक्रेन में मास्को समर्थक विद्रोहियों को समर्थन देता है। इस संघर्ष का यह सातवां साल है, जिसमें 14,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और यूक्रेन के उद्योग को भारी नुकसान हुआ है। पेंटागन ने कहा वह दो मार्क 6 गश्ती नौकाओं के अलावा तोपों का मुकाबला करने के लिए रडार उपलब्ध करा रहा है। इसके साथ ही वह उपग्रह से तस्वीरें मुहैया कराने और उनकी विश्लेषण क्षमता में भी मदद दे रहा है। सैन्य चिकित्सकीय उपचार एवं लड़ाई के दौरान जवानों को बाहर निकालने की प्रक्रिया में मदद के लिए उपकरण मुहैया करा रहा है।



इंडोनेशिया के एक शॉपिंग मॉल में कोरोना का टीका लगवाने के लिए आये हुए लोग। - फोटो

# अमेरिका ने कहा, चीन अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल साइलो का निर्माण कर रहा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विशेषज्ञ ने उपग्रह से ली गईं चीनी मिसाइल प्रक्षेपण क्षेत्र में हालिया निर्माण की तस्वीरों के विश्लेषण के आधार पर कहा कि चीन संभवतः 16 नए भूमिगत अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) साइलो का निर्माण कर रहा है। अमेरिकी, रूसी और चीनी परमाणु ताकत पर लंबे समय से नजर रख रहे हैंस क्रिस्टेनसन ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि चीन भूमिगत साइलो से नई परमाणु मिसाइलों के प्रक्षेपण की क्षमता विकसित करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है, ताकि वह कोई परमारणु हमला होने की स्थिति में फौरन कार्रवाई करने की अपनी क्षमता में सुधार कर सके। क्रिस्टेनसन ने कहा कि तस्वीरें संकेत देती है कि चीन 'अमेरिका से संभवतः बढ़ते खतरे का मुकाबला करने की तैयारी कर रहा है। अमेरिका अपने नए परमाणु शस्त्रागार के निर्माण के लिए आगामी दो दशक में सैकड़ों अरबों डॉलर खर्च को न्यायोचित ठहराने के लिए चीन के परमाणु आधुनिकीकरण का हवाला देता रहा है।



हालांकि इसके कोई संकेत नहीं है कि अमेरिका और चीन सशस्त्र संघर्ष की ओर आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन क्रिस्टेनसन की रिपोर्ट उस समय में सामने आई है, जब व्यापार से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा तक कई मामलों पर अमेरिका और चीन के बीच तनाव बढ़ गया है। फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट' के विश्लेषक क्रिस्टेनसन ने कहा कि उन्हें मिली वाणिज्यिक उपग्रह तस्वीरें दर्शाती हैं कि चीन ने उत्तर-मध्य चीन में जिलनताई के निकट एक बड़े मिसाइल प्रशिक्षण रेंज में 11 भूमिगत साइलो का पिछले साल के अंत से निर्माण आरंभ किया। पांच अन्य साइलो का निर्माण इससे पहले शुरू हुआ।

क्रिस्टेनसेन ने जिन 16 साइलो को चिह्नित किया है, उनके अलावा भी चीन के पास 18 से 20 साइलो है, जिनका वह पुरानी अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) डीएफ-5 के साथ संचालन करता है।

## महाविनाशक बम डिफ्यूज करने पूरा शहर हुआ खाली

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी इंग्लैंड के एक्सेटर शहर में दूसरे विश्व युद्ध का महाविनाशक बम डिफ्यूज करने के लिए सेना ने पूरा शहर खाली करा लिया। जब बम को रिमोट कंट्रोल के द्वारा उड़ाया गया, तब उसकी धमक इतनी जोरदार थी कि कई किलोमीटर दूर स्थित घरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए। रिहायशी इलाके में 900 किलोग्राम के बम के मिलने के बाद आसपास के इलाके में सघन तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है। ब्रिटिश सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि इस इलाके में और भी जिंदा बम मिल सकते हैं, जिन्हें अगर समय पर खोजा नहीं गया तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

बम की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे बम डिस्पोजल स्क्वाड और पुलिस ने पूरे इलाके को खाली करा लिया था। उन्होंने यूनिवर्सिटी के 1400 छात्रों समेत ग्लेनहॉर्न रोड के क्षेत्र में लगभग 2600 घरों में रहने वाले लोगों को शुक्रवार और शनिवार को इलाके से दूर सुरक्षित जगहों पर जाने के निर्देश दिए गए थे। इस बम को नियंत्रित विस्फोट के जरिए रविवार शाम 6 बजकर 10 मिनट पर डिफ्यूज किया गया। यह धमाका इतना शक्तिशाली था कि इसी गूंज लगभग 10 किलोमीटर दूर तक सुनी गई।

घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें धमाके के बाद उड़ते मलबे को दिखाया गया है। शुक्रवार को द्वितीय विश्व युद्ध के जमाने के इस बम को निष्क्रिय करने के दो दिन बाद भी आसपास के निवासियों को उनके घरों को लौटने की इजाजत नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि सिक्योरिटी ऑडिट करन के बाद ही हम किसी भी व्यक्ति को उस इलाके में जाने देंगे।

# अंतरिक्ष में बनेगा दुनिया का पहला होटेल, वोयेजर स्टेशन में होगा रेस्तरां, स्पा, सिनेमा हॉल

**लंदन।** इंसानी फितरत का कोई जबाव नहीं है अंतरिक्ष में मानव को भेजने की योजना के बाद अब अब यहां होटेल की परिकल्पना भी साकार होने को है। जानकारी के अनुसार चार साल बाद 2025 में धरती की निचली कक्षा में इस होटेल पर काम शुरू होने वाला है। यहां रेस्तरां होंगे, सिनेमा, स्पा और 400 लोगों के लिए कमरे भी होंगे। ऑर्बिटल असेंबली कॉर्पोरेशन (ओएसी) का वोयेजर स्टेशन 2027 तक तैयार हो सकता है। यह स्पेस स्टेशन एक बड़ा सा गोला होगा और आर्टिफिशल ग्रैविटी पैदा करने के लिए घूमता रहेगा। यह ग्रैविटी चांद के गुरुत्वाकर्षण के बराबर होगी।

वोयेजर स्टेशन के होटेल में कई ऐसे फीचर होंगे जो क्रूज शिप की याद दिला देंगे। रिंग के बाहरी ओर कई पॉड अटैच किए जाएंगे और इनमें से कुछ पॉड नासा या ईएसए को स्पेस रिसर्च के लिए बेचे भी जा सकते हैं। ओएसी के मुताबिक स्पेसएक्स के फेलकान 9 और स्टारशिप जैसे लॉन्च वीइकल्स की मदद से इसे बनाना थोड़ा कम महंगा पड़ सकता है। कक्षा में चक्कर लगाते स्पेस स्टेशन का कॉन्सेप्ट 1950 के दशक में नासा के अपोलो प्रोग्राम से जुड़े वर्नर वॉन ब्रॉन का था। वोयेजर स्टेशन उससे कहीं ज्यादा बड़े स्तर का है। गेटवे फाउंडेशन के लॉन्च के साथ यह पहली बार 2012 में लोगों के सामने आया।

अगर वोयेजर स्टेशन सच होता है तो यह स्पेस में इंसानों का भेजा सबसे बड़ा ऑब्जेक्ट होगा। लंबे वक्त से स्पेस में मटीरियल भेजने की कीमत 8000 डॉलर प्रति किलो रही है लेकिन दोबारा इस्तेमाल के काबिल फेलकान 9 के बाद से यह



2000 डॉलर प्रति किलो तक आ गया। माना जा रहा है कि स्पोसएक्स के स्टारशिप के साथ यह और कम हो सकती है। इनकी मदद से धरती और वोयेजर स्टेशन के बीच लगातार और तेज कनेक्शन मुमकिन हो सकेगा। इसे बनाने वाली टीम में नासा के अनुभवी सदस्य, पायलट, इंजिनियर और आर्किटेक्ट रह चुके हैं जो कई पॉड वाले सिस्टम को तैयार कर रहे हैं। यह स्टेशन हर 90 मिनट पर धरती का चक्कर पूरा करेगा। पहले इसका एक प्रोटोटाइप स्टेशन टेस्ट किया जाएगा। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की तरह फ्री-फ्लाइंग माइक्रोग्रैविटी फसिलटी को टेस्ट किया जाना है। जिन लोगों को यहां लंबे वक्त के लिए रहना होगा, उनके लिए ग्रैविटी चाहिए होगी। इसलिए रोटेशन बेहद अहम है। रोटेशन को ज्यादा या कम करके ग्रैविटी को भी कम या ज्यादा किया जा सकेगा। जब टेस्ट पूरा हो जाएगा तो स्टार (स्ट्रक्चर ट्रूस असेंबली रोबॉट) इसका फ्रेम तैयार करेगा। इसे बनाने में दो साल का वक्त लग सकता है और स्पेस में तैयार करने में तीन दिन।

## फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को भ्रष्टाचार के मामले में एक साल की जेल

**पेरिस।** फ्रांस में पेरिस की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी करार दिया है और उन्हें एक साल जेल और दो साल निलंबित कारावास की सजा सुनाई। फ्रांस में 2007 से 2012 तक राष्ट्रपति रहे सरकोजी (66) को 2014 में एक वरिष्ठ मजिस्ट्रेट से अवैध तरीके से सूचनाएं हासिल करने के प्रयास के लिए दोषी ठहराया गया है।

सरकोजी ने इस मामले में खुद को निर्दोष बताया है और अब वह आगे अपील कर सकते हैं। अदालत ने कहा कि सरकोजी घर पर हिरासत में रहने का अनुरोध कर सकेंगे और उन्हें इलेक्ट्रॉनिक पट्टी पहननी होगी। सरकोजी 2012 में राष्ट्रपति चुनाव के दौरान अवैध धन के इस्तेमाल के आरोप में 13 अन्य लोगों के साथ इस महीने एक और मुकदमे का सामना करेंगे। हालांकि, दो साल जेल की सजा निलंबित होने से उनके जेल जाने की संभावना कम है। उनके पास फैसले के खिलाफ अपील करने के लिए 10 दिन का वक्त है।

अभियोजन पक्ष ने यह साबित किया कि सरकोजी ने जज गिलबर्ट एजिबर्ट को मोनाको में एक नौकरी की पेशकश की थी। इसके बदले में लॉरियाल की लिलियन बेटेनकोर्ट से अवैध रकम लेने के मामले के आरोप की जांच के बारे में गुप्त जानकारी मांगी थी। सरकोजी पर 2007 के चुनावी कैंपेन के लिए ये पैसे लेने का आरोप था। वकीलों ने बताया कि यह बात तब सामने आई जब सरकोजी और उनके वकील थिएरी हरजॉग के बीच बातचीत को टैप किया जा रहा था।

# कोरोना वायरस जांच के लिए जापानियों के एनल स्वाब ले रहा चीन, भड़का जापान

**क्योटो।** कोरोना संक्रमण को लेकर पूरी दुनिया में चर्चा में रहने के बाद चीन का नया कारनामा सामने आया है। खबर है कि चीन अब कोरोना जांच के लिए जापानी लोगों का एनल (गुदा) स्वाब लेने का अनैतिक काम कर रहा है जिसको लेकर जापान सरकार ने चीन से कहा है कि वह कोरोना वायरस जांच के लिए जापानियों के एनल स्वाब न ले। जापानी नागरिकों के चीन पहुंचने पर एनल स्वाब लेने के दौरान होने वाले 'मनोवैज्ञानिक तनाव' की शिकायत के बाद जापान सरकार ने पेइचिंग से इसे बंद करने को कहा है। चीन के एनल स्वाब लेने पर पिछले कुछ दिनों से बवाल मचा है। अभी कुछ दिनों पहले ही अमेरिका ने इसे बंद करने को कहा था। जापान के चीफ कैबिनेट सेक्रेटरी काटसूनओबू काटो ने कहा कि सरकार ने पेइचिंग में अपने दूतावास के जरिए चीन सरकार को यह संदेश भेजा है। जापान सरकार के इस अनुरोध के बाद भी अभी तक चीन की ओर से नीतियों में बदलाव का कोई आश्वासन सरकार को नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि जापान सरकार लगातार चीन पर एनल स्वाब लेने से रोकने के लिए दबाव बनाती रहेगी। जापान सरकार ने कहा कि इस तरह की जांच पूरी दुनिया में कहीं नहीं होती है। कई जापानी कर्मचारियों ने कहा कि चीन एनल स्वाब लेकर लोगों को



अपमानित करना चाहता है और यह उनके मानवाधिकारों तथा गरिमा का उल्लंघन है। इससे पहले चीन में तैनात अमेरिकी राजनयिकों ने दावा किया था कि उन्हें कोरोना वायरस की जांच के लिए एनल (गुदा) स्वाब देने के लिए मजबूर किया गया।

अमेरिका ने इसकी शिकायत की है और कहा है कि नमूने लेने का यह तरीका 'अशोभनीय' है। यही नहीं अमेरिका ने अपने राजनयिकों को निर्देश दिया है कि अगर उन्हें एनल स्वाब टेस्ट के लिए कहा जाए तो वे मना कर दें। इस बीच चीन ने एनल स्वाब लेने के आरोपों को खारिज किया है। चीन ने गुरुवार को इन आरोपों से इंकार किया कि अमेरिकी राजनयिकों की कोविड-19 की गुदा जांच कराई गई है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा कि 'चीन में रह रहे अमेरिकी राजनयिकों से कभी भी गुदा स्वैब जांच कराने के लिए नहीं कहा गया। इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि वॉशिंगटन 'अमेरिकी वियना सम्मेलन के साथ ही अन्य प्रासंगिक राजनयिक कानूनों के मुताबिक अपने राजनयिकों और उनके परिवार की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिकी अखबार ने पिछले हफ्ते खबर दी थी कि अमेरिकी कर्मियों ने विदेश मंत्रालय को बताया कि उनकी गुदा जांच कराई गई।

## ट्विटर ने कोरोना के बारे भ्रामक सूचनाएं फैलाने वाले खातों पर कसा शिकंजा

**न्यूयार्क।** ट्विटर ने कोविड-19 टीकाकरण के बारे में भ्रामक सूचनाएं देने वाले अकाऊंट के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। ट्विटर ने कहा है कि उसने ऐसे ट्वीट पर संकेत लगाने शुरू कर दिए हैं जो कोरोना को लेकर भ्रामक सूचना फैला रहे हैं। ट्विटर ने यह भी कहा कि उसके नियमों का बार-बार उल्लंघन करने वाले अकाउंट को बंद करने के लिए वह 'स्ट्राइक प्रणाली' का उपयोग कर रहा है।

कंपनी ने कहा कि वह कुछ पयर्वेक्षकों की मदद ले रही है जो यह आकलन कर रहे हैं कि ये ट्वीट कोविड-19 टीका भ्रामक सूचनाओं के खिलाफ उसकी नीति का उल्लंघन तो नहीं कर रहे। इससे पहले दिसंबर में भी ट्विटर ने कोविड-19 के बारे में भ्रामक सूचनाओं के खिलाफ कदम उठाए थे।

कंपनी ने ब्लॉग पोस्ट में लिखा, स्ट्राइक प्रणाली की मदद से, हमें यह उम्मीद है कि लोगों को इस बारे में शिक्षित कर पाएंगे कि कुछ सामग्री हमारे नियमों की विरोधाभासी हैं, ताकि वे अपने बर्ताव और लोक संवाद के प्रभाव पर पुनः विचार कर सकें।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



### खैरथल में चला पीला पंजा

# पालिका भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही, कच्चे पक्के अतिक्रमण किये ध्वस्त

» मदरलैंड, हीरालाल भूरानी



खैरथल। कस्बे के भुडावाली स्थित पालिका की 44 बीघा जमीन पर वर्षो से कब्जा कर पक्की तामीर खड़ी करने वालों के खिलाफ नगरपालिका द्वारा विशेष अभियान चला कर जेसीबी की मदद से ध्वस्त किये गए।

पालिका द्वारा मंगलवार दोपहर को कस्बे के हरसौली रोड स्थित बाईपास के समीप खसरा नम्बर 1460,1465 पर पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में पालिका का दस्ता पहुँचा।आग की तरह खबर पूरे कस्बे में फैल गई।लोगो का हुजूम पालिका की कार्यवाही देखने पहुँचे।जिन्हें पुलिस द्वारा हटाया गया।

कार्यवाही को अधिशासी अधिकारी शुभम गुप्ता के नेतृत्व में सहायक अभियंता अनिल जाटव ,कनिष्ट अभियंता मोतीलाल वर्मा ,सुबेसिंह ,कमलेश कुमार ,कुलवंत धवन सहित अनेको सफाई कर्मचारी की टीम ने बाड़ेबंदी ,कच्ची व पक्की दीवार तोड़ते हुए पक्के छतों को छोड़कर अन्य अतिक्रमण हटाये गए।

अभियान के तहत एक आध महिलाओं ने रोष प्रकट करते हुए कुछ समय देने की मांग की।जिस पर पालिका प्रशासन ने एक सप्ताह में स्वेच्छा से खाली करने का आश्वासन दिया। कार्यवाही शाम तक चली। कुछ लोगो के सामान को जब्त किया गया।

#### इनका कहना है

पालिका की भूमि पर कब्जा करने वाले लोगो को तीन दिन का नोटिस देते हुए जमीन खाली करने का दिया गया। फिर भी किसी का आशियाना नही उजड़े इस बात को देखते हुए आज नरमी बरतते हुए एक सप्ताह का समय और दिया गया है। सभी को समझाइश भी कर दी गई है। लोग मान भी चुके है। अभियान निरन्तर जारी रहेगा।हमारा उद्देश्य किसी का आशियाना हटाना नही है।पात्र परिवारों को अन्यत्र बसाने की कार्यवाही की जाएगी। जिसके तहत 50 वर्गगज व 100 वर्गगज के भूखण्ड आवंटित किए जाएंगे।जिन भूमाफियाओं ने बड़े पैमाने पर कब्जा किया गया उनको किसी भी सूरत में बख्सा नही जाएगा।

## अमरनाथ सेवा मण्डल की ओर से सरकारी अस्पताल में आर ओ व वाटर कूलर लगाया



» मदरलैंड, हीरालाल भूरानी

खैरथल। कस्बे के सेटेलाइट अस्पताल में अमरनाथ यात्रा सेवा मण्डल की और से एक आर ओ सहित वाटर कूलर दान दिया गया। सेवा मण्डल के दयाराम महावर ने बताया कि कस्बे के सरकारी अस्पताल में रोगियों व स्टाफ को शुद्ध पेयजल मुहैया करवाने के उद्देश्य से यह दान किया गया है। इस मौके पर सेवा मण्डल के अशोक गुप्ता ,सुभाष गोयल ,अनुज गुप्ता मौजूद रहे। अस्पताल प्रभारी डॉ नितिन शर्मा ,वरिष्ट चिकित्सक डॉ राजेश लालवानी ने अमरनाथ यात्रा सेवा मण्डल का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मानवता की सेवा कार्य मे अग्रणी रहने वाली संस्था ने समय समय पर अस्पताल में बहुत योगदान दिया है।

## रैणी कस्बें में बंदरो से लोग परेशान

» मदरलैंड संवाददाता



रैणी कस्बें में बंदरो से लोग परेशान हैं घरों की छतों पर सुबह से शांम तक बंदरों का आना जाना लगा रहता हैं। लोग अपनी छतों पर जाने में डरने लगे हैं बंदर दर्जनों की संख्या में एक साथ मिलकर सड़को, सरकारी भवनों, आम रास्तों, सरकारी विधालय, हॉस्पिटल आदी जैसे मुख्य स्थानों पर देखने को मिल जाते हैं। जहाँ पर लोगों का आना जाना लगा रहता हैं। इससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही हैं। कई बार बंदर लोगो को काट भी चुके है लेकिन जिम्मेंदार प्रशासन व स्थानिय ग्राम पंचायत के द्वारा अभी तक बंदरों को नही पकड़वाया गया है। हालात अब यह हो गये है कि बंदर छतों से सूखने वाले कपड़ो को फाड़ देते है या फिर कपड़ो को उठाकर ले जाते हैं।

प्रशासनिक लापरवाही सामने

लोग प्रशासन द्वारा बंदरों को पकड़वाने की उम्मीद लगाकर बैठे रहते हैं। फिर कोई कार्यवाही नही होती हैं। सुबह के समय छोटें छोटे बच्चें विधालय एवं टयूशन पढ़ने जाते है ऐसे में सड़को पर एक साथ बंदरों को देखकर डरकर भागने लग जाते हैं भागने के दौरान बंदरों के द्वारा बच्चों पर हमला करने की आशंका बनी रहती हैं। अब बच्चें विधालय जाने से कतराने भी लगे हैं लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा हैं। प्रशासन आंख बंद कर तमाशबीन बनकर नजारा देख रहा हैं।

### संक्षिप्त समाचार

## सोसल मीडिया पर मिशन चलाकर जुटाई बेसहारा गरीब परिवार के लिए आर्थीक सहायता राशि



मदरलैंड संवाददाता, राजगढ़। ठोसडा दुब्बी में तीन बेटी जिनकी उम्र 12 साल व 10 साल 3साल व एक बेटा 6 साल है व पत्नी एवं 60 वर्षीय पिता का मात्र एक सहारा स्वर्गीय जगदीश बैरवा उम्र 33 वर्ष का टी बी की लम्बीं बिमारी के कारण 01 मार्च को स्वर्गवास हो जाने के बाद इस परिवार का पालन पोषण करने वाला कोई नहीं रहा। जगदीश की माता का निधन 23 वर्ष पहले हो गया था। जिस समय जगदीश की उम्र 10 वर्ष थी और दो छोटे भाइयों का पांच साल पहले देहांत हो गया था पिताजी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। इस खबर को सोशल मीडिया पर सूनकर सर्व समाज के जन सेवकों ने सोशल मीडिया पर एक मिशन स्व. जगदीश बैरवा ठोसडा दुब्बी चलाया गया। जिसमें सर्व समाज के जनसेवको ने व सक्रिय साथियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं संत बाबा नवयुवक मंडल दुब्बी समाज सेवक दोस्त टीम सर्व समाज जन सेवा टीम इत्यादि आदि सर्व समाज जनसेवकों ने अपना सहयोग करके साथ मे अपनी टीम से मिलकर अपने दोस्तों से सहयोग करवाया जिसमें 450 सहयोगियों ने सहयोग किया जिसमें कुल 108544. रुपये आर्थिक सहयोग राशि आई। जिसमें हेमलता कमलेश अनावडा ने 5100 रुपए का उच्च सहयोग किया मिशन की सहयोग राशि एडमिन पैनल के सक्रिय सदस्यों के द्वारा पीड़ित परिवार को देकर मिशन का समापन किया जिस राशि को आज दिनांक 1मार्च को मिशन के सक्रिय सदस्य और ग्रामवासी, एवं अर्चना कुलदीप बना पंचायत समिति सदस्य, मुन्नी विनोद मीणा सरपंच दुब्बी, प्रकाश दुब्बी, मिट्ठन खोड़ा, महावीर सिंह उप सरपंच दुब्बी, सूनिल भाकरी, कमलेश मीणा सरपंच ढिगावाडा, राकेश दुब्बी डेयरी सचिव, पप्पूराम बैरवा, दयाराम फौजी दुब्बी, उदयराम प्रजापत सदस्य रिफाइनरी टीम बाड़मेर, सीताराम अनावडा, जैयन अनावडा, , महावीर उपसरपंच, विनोद सरपंच, कमलेश संरपच ढिगावडा, प्रीति जंगल कैंप पूर्व महासचिव पी जी कालेज राजगढ, लोकेंद्र भाटी, चुन्नीलाल, मुकेश बैरवा, भगवत सिंह, नन्द सिंह, कैन्हाया लाल, गायक कैलाश भाबला आदि ग्रामवासि मौजूद रहे। जिसमें .90000 नब्बे हजार.रु.पीड़ित की तीनों बच्चीयो एफ. डी कराने व शेष बची राशि 18544. रू.को पीड़ित परिवार के घर खर्च में काम में लेने का मिशन के सभी सदस्यों ने व ग्रामवासियों ने निर्णय लिया। इस मुहिम को चलाने वाले सभी समाज सेवकों का ग्राम वासियों ने व सरपंच मुन्नी विनोद अनावडा ने बहुत-बहुत आभार जताया और मिशन के सक्रिय सदस्यों की तरफ से प्रकाश दुब्बी एवं मिट्ठन खोड़ा ने दुब्बी सरपंच से इस बी पी एल पिडीत परिवार को रहने के लिए आवासीय प्लाट दिलाने की घोषणा की गांव के पास सरकारी जमीन से आलोट कराकर इन्द्राआवास योजना के तहत पक्का मकान बनवाने की मांग की उसके लिए सरपंच ने गांव वालों की सहमति से पंचायत से प्रस्ताव कराकर जमीन उपलब्ध कराने का और जब भी दुब्बी पंचायत में इन्द्राआवास आएंगे तो प्रथम वरियता सूची में इस परिवार को शामिल करने का आश्वासन दिया।

# लोग एक महीने से दूषित पेयजल पीने को मजबूर

### ग्रामीणों को बीमारी होने का खतरा

» मदरलैंड, नागपाल शर्मा



माचाड़ी कस्बे के बस स्टैंड से रैणी चौराहे की ओर जाने वाले मार्ग पर रहने वाले परिवारों तथा दुलीचंद कॉलोनी में रहने वाले परिवारों को करीब एक माह से दूषित पानी पीने को मिल रहा है। नलों में दूषित पानी आने की वजह से कई बार संबंधित अधिकारियों को सूचित करने के बावजूद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है आज दिनांक 2 मार्च मंगलवार को जब जलदाय विभाग द्वारा ट्यूबेल सप्लाई खोली गई तो नलों में पानी के साथ साथ छोटे-छोटे कीटाणु नुमा कीड़े पानी के साथ तैरते हुए नजर आए। तब परिवार के लोगों ने ग्राम पंचायत सरपंच व जलदाय विभाग कर्मचारी को मौके पर बुलाकर पानी का हाल दिखाया उसके बाद कनिष्ठ अभियंता हरीश सैनी को दूरभाष पर जानकारी दी और आने को कहा इस पर कनिष्ठ अभियंता हरीश सैनी ने कहा कि मैं करीब एक घंटे में आ रहा हूं लोगों ने उनका इंतजार किया लेकिन वह दो घंटे तक भी नहीं आए तब जाकर लोगों ने क्षेत्रीय विधायक से दूरभाष पर बात की तब क्षेत्रीय विधायक ने उन्हें समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया। उसके बावजूद भी लोग नहीं माने और पानी से भरी बाल्टी उनके आवास सूइला बॉस दिखाने के लिए ले गए जब लोग पानी की बाल्टी लेकर वहां पहुंचे तो पता चला कि क्षेत्रीय विधायक विधानसभा चालू होने की वजह से जयपुर गए हुए हैं। तब लोग बाग मायूस होकर वहां से आ गए लेकिन उस दरमियान क्षेत्रीय विधायक के घर पर उपस्थित महिलाओं को जब पानी की बाल्टी दिखाकर बोले की इस तरह का पानी आपके घर में आए तब आप पर क्या गुजरती है। विधायक जब जयपुर से आए तब उनको इस पानी के बारे में जानकारी देना। इस पर महिलाओं ने कहा कि हम इस पानी के बारे में उनसे जरूर बोलकर आपकी समस्या को जल्दी दूर करवाएंगे इस पर लोगों ने कहा कि अगर हमारी समस्या को अब भी दूर नहीं किया गया तो मजबूरन हमें चक्का जाम आंदोलन करने की नौबत खड़ी हो जाएगी। उस समय कोई भी जन समस्या या जन हादसा हुआ तो उसका जिम्मेवार स्वयं प्रशासन होगा। इसलिए नई पाइपलाइन बिछवाकर तथा अवैध कनेक्शनों की जांच कर उन्हें हटाए जाने की मांग की हमारी समस्या को दूर करने की कोशिश करें इस अवसर पर डॉक्टर सीताराम गुप्ता सरपंच पति आनंद सिंह राजपूत व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश रावत बचन सिंह घनश्याम जांगिड़ लक्ष्मी नारायण कहार हरिनारायण कहार सुनील खंडेलवाल कैलाश जांगिड़ घनश्याम जांगिड़ ओम प्रकाश सैनी दौलत सिंह संतरा जांगिड़ गजेंद्र सिंह धाकड़ अवधेश रेशमी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नवयुवक मंडल के तत्वाधान में डे नाइट दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन



» मदरलैंड संवाददाता

माचाड़ी कस्बे के बाराई माता मंदिर के पास स्थित बांध की पाल के नीचे नवयुवक मंडल माचाड़ी के तत्वाधान में आयोजित डे नाइट दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन रविवार रात्रि को हुआ। पी.टी. आई. जुगल किशोर व राजेंद्र यादव द्वारा रात्रि को मच करवाया गया जिसमें प्रथम विजेता टीम जगता बसई को इक्यावन सौ रुपए तथा शिल्ड द्वितीय टीम उपविजेता माचाड़ी को इक्कीस सो रुपए तथा शील्ड उसके बाद रन अप में विजेता पिनान टीम को पांच( 500 )सौ रुपए पुरस्कार के रुप में दिए। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच पति आनंद सिंह डॉक्टर सीताराम गुप्ता पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष किशन बटवाड़ा व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश रावत कांग्रेश ब्लॉक अध्यक्ष सीताराम सैनी विमलेश भदोरिया रतन शर्मा व नवयुवक मंडल के सभी सदस्यो ने मैदान में सभी खिलाड़ियों की सराहना की और कहा कि इन खिलाड़ियों ने इमानदारी से अपने खेल को खेल कर इस माचाड़ी गांव का और अपना नाम रोशन किया तथा विजेता टीम के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए अपना व अपने परिवार का नाम रोशन कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा तहसील खोले जाने पर ग्रामीणों ने जताया विधायक हुडला का आभार

» मदरलैंड, राहुल जोशी



मण्डावर। महवा विधायक ओम प्रकाश हुडला का ग्रामीणों द्वारा बैजुपाडा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और तहसील मुख्यालय बनाये जाने पर उनके निज निवास रामकुटी उकरून्द पर पहुँचकर स्वागत किया। विधायक हुडला ने बैजूपाड़ा के लोगो को आश्वस्त किया कि आपने जो थाने की मांग की है वो जल्द ही उचित स्थान पर पहुँचा दी जाएगी। मंडावर में नवीन कॉलेज तथा बालाहेडी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को क्रमोन्नत कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाये जाने पर भी ग्रामीणों द्वारा फूल मालाओ व साफा पहनाकर विधायक का स्वागत किया।

गौरतलब हैं कि वर्तमान में महवा तहसील में बाबा भीम राव अम्बेडकर राजकीय महाविधालय संचालित हैं और अब मंडावर कस्वे में भी राजकीय महाविधालय खुलने से आस पास मंडावर तहसील और बैजूपाडा तहसील के छात्रों और परिजनों को भी इसका बहुत लाभ होगा बैजूपाडा के तहसील बनाये जाने से वहां ग्रामीणों को भी अब अपने राजस्व कार्यो के लिए इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा। इस दौरान लोगो से बात करते हुए हुडला ने कहा की ग्राम पंचायतों में सामुहिक हित की समस्याओं को निस्तारित करने से विकास को त्वरित गति देने के प्रयास किये जा रहे हैं।

इन कार्यो से अधिकाधिक लोग भी लाभान्वित होंगे। सवार्गीण विकास के लिये हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं।

इस दौरान ग्रामीणों ने महवा विधायक से बैजुपाड़ा में नया पुलिस थाना और ढिगारिया भीम में सहायक अभियंता कार्यालय खोलने की मांग की।

जिस पर महवा विधायक ने ग्रामीणों को मुख्यमंत्री से मिलकर दोनों कार्यो को जल्द से जल्द पूरा करवाने का भरोसा दिया।

## चूल्हे पर रोटी बनाकर किया विरोध प्रदर्शन



» मदरलैंड, योगेश पवार

जयपुर। केन्द्र सरकार द्वारा घरेलू गैस और पैट्रोल एवं डीजल के मुल्यो में लगातार वृद्धि को लेकर राजस्थान यूथ कांग्रेस द्वारा राजस्थान यूथ कांग्रेस कार्यालय से लेकर कलैक्ट्री सर्किल तक विरोध प्रदर्शन किया गया।

जयपुर शहर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सुनील सिंघानिया एवं युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कलैक्ट्रेट के बाहर रोड़ पर बैठकर चूल्हे पर चाय एवं रोटी सब्जी बनाई एवं पैट्रोल की कीमत 100 रुपए होने पर आम नागरिकों को मिठाई खिलाकर अपना विरोध प्रदर्शन जाहिर किया।

राजस्थान प्रदेश कार्यालय प्रभारी संजीता सिहाग ने चूल्हे के ऊपर रोटी बनाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए केन्द्र सरकार से मांग की है कि घरेलू गैस और पैट्रोल की कीमतो को कम करके जनता को राहत प्रदान की जाए। प्रदर्शन में अभिषेक सोमरा, राकेश मीणा, सतवीर आलोरिया, राजेश गुर्जर, पूजा भार्गव, जयपुर ग्रामीण अध्यक्ष बंशीधर सैनी, टीपू सुल्तान, साबिर कुरैशी, जावेद कुरैशी, सुरेश कुमावत, रामफूल मीणा, राकेश सैनी, सचिन हसीजा, छगनलाल, जावेद खान, शंकर गुर्जर, दीपक सिंह, आनन्द शर्मा, राजू यादव, दिनेश चौधरी, मूसा खान और बृजेश मीणा मौजूद रहे।

## नामदेव रोहिल्ला समाज के मोहनलाल अध्यक्ष बने



» मदरलैंड संवाददाता

खैरथल। श्री नामदेव रोहिल्ला टाक क्षत्रिय विकास समिति के सम्पन्न हुए चुनावो में मोहनलाल टेलर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया। कस्बे की महावर धर्मशाला में आयोजित चुनावी बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा ने की जबकि चुनाव अधिकारी रेवाड़ी के नामदेव समाज के प्रधान सतीश चन्द थेपडा एवं मास्टर विजयसिंह की मौजूदगी में चुनाव निर्विरोध सम्पन्न कराये गए।इसके अलावा आम सहमति से गिर्राज प्रसाद वर्मा को सचिव व नारायण दास को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# पुलिस ने कुए का पानी खाली कर बरामद की शीतला माता की मूर्ति

» मदरलैंड, अमित भारद्वाज

- रामगढ़ पुलिस ने चार नाबालिग आरोपी किये गिरफ्तार
- पूर्व विधायक ज्ञानदेव का आरोप, असल आरोपी नहीं पकड़े तो थाने पर धरना

रामगढ़। थाना क्षेत्र के गांव जय कॉलोनी डोली में शीतला माता मंदिर से गायब मूर्ति को पुलिस ने पास के ही एक कुएं से बरामद कर लिया है। पुलिस ने मामले में निरुद्ध किए गए चार नाबालिग आरोपियों से पूछताछ के बाद मंदिर चबूतरे के समीप स्थित एक कुएं से सोमवार को शीतला माता की मूर्ति को बरामद किया है।

#### खंडित है मूर्ति

शीतला माता के चबूतरे से मूर्ति को हटाकर आरोपियों द्वारा कुआं में फेंक देने का आरोप लगाने वाली महिला की जिस बात को पुलिस मानने से इंकार कर रही थी। कथित नाबालिग आरोपियों से पूछताछ के बाद कुएं से बरामद मूर्ति ने प्रत्यक्षदर्शी महिला एवं ग्रामीणों के आरोप को एक तरह से सिद्ध कर दिया है।

#### पानी से भरा था कुआं

थानाधिकारी रामनिवास मीणा के अनुसार नाबालिक आरोपियों के कबूलनामे के बाद चबूतरे से कुछ दूरी पर स्थित पानी से भरे कुएं को ट्रैक्टर चलित मोटर से खाली किया गया। इसके बाद एएसआई बंसीलाल ने ग्रामीणों की मदद से तलाश कर मूर्ति को बाहर निकाला। यह मूर्ति खंडित अवस्था में मिली है।

#### गुनहगारों को बचा रही है पुलिस

पूरे मामले को लेकर जहां एक तरफ ग्रामीणों में आक्रोश है। वहीं दूसरी तरफ पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने पुलिस पर नामजद असल गुनहगारों को बचाने का आरोप लगाया है। आहूजा ने कहा कि पुलिस ने दबाव में समुदाय विशेष के असल गुनहगारों को बचाने के लिए परिवार के नाबालिक मासूम बच्चों पर आरोप मढ़ दिया है। पूर्व विधायक ने पुलिस को चेतावनी भरे लहजे में कहा की यदि 4 मार्च तक असल आरोपी नहीं पकड़े गए तो पकड़े गए पूरी ताकत के साथ रामगढ़ थाने का घेराव कर धरना दिया जाए।

#### इनका कहना है :

नामजद आरोपी परिवार के दो बच्चों से पूछताछ में दो और अन्य बच्चों के नाम इस घटना में सामने आए। जिस पर चारों बच्चों को थाने लाकर पूछताछ की जाकर कुए से मूर्ति बरामद कर ली है। इस मामले में चारों बच्चे ही आरोपी है। तथा कोई भी बालिग व्यक्ति इस घटना में शामिल नहीं है ह्र रामनिवास मीणा थानाधिकारी रामगढ़।

## पंचायत समिति सभागार में समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता



रामगढ़ पंचायत समिति में ग्राम विकास अधिकारी नरेगा सहायक एवं रोजगार सहायकों की बैठक में विकास अधिकारी हेमराज मीणा द्वारा ग्राम पंचायतों द्वारा कराए गए विकास कार्य नरेगा कार्य एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनवाए गए शौचालयों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई गई।

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र के शौचालय वहींन घरों में बनवाए गए शौचालयों की सीसी रिपोर्ट पेश नहीं की है उन ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारियों से स्पष्टी करण मांगते हुए सीसी रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया।

इसके अलावा नरेगा कार्यों में श्रमिकों को पूरा कार्य पूरा मानदेय दिलाने पर भी नरेगा सहायकों को निर्देश दिए गए और नरेगा कार्यों पर पानी पिलाने के लिए 5 प्रतिशत मरेगा विकलांग कोटे से लगाने के के लिए राज्य सरकार के आदेशों की पालना करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

बैठक में विकास अधिकारी प्रेम राज मीणा, सहायक अभियंता ताराचन्द जाटव, कनिष्ट अभियन्ता राहुल, पंचायत प्रसार अधिकारी रमेश गुर्जर, अखिलेश गुप्ता, ग्राम विकास अधिकारी आलम जहांगीर, राकेश श्रीधर शर्मा ,लेखराज सैनी, अनिल गौड़, अशोक मीणा, दीनेश कुमार, मुल्क राज दीपक शर्मा सुभाष शर्मा सहित सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी एवं नरेगा सहायक मौजूद रहे।

## श्रीश्याम मंदिर तिजारा की कार्यकारिणी के अध्यक्ष बने अभय सिह



» मदरलैंड, महावीर प्रसाद

तिजारा। कस्बे के मुख्य बाजार स्थित श्रीश्याम मंदिर तिजारा की कार्यकारिणी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं भंडारी के पदों पर चुनाव सम्पन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी नन्दलाल आर्य ने बताया जिसमे अभय सिह यादव अध्यक्ष, दयाराम उपाध्यक्ष, कृष्ण कुमार कोषाध्यक्ष , मुकुल शर्मा- सचिव तथा देशराज अग्रवाल भण्डारी चुने गये। इस अवसर पर नव निर्वाचित कार्यकारिणी का उपस्थित लोगो ने स्वागत किया। अवसर पर चुनाव प्रक्रिया में सहयोगी नरेश शर्मा, राजेश यादव, राजेश शर्मा , श्याम मंदिर की पूर्व कार्यकारिणी पदाधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्वच्छता शिविर सम्पन्न, स्वयंसेवियो को पढ़ाया मेहनत, अनुशासन का पाठ

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। नेशनल कन्या इण्टर कालेज खानपुर की एनएसएस इकाई द्वारा भारत सरकार के युवा कार्यक्रम तथा खेल मंत्रालय की ओर से एक्शन प्लान के अन्तर्गत संचालित 7 दिवसीय स्वच्छता कार्यक्रम का ब्लाक सभागार में समापन हो गया। मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष विनोद शर्मा ने कहा कि नकारात्मक उर्जा को सकारात्मक उर्जा में परिवर्तित कर उन्हे रचनात्मक कार्यों में लगे रहना चाहिये। परिश्रम का दुनिया में कोई विकल्प नहीं है। उप निरीक्षक कल्पना शर्मा ने स्वंयसेवियों को स्वच्छता के साथ-साथ यातायात नियमों का पालन करने तथा व्यसन मुक्त समाज की स्थापना करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिये प्रेरित किया।



कार्यक्रम अध्यक्ष प्रभारी खंड विकास अधिकारी जगेन्द्र सिंह राणा ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिये स्वच्छता का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने स्वयंसेवियों रोजी मलिक, शिवानी वर्मा, खुशी, आयुषी, मोहिनी, प्रियान्शु, प्रवेज, क्रिश निखिल अमिषा ने मंचित स्वच्छता सम्बन्धी नुक्कड़ नाटक को जनसामान्य के लिये प्रेरणादायक बताया। प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम गुप्ता ने कहा कि बच्चों को आदर्श छात्र के पांचों लक्षण ग्रहण कर मंजिल हांसिल करने का मार्ग स्वतः ही प्रशस्त करना होगा। कार्यक्रम अधिकारी बलराम गुप्ता ने 7 दिवसीय स्वच्छता कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा चंद्रपुरी में स्वयंसेवियों द्वारा किये गये स्वच्छता सर्वेक्षण की रिपोर्ट पढ़कर सुनाई। इसमें 31 परिवार ऐसे पाये गये जहां शौचालय नहीं हैं। परिवार पेयजल सुविधा से वंचित हैं। कई गलियों में स्ट्रीट लाइट का अभाव हैं। समारोह में थानाध्यक्ष विनोद शर्मा व प्रभारी बीडीओ जगेन्द्र सिंह राणा ने दीपा, शिवानी, रूपा, कामनी चैहान, ऋतु, काजल, रोशन, शीतल, सोनिया सैनी, नेहा सैनी, वंशिका सैनी, अंशिका सैनी, प्रीति सैनी, शीपल सैनी, शालू, भावना, मोनिका, टीनू, वितुल, सुनीता, करिश्मा, पायल, शिवांशु शर्मा, मिनाक्षी, हंसिका, खुशी, सुमन, निशा, निशु, रूपा, मन्जू, नेहा, अन्जू, सुजाता, अंजली, जोनी कुमार, मोहित कुमार, सुन्दर सिंह, सुमित कुमार, ममता, अंजली, शेखर, आशु, मुकेश कुमार समेत 30 स्वयंसेवियों को अच्छा कार्य करने के लिये बैग व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। पेन्टिंग प्रतियोगिता में खुशी, शालू, व हंसिका को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार के रूप में मेडल प्रदान किये गये। अन्य सभी स्वंयसेवियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर सिद्वार्थ जैन, खुडियाल, मंगतराम, अखिल वर्मा, ओमपाल सिंह मौजुद रहे।

# मूर्ति तोड़ने पर भड़की भीड़, जाम लगाया, पुलिस के छूटे पसीने

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। झूला पूल के पास गंगनहर किनारे लगाई गई मूर्ति को तोड़ने से हंगामा खड़ा हो गया। मौके पर पहुंचे एक समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। इससे पुलिस के भी पसीने छूट गए। किसी तरह पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत किया। मामले को लेकर देर शाम तक मौके पर हंगामा और विरोध प्रदर्शन चलता रहा। पुलिस के अनुसार स्थिती पूरी तरह से नियंत्रण में है। सरकारी भूमि होने के कारण मूर्ति हटवाई गई है। विभाग से दोबारा मूर्ति लगवाने को लेकर बात की जा रही है। उधर एक समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि भेदभाव के चलते मूर्ति को तोड़ा गया है। मूर्ति को तोड़ना आज भी समाज के प्रति कुछ लोगों की सोच न बदलने को दशार्ता है। लोगों ने चेतावनी दी कि अगर मूर्ति वापस उसी स्थान पर नहीं लगाई गई तो फिर पूरे जनपद में हंगामा और विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। स्थिती को देखते हुए पुलिस भी रात भर क्षेत्र में नजर बनाए रही। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों से शांति व आपसी भाईचारा बनाए रखने का भी आहवान किया। एसपी देहात प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून अपने हाथ में न लेने की कोशिश करे। मामले का हल निकाला जा रहा है। किसी की भी भावना को आहत नहीं होने दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### फिल्म की शूटिंग देखने को उमड़ी भीड़, पुलिस के छूटे पसीने

मदरलैंड संवाददाता, पिरान कलियर। उत्तराखंड की वादियों में चल रही हिंदी फिल्म की शूटिंग की यूनिट पिरान कलियर पहुंचकर साबिर पाक के आस्ताने में सूफियाना गाने की शूटिंग की। देर रात तक शूटिंग चलती रही। शूटिंग के दौरान पुलिस प्रशासन को भीड़ काबू करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। एक हिंदी फिल्म की यूनिट शूटिंग के लिए सोमवार को कलियर पहुंची। सोमवार रात टीम ने दरगाह साबिर पाक के आस्ताने पर सेट लगाकर एक सूफियाना गाने की शूटिंग की। शूटिंग देखने के लिए लोगो की भीड़ जुट गई। पुलिस प्रशासन ने भीड़ पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। शूटिंग देख रहे दर्शकों मोबाईल के इस्तेमाल पर रोक लगाकर शूटिंग देर रात तक की गई। फिल्म के डायरेक्टर करन राजदान ने बताया कि उनकी पुरी फिल्म उत्तराखंड में शूट की जा रही हैं। उनकी फिल्म में एक सूफियाना गाना रिकॉर्ड किया गया हैं। जिसके बोल है मोला मेरे मोला हैं। जिसे मास्टर सलीम ने गाया हैं। उसी को शूट करने के लिए कलियर शरीफ में फिल्म से जुड़े कलाकारों के साथ शूटिंग की गई हैं। अब तक उत्तराखंड के देवप्रयाग ,कुंजापुरी ,बालकुमारी माता मंदिर व ऋषिकेश और अब कलियर शरीफ में शूटिंग की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि उनकी यह फिल्म सौ फीसदी उत्तराखंड में दर्शाई जा रही हैं। अब तक उत्तराखंड में केवल एक दो स्थानों पर फिल्म दर्शाई गई हैं। उनकी इस फिल्म में युवाओं में प्यार मोहब्बत और सद्भावना जगाना हैं। ये फिल्म दो दोस्तों की कॉलेज की कहानी पर आधारित हैं। इसमें कुछ लव स्टोरी हैं इमोशनल भी इसमे देखने को मिलेगा। 15 फरवरी से उत्तराखंड में शूटिंग चल रही है। मार्च में भी इसकी शूटिंग उत्तराखंड में होगी। इसमे प्रमुख कलाकार रहेंगे आशीष शर्मा जो टीवी जगत की दुनिया का जाने माने चेहरे हैं। इसके अलावा अंकित राज और मास्टर सलीम भी सूफियाना गाने मे हैं। फिल्म की हीरोइन सोनारिका भदौरिया हैं, अनूप जलौटा ,दीपिका चिखलिया ,अरुण नामदेव ,रजा आदि कलाकार शामिल हैं।

### देव दर्शन कर लौटे जत्थे का हुआ भव्य स्वागत

मदरलैंड संवाददाता, श्री राम जन्मभूमि निधि समर्पण महा अभियान 15 जनवरी से 27 फरवरी तक में लगे रुड़की के स्वयं सेवकों का जत्था बस से श्री अयोध्या जी 27 फरवरी को निधि समर्पण समापन कार्यक्रम में अयोध्या पहुंचा तथा श्री राम जन्मभूमि दर्शन, काशी विश्वनाथ दशन त्रिवेणी स्नान, सारनाथ दर्शन तथा चंद्रशेखर आजाद बलिदानी स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। सघ के विभाग कार्यवाह अनुज ने अपने संबोधन में कहां की शास्त्रो मे लिखा है राष्ट्र देवो भवः। जननी और जन्म भूमि स्वर्ग से भी बढकर है। भारत माता हमारी आराध्य देवी है जिसकी रक्षा और अखण्डता के लिए असख्य बलिदानियो ने अपने प्राण न्यौछावर किये चन्द्र शेखर आजाद भी देश के दुश्मनो से लडते हुए अन्तिम गोली से अपनी खोपड़ी उडा दी क्योंकि चन्द्र शेखर देश और अपने को आजाद देखना चाहते थे। सघ भी सज्जन शक्ति का एकत्रित कर भारत को परम वैभव पर पहुचाना चाहता है। भ्रमण कार्य क्रर्मो के द्वारा युवा स्वय सेवको मे धामिक ऐतिहासिक सांस्कृतिक बौद्धिक विकास करती है तथा भारत के गौरव शाली अतित का स्मरण कराती है। देव भ्रमण कर लौटे जत्थे का हल्लू माजरा गाव मे ढौल श शख बजाकर .मालए पहना कर स्वागत किया जिला कार्यकार त्रिभुवन के आवास पर भोज का आयोजन किया गया। जत्थे मे राष्ट्रीय स्वपसेवक संघ की प्रान्त विभाग, जिला खण्ड कार्यकारणी के दायित्व धारी स्वयं सेवक रहे। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी सहदेव सिंह पुंडीर ने दी।

### दरगाह कर्मचारी संभालेगे ठेको की व्यवस्था

मदरलैंड संवाददाता, पिरान कलियर। दरगाह के ठेको की अवधि समाप्त होने के बाद प्रशासन ने अब इनकी नीलामी होने तक दरगाह कर्मचाररियो को ही दुकानों पर बैठने के निर्देश दिए है। मंगलवार को पिरान कलियर पहुंची जेएम नमामी बंसल ने दरगाह के ठेको को अवधि समाप्त होने के बाद प्रशासन द्वारा खाली कराई गई ठेको की प्रशाद व सोहन हलवा की दुकाने, पार्किंग, शौचालय, अन्य सभी ठेके ठेकेदारों से कब्जा मुक्त करा कर दरगाह कर्मचारियों को नियुक्त कर दिया था। दरगाह प्रबन्धक को निर्देश देते हुए कहा गया था कि ठेको की नीलामी प्रक्रिया होने तक सभी ठेको की व्यवस्था दरगाह कर्मचारी ही सुचारू कराए।

# पंचायत चुनाव के लिए परिसीमन के बाद जारी हुई सूची

» मदरलैंड संवाददाता

मंगलौर। सूबे में पंचायत चुनाव संपन्न कराने के लिए तैयारियां लगभग कर ली गई है। इसके लिए अंतिम परिसीमन भी जारी हो गया है। नारसन ब्लॉक में जिला पंचायत की 8 सीटें बनाई गई है जबकि क्षेत्र पंचायत की 40 व ग्राम सभा की 63 सीटें बनाई गई है। सभी की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। नारसन विकासखंड के अंतर्गत इस बार जिला पंचायत की 8 सीटें रहेंगी परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पंचायत राज विभाग व जिलाधिकारी ने अंतिम सूची जारी की है जिसमें सभी विवरण मौजूद है। नासन विकासखंड परिसीमन के बाद जिला पंचायत की 8 सीटें घोषित की गई है हालांकि अभी इन पर आरक्षण का मामला बाकी है आरक्षण के बाद यह पता चल पाएगा कि किस सीट पर कौन उम्मीदवार अपना दावा जताता है। इसी प्रकार से नारसन ब्लॉक में नए परिसीमन के बाद क्षेत्र पंचायत की 40 सीटें बढ़ाई गई है इसके साथ ही ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के लिए 63 सीटों पर चुनाव कराया जायेगा। नारसन ब्लॉक के सहायक खंड विकास अधिकारी मुनेश त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि सूची जारी हो गई है जो कि संबंधित विभागों में मौजूद है उन्होंने कहा कि यह परिसीमन के बाद आपत्तियां सुनने की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही जारी की गई है। अभी सभी सीटों पर आरक्षण का मामला बाकी है आरक्षण के लिए अभी प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है आरक्षण की प्रक्रिया शुरू होने पर उसमें भी सभी लोगों से दावे व आपत्तियां आमंत्रित किए जाएंगे। इसके बाद अंतिम सूची जारी की जाएगी। पंचायत चुनाव के लिए नारसन ब्लॉक में परिसीमन के बाद जिन 8 सीटों की घोषणा की गई है उनमें 29 जौरासी जबरदस्तपुर, 30 भगवानपुर चंदनपुर, 31 टांडा भंनेड़ा, 32 कोटवाल आलमपुर, 33 टिकौला कलां, 34 नारसन कलां, 35 लिब्बरहेडी 36 मुंडलाना शामिल हैं। क्षेत्र पंचायत की 40 सीटें बनाई गई है इनमें गाधारौणा, थिथौला, जोरासी जबरदस्त पुर प्रथम, जौरासी जबरदस्त दितीय, नगला इमरती, भिजौली प्रथम, बिजौली दितीय, भगवानपुर चंदनपुर प्रथम भगवानपुर चंदनपुर द्वितीय, जैनपुर झंझेडी, टांडा बनेड़ा प्रथम, टांडा बनेड़ा द्वितीय, अकबरपुर ढाढेकी, कुरडी, थीथकी कवायदपुर, गदरजुड़ा, ठसका, लाठरदेवा हुण, भक्तोंवाली, कोटवाल आलमपुर प्रथम, कोटवाल आलमपुर द्वितीय, कुमराडी, उदलहेड़ी, शेरपुर खेलमऊ, टिकोला कलां, सुसाड़ी खुर्द, नारसन कलां, नारसन खुर्द, लहबोली, खेड़ा जट्ट, मोहम्मदपुर जट्ट, बूढ़पुर जट्ट, मंडावली, लिब्बरहेडी प्रथम, लिब्बरहेडी द्वितीय, हरचंदपुर, हरजौली जट्ट, मुंडलाना प्रथम, मुंडलाना द्वितीय वघोसीपुरा शामिल हैं।

# सौ सिंह सैनी की पुस्तक विविध रूपा नारी का हुआ लोकार्पण

» मदरलैंड संवाददाता




रुड़की। महात्मा ज्योतिबा फुले सैनी धर्म शाला रूड़की में वरिष्ठ साहित्यकार सौ सिंह सैनी की पुस्तक विविध रूपा नारी का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व प्रधानाचार्ययोगेंद्र नाथ शर्मा अरुण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम सिंह सैनी ने की। कार्यक्रम का संचालन राम शंकर सिंह प्रवक्ता जीआईसी रूडकी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर किया गया। इस अवसर पर मंच पर उपस्थित अतिथियो में कल्पना सैनी अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग, श्याम सिंह नाग्यान संस्थापक स्कॉलर्स अकैडमी रुड़की, सुबोध कुमार पुंडीर पूर्व प्रवक्ता कॉन्टम कॉलेज, सुरेंद्र कुमार सैनी पूर्व खाद्य पूर्ति अधिकारी उपस्थित रहे। इनके अलावा समय सिंह सैनी ,नवीन निश्चल, ताराचंद सैनी एडवोकेट, प्रेमचंद सैनी, हरि प्रकाश खामोश, नरेश राजवंशी, डॉ नाथीराम सैनी, बृजेश कुमार, दिनेश कुमार वर्मा ,अजय कुमार ,संदीप कुमार सैनी, निशांत कुमार, सरिता बर्थवाल, डॉ. चेतन दास, जीआईसी बिझौली के प्रधानाचार्य नीरज नैथानी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि योगेंद्र नाथ शर्मा अरुण ने विविध रूपा नारी के लेखक सो सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया और कहा कि आज इस प्रकार के लेखन की आवश्यकता है। जिससे समाज में नारी का सम्मान और महत्व जन-जन में पहुंचे। आपने वीरांगनाओं पर लेख लिखकर समाज का जो कार्य किया है उसे हमेशा याद किया जाता रहेगा। अध्यक्षीय भाषण में बोलते हुए राम सिंह सैनी ने अपने बच्चों को संस्कारवान बनाने का अनुरोध किया तथा पुस्तक में विभिन्न वीरांगनाओं से आज प्रेरणा लेने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम संचालक राम शंकर सिंह ने कहा कि साहित्यकार सौ सिंह सैनी की यह पुस्तक समाज में बड़ा बदलाव लाएगी। हम सभी को मातृ शक्ति के प्रति अपनी सोच बदलने की जरूरत है। राज्य मंत्री कल्पना सैनी और नीरज नैथानी ने कहा कि आज की नारी पुरूषों से किसी भी क्षेत्र में पीछे नही है। नारी के सम्मान से ही देश और समाज सशक्त बन सकता है। इसलिए सभी को बेटे और बेटी में भेदभाव छोड़कर दोनों को बराबर का दर्जा देना चाहिए और बेटियों की पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए।

# शिक्षित समाज ही दे सकता है समाज, राष्ट्र में योगदान: मेयर

» मदरलैंड संवाददाता




रुड़की। मेयर गौरव गोयल ने कहा कि मन में यदि लक्ष्य प्राप्ति का संकल्प हो तो सफलता स्वयं कदम चूमती है। कृष्णा नगर स्थित स्काईवार्ड सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में स्कूली बच्चों के साथ अनेक विषयों शिक्षा, संस्कार एवं रोजगार पर संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि सभी छात्रों को लक्ष्य प्राप्त कर आगे बढ़ना होगा। शिक्षित व्यक्ति ही शिक्षित समाज एवं उन्नत राष्ट्र की कल्पना कर सकता है। कहा सभी छात्र मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करें एवं तरक्की की राह में आगे बढ़ें। यहां पहुंचने पर मेयर गौरव गोयल ने स्कूली बच्चों के साथ अपने राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन को साझा किया। उन्होंने बच्चों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। प्रधानाचार्य सुचित्रा अग्रवाल ने कहा कि परिश्रमी, ऊजार्वान, ईमानदार बनकर ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। कहा कि विद्यालय ने वर्षों पूर्व जब स्कूल की स्थापना की तब मात्र सीमित अध्यापक एवं चंद कमरे हुआ करते थे, किंतु आज मेहनत और परिश्रम के बल पर इस शिक्षा के मंदिर ने एक बड़ा आकार ले लिया है, जिसमें हजारों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कहा कि सफलता की पूंजी परिश्रम है और मेयर गौरव गोयल इसके जीता जागता प्रमाण हैं,कि उन्होंने परिश्रम, सेवा-निष्काम व ऊजार्वान बनकर अपने जीवन में एक बड़ी सफलता प्राप्त की। यह हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर मेयर गौरव गोयल का स्कूल प्रबंधन की ओर से जोरदार स्वागत किया गया। छात्रों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। मेयर ने क्षेत्र एवं स्कूल में जलभराव की समस्या को भी जाना तथा उसके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने स्कूली बच्चों को स्वच्छता एवं घरेलू रसोई से निकलने वाले कचरे से खाद बनाने की विधि से भी अवगत कराया। इस अवसर पर अध्यक्ष सफल सिंह, प्रबंधक एसपी सिंह, अनिल तिवारी, बबीता अहूजा, शशांक अग्रवाल, विशाल जैमवाल, अंशुल, निकिता, अंशुमन, विजयलक्ष्मी ध्यानी, सहित पार्षद धीराज सिंह उर्फ डिंपल व पार्षद प्रतिनिधि संजय कश्यप, अनूप शर्मा, आलोक सैनी, सार्थक गोयल, इमरान देशभक्त मौजूद रहे।

# प्रदीप बत्रा ने उठाया पेयजल, आय प्रमाण-पत्र का मुद्दा

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। गैरसैंण में चल रहे विधानसभा सत्र के दौरान रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा ने नियम 53 के अंतर्गत जनहित के मुद्दों को उठाया। जिसमें उत्तराखण्ड राज्य निवासियों हेतु आय प्रमाण पत्र को उत्तर प्रदेश राज्य की भांति 3 वर्षो तक वैध करने तथा दूसरा रुड़की में विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल की समस्या के निस्तारण के सम्बन्ध में मुद्दे उठाए। विधायक प्रदीप बत्रा ने सदन को अवगत कराया कि वर्तमान में उत्तराखण्ड में जो भी आय प्रमाण पत्र बनाये जा रहे है उनकी वैद्यता मात्र 6 माह है। जिसके कारण किसी भी कार्य की कार्यवाही में जिसमें आय प्रमाण पत्र की आवष्यकता हो वह पूर्ण होने से पहले ही आय प्रमाण पत्र की तिथि पूर्ण हो जाती है। जिसके कारण कई सरकारी योजनाओं का अनुपालन होने में बाधा आती है। इसके अतिरिक्त विधायक बत्रा ने रुड़की में विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का निस्तारण के बारे में अवगत कराया कि एडीबी द्वारा बताया गया था कि लाईनें पड़ जाने के उपरांत 16 घंटे जल आपूर्ति होगी लेकिन वर्तमान में कुछ मौहल्लों में मात्र सुबह शाम एक घण्टे पानी आता है लेकिन उनके बिल नये कनेक्शन के अनुरूप आने लगे है। जिससे जनता को काफी परेषानी का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने समस्या के शीघ्र निस्तारण हेतु सदन से अनुरोध किया।

# कांग्रेसियो ने किया नगर निगम में प्रदर्शन

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। नगर निगम परिसर में मंगलवार को पूर्व मेयर और कांग्रेस प्रदेश महामंत्री यशपाल राणा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। कांग्रेसी नगर निगम की दीवार पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मेयर की तस्वीर बनाने का विरोध कर रहे हैं। पूर्व मेयर ने कहा कि यदि दीवार से चित्र नहीं हटाए गए तो नगर निगम परिसर में धरना प्रदर्शन होगा। रुड़की नगर निगम के ऑडिटोरियम की दीवार पर पेंटिंग का कार्य काफी दिनों से चल रहा है। इस दौरान ऑडिटोरियम की दीवार पर नगर निगम अधिकारियों ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के साथ मेयर की फोटो भी बनवा दी।

सोमवार को कांग्रेसी पार्षद आशीष अग्रवाल व अन्य पदाधिकारियों ने इसका विरोध किया। मंगलवार को पूर्व मेयर यशपाल राणा के नेतृत्व में कांग्रसियों ने निगम पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। यशपाल राणा ने कहा कि नगर निगम की दीवारों पर शहीदों और देश के महापुरुषों की तस्वीर बननी चाहिए। यदि दीवार पर बनी तस्वीरों को नहीं हटाया गया तो कांग्रेस इसके खिलाफ धरना प्रदर्शन करेगी। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश कौशिक ने कहा कि नए वार्ड क्षेत्रों में अंधेरा पसरा हुआ है। सड़कों की हालत खराब है और अधिकारी नगर निगम की दीवारों को सजाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम की दीवारों पर इस प्रकार की तस्वीरों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन करने वालों में पार्षद आशीष अग्रवाल, पार्षद मोहसीन अली, पूर्व पार्षद सालिम, जाहिद, बिट्टू शर्मा, लवी त्यागी, उम्मेद गाजी, मुस्तकीम, गुलफान खान, पंकज सोनकर, राजू चैधरी, राली जैकब, सुशील कुमार, रवि तोमर, नासिर हुसैन, मकसूद हसन, जगदेव शेखो, इकबाल हुसैन मौजूद रहे। प्रदर्शन के बाद दीवारों पर पेंटिंग का काम रोक दिया गया। कांग्रेसी लौटते इससे पहले पेंटिंग का काम अचानक फिर से शुरू कर दिया गया। जिसके बाद कांग्रेसी नाराज हो गए। जिसके बाद पेंटिंग करने वालों को जबरन सीढ़ी से नीचे उतारने का प्रयास भी किया। जिसके चलते कुछ देर को विवाद की स्थिति भी पैदा हो गई।

# विधानसभा चुनाव विषय पर पारुल विश्वविद्यालय ने की वेबीनार

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। वड़ोदरा के पारूल विश्वविद्यालय में संचालित डिपार्टमेंट ऑफ जर्नलिज्म एंड मॉस कम्यूनिकेशन की ओर से द असेम्बली इलेक्टशन 2022 इन उत्तराखंड विषय पर वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार के मुख्य अतिथि विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के मानद उप कुलसचिव, साहित्यकार व राजनीतिक विश्लेषक श्रीगोपाल नारसन ने फेकल्टी सदस्यों, छात्रों एवं प्रतिभागियों को संबोधित किया। गोपाल नारसन ने उत्तराखंड की भोगोलिक स्थिती से अवगत कराते हुये उत्तराखंड में व्याप्त समस्याओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उत्तराखंड में भाजपा एवं कांग्रेस के विभिन्न मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल में हुये विभिन्न विकास कार्यों, राजनीतिक दलों घोषणा पत्रों में वर्णित विभिन्न घोषणाओं के क्रियान्वयन को विशलेषात्मक तरीके से बताया। उन्होंने पर्यावरण से सबंधित विभिन्न आंदोलनों की जानकारी दी। कहा कि उत्तराखंड में एक बार भाजपा एवं एक बार कांग्रेस की सरकार बनती रही है। उन्होंने जनता की आशाओं पर खरा नहीं उतरने के कारण राजनीतिक दलों के



प्रति अविश्वास का कारण बताया। उन्होंने जल, जंगल एवं जमीन को उत्तराखंड का मुख्य मुद्दा चुनाव में रहने की बात कही। वहीं विकास के नाम पर उत्तराखंड के पर्यावरण से छेडछाड़ किया जाना, आम जन को रास नहीं आया। इसी कारण यह चुनावी मुद्दा बन रहा है। सरकारों को बदलने में भी इस मुद्दे ने अहम भूमिका निभाई। इस कारण इससे नकारा नहीं जा सकता। श्रीगोपाल नारसन ने बताया कि भाजपा अपने 5 साल पूरे करने जा रही है लेकिन एक बार भाजपा एवं एक बार कांग्रेस की सरकार का मिथक इस बार भी टूटता नजर नहीं आ रहा है। कहा कि जब भी कोई सरकार आम जनता की आशाओं पर खरा नहीं उतरती है तो जनता सरकार को ही बदल देती है एवं जनादेश के सर्वोपरी आदेश के आगे किसी की भी नहीं चलती। इसका उदाहरण हमें प्रदेशो में ही नही बल्कि समय-समय पर केंद्र सरकारों के परिवर्तन से भी देखने को मिलता है। उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव में उंट किस करवट बैठेगा यह तो समय ही बताएगा लेकिन हां, यह तय है कि दोनों ही पार्टियों ने अभी से अपनी जड़ों को मजबूत करने के लिये युद्ध स्तर पर कार्य शुरू कर दिया है। भाजपा, कांग्रेस दोनों ही ऐसे मुद्दों की तलाश में है, जो जनता को आर्कर्षित कर सके और एक दूसरे के वोट बैंक में सैंध लगाकर सत्ता तक पहुंच सके। इसके लिये दोनों ही पार्टियां मजबूती से अभी से चुनावी मैदान में ताल ठोककर खडी होती दिख रही है। उन्होंने प्रशनोत्तरी के माध्यम से प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं को भी शांत किया। इससे पूर्व पारूल विश्वविद्यालय के डीन प्रो. रमेश कुमार रावत ने वेबीनार के आरंभ में श्रीगोपाल नारसन का स्वागत उद्बोधन के माध्यम से किया एवं वेबीनार के अन्त में आभार जताया। वेबीनार में देश के विभिन्न प्रदेशो से सैकंडो विद्यार्थियों, शिक्षकों, शोधार्थियों एवं पत्रकारों ने भाग लिया।

# 300 सीसी पावर वाली भारत में हैं कई शानदार और दमदार बाइक्स

**नई दिल्ली।** मोटर साइकिल शौकीनों के लिए बाइक राइडिंग का अपना मजा है उन्हें हवा से बात करना अच्छा लगता है। हवा से बात करने का मतलब है कि अगर पावरफुल परफॉर्मेंस वाली बाइक्स आपकी पहली पसंद हैं, तो आज हम आपको इस लेख के जरिये बता रहे हैं ऐसी बाइक्स के बारे में जो आपकी जेब पर बाकी स्पोर्ट्स बाइक्स की तरह खर्चा भी नहीं कराएंगी साथ ही आप इन पर सवार होकर एक बेहतरीन राइड का आनंद जरूर उठा सकेंगे। इन बाइक्स में रायल इनफील्ड से लेकर जावा और कवासाकी तक शामिल है। इन बाइक्स में आपको ताकतवर इंजन के साथ स्टाइलिश लुक मिलता है। आज हम आपको इन बाइक्स के परफॉर्मेंस और कीमत के बारे में बताने जा रहे हैं। जिससे आपके मन में इनमें से किस बाइक को चुनें संशय आ रहा हो तो वो काफी हद तक दूर हो सके।

रॉयल एनफील्ड मीटर 350: शानदार सवारी वाली बाइक्स का जिक्र हो और उसमें रॉयल एनफील्ड की बाइक्स न आएं तो ये शायद ना इंसाफी होगी। हमारी इस लिस्ट में पहला नाम कंपनी की बेस्ट सेलिंग बाइक रॉयल एनफील्ड मीटर 350 का आता है। यह बाइक बीते साल त्यौहारी सीजन के वक्त लांच की गई थी। मीटर 350को थंडरबर्ड के इंस्पायर्ड कहा जा सकता है जिसमें गोल एलईडी डीआरएल, चंकी फ्यूल टैंक और पॉड के आकार के टेललैंप के साथ एक गोल हेडलैम्प शामिल है। वहीं कंपनी ने बाइक को नए सेमी. डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और कलर टीएफटी डिस्प्ले जैसे फीचर्स से लैस है। बाइक कंपन को कम करने के लिए एक बैलेंसर शाफ्ट की विशेषता वाले एक 349सीसी सिंगल-सिलेंडर युक्त फ्यूल इंजेक्टेड इंजन से लैस है। जो 6,100आरपीएम पर 20.2 बीएचपी की पावर और 4,000आरपीएम पर 27एनएम का टॉर्क जेनरेट करती है। कीमत की बात करें तो इसे आप 1.78 लाख रुपये के एक्स शोरूम प्राइज पर खरीद सकते हैं।

होंडा सीबी350 आरएसः तेज रफ्तार बाइक्स का अगर आपको शौक है तो आप दिग्गज जापानी दोपहिया वाहन निमार्ता कंपनी होंडा की तरफ भारत में हाल ही में लांच की जाने वाली बाइक होंडा सीबी350 आरएस को भी खरीद सकते हैं। हद ही आकर्षक लुक और दमदार इंजन से लैस इस बाइक की कीमत 1.96 लाख रुपये तय की गई है। होंडा सीबी350 आरएस को पावर देने के लिए 348.6सीसी, सिंगल-सिलेंडर एयर-कूल्ड इंजन का प्रयोग किया गया है। यह इंजन 5-स्पीड गियरबॉक्स के साथ 5,500आरपीएम पर 20.78बीएचपी की पावर और 3,000आरपीएम पर 30एनएन का पीक टॉर्क पैदा करने में सक्षम है। इसमें एनालॉग काउंटर और एक छोटे डिजिटल डिस्प्ले के साथ सिंगल-पॉड इंस्ट्रूमेंट कंसोल दिया गया है।

# अदाणी और अंबानी ने रचा इतिहास! कोरोना काल में भी छप्पर फाड़ कमाई की

**मुंबई।** कोरोना काल में वर्ष 2020 के दौरान भारत में 40 उद्यमी अरबपतियों की सूची में जुड़ गये। इन्हें मिलाकर भारत के कुल 177 लोग अरबपतियों की सूची में शामिल हो गये। एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह कहा गया। दुनिया के धनी लोगों की हुरुन ग्लोबल की इस सूची में कहा गया है कि वर्ष 2020 में जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी की चपेट में रही भारत में 40 लोग अरबपतियों की सूची में पहुंच गये।रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी लगातार सबसे अमीर भारतीय बने हुये हैं। उनकी संपत्ति 24 प्रतिशत बढ़कर 83 अरब डालर पर पहुंच गई।



दुनिया के अरबपतियों की सूची में वह एक पायदान चढ़कर आठवें नंबर पर पहुंच गये। गुजरात के उद्योगपति गौतम अदाणी की संपत्ति में भी अच्छा इजाफा हुआ है। वर्ष 2020 में उनकी संपत्ति 32 अरब डालर तक पहुंच गई और दुनिया के अमीरों की सूची में उनका स्थान 20 पायदान चढ़कर 48 नंबर पर पहुंच गया। मुकेश अंबानी के बाद वह दूसरे सबसे अमीर भारतीय बन गये हैं। उनके भाई विनोद की संपत्ति 128 प्रतिशत बढ़कर 9.8 अरब डालर हो गई।

आईटी कंपनी एचसीएल के शिव नाडर भारत के अरबपतियों की सूची में 27 अरब डालर की संपत्ति के साथ तीसरे नंबर पर रहे। महिन्द्रा समूह के आनंद महिन्द्रा की संपत्ति में भी 100 प्रतिशत वृद्धि हुई है और यह 2.4 अरब डालर हो गई।बॉयकोन की किरण मजूमदार की संपत्ति 41 प्रतिशत बढ़कर 4.8 अरब डालर हो गई। वहीं पतंजलि आयुर्वेद के आचार्य बालकृष्ण की संपत्ति इस दौरान 32 प्रतिशत घटकर 3.6 अरब डालर रह गई। वैश्विक स्तर पर यदि बात की जाये तो टेस्ला के एलोन मुस्क 197 अरब डालर की संपत्ति के साथ सबसे शीर्ष पर रहे हैं। इसके बाद अमेजन के जैफ बेजोस का स्थान रहा है। उनकी संपत्ति 189 अरब डालर रही है।

इस रिपोर्ट में 15 जनवरी तक के आंकड़ों के मुताबिक व्यक्तिगत या फिर पारिवारिक संपत्ति के तौर पर आकलन किया गया है।यहां यह उल्लेखनीय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में चालू वित्त वर्ष के दौरान सात प्रतिशत गिरावट आने का अनुमान व्यक्त किया गया है।वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के प्रकोप से बचने के लिये सरकार को लॉकडाउन लगाना पड़ा था। हुरुन इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य शोधकर्ता अनास रहमान जुनैद ने कहा कि भारत में संपत्ति का सृजन चक्रीय अथवा परंपरागत उद्योगों पर आधारित है जबकि अमेरिका और चीन में यह प्रौघोगिकी उद्योग पर आधारित है। रिपोर्ट के मुताबिक साफ्टवेयर कंपनी जैडक्लेर के जय चौधरी की संपत्ति इस दौरान 274 प्रतिशत बढ़कर 13 अरब डालर हो गई जबकि बायजू के रविन्द्रन और परिवार की संपत्ति 100 प्रतिशत बढ़कर 2.8 अरब डालर पर पहुंच गई।

विविध क्षेत्रों में कारोबार करने वाले महिन्द्रा समूह के प्रमुख आनंद महिन्द्रा और परिवार की संपत्ति भी इस दौरान दोगुनी होकर 2.4 अरब डालर हो गई। वहीं बायोकॉन की प्रमुख किरण मजूमदार शा की संपत्ति 41 प्रतिशत बढ़कर 4.8 अरब डालर, गोदरेज की स्मिता वी क्रिष्णा की संपत्ति 4.7 अरब डालर और लुपिन की मंजू गुप्ता की संपत्ति 3.3 अरब डालर पर पहुंच गई।

## संक्षिप्त समाचार

### 8 पैसों की गिरावट के साथ रुपया 73.55 पर बंद

मुंबई। करोबारी सप्ताह के पहले दिन रुपए में गिरावट देखने को मिली। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को 8 पैसे की गिरावट के साथ 73.55 पर बंद हुआ। मुद्रा बाजार में सोमवार को शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपया 73.76 पर खुला तथा कारोबार के अंत में पिछले दिन के मुकाबले 8 पैसे की गिरावट के साथ 73.55 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वहीं पिछले दिन यानी शुक्रवार को रुपया 104 पैसों की गिरावट के साथ 73.47 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

### दिल्ली-एनसीआर में बढ़े सीएनजी के दाम, पीएनजी भी हुआ महंगा

नई दिल्ली। वाहनों में इस्तेमाल होने वाली सीएनजी और पाइप के जरिए घरों की रसोई तक पहुंचने वाली गैस (पीएनजी) के कीमतों में एक बार फिर वृद्धि की गई है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने सीएनजी और पीएनजी के दामों में बढोतरी कर दी है। दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी के कीमत में 70 पैसे प्रति किलोग्राम बढ़ाए गए हैं। दिल्ली में सीएनजी की नई कीमतें 43.40 प्रति किग्रा हो गई हैं। वहीं नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी 49.08 रुपए प्रति किलोग्राम मिलेगा। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने पीएनजी में 91 पैसे की बढ़ोतरी की है। दिल्ली में पीएनजी की नई कीमत 28.41 रुपए प्रति एसएम होगा। सीएनजी और पाइप के जरिए घरों की रसोई तक पहुंचने वाली गैस (पीएनजी) की बढ़ी हुई कीमत सुबह 6 बजे से लागू होगी।

### एशियाई और अमेरिकी बाजारों में तेजी

टोक्यो। एशियाई बाजारों में तेजी का माहौल है। मंगलवार को एशियाई बाजार में स्ट्रेट टाइम्स, ताइवान इंडेकस, कोस्पी में बढ़त दर्ज की गयी। वहीं निक्केई, हैंगसेंग और शंघाई कम्पोजिट कामकाज के कुछ समय बाद ही नुकसान के साथ ही लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। वहीं दूसरी ओर अमेरिकी बाजार में कारोबार के बाद दौरान एसएंडपी 500 इंडेक्स में जून के बाद सबसे बड़ी तेजी आई है। बिकवाली के बाद बॉन्ड को बाजार स्थर नजर आ रहा है। इसके अलावा एक और कोविड-19 प्रोत्साहन पैकेज ने निवेशकों में उत्साह भरा है। डाओ जोंस 1.95 फीसदी की बढ़त पर बंद हुआ जबकि, एसएंडपी 500 इंडेक्स 2.38 फीसदी और नैस्डेक कम्पोज़िट में 3.01 फीसदी की तेजी आई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर दिखे आंकड़ों के अनुसार गत दिवस विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 125.15 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की है।

### शेयर बाजार की तेज शुरूआत

मुंबई। मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ खुला। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन सेंसेक्स 408.25 अंकों की अच्छी बढ़त के साथ 50,258.09 जबकि निफ्टी 103.75 अंकों की तेजी के साथ 14,865.30 पर खुला। शुरूआती कारोबार के दौरान सबसे ज्यादा बढ़त वित्तीय शेयरों में देखी गयी। टेक महिन्द्रा के शेयर भी 2 फीसदी से ज्यादा बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। वहीं ओएनजीसी के शेयरों में 2.48 फीसदी की गिरावट रही है। दूसरी ओर निफ्टी में धातु शेयरों को छोड़कर अन्य सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाभ के साथ ही हरे निशान पर नजर आये हैं। बीएसई सेंसेक्स पर आज बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, टीसीएस और इंफोसिस के शेयरों में तेजी आई है. जबकि, ओएनजीसी, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, एचडीएफसी, बजाज ऑटो और आईटीसी इंडेक्स में गिरावट नजर आई।

इससे पहले आर्थिक वृद्धि के सकारात्मक दायरे में आने के साथ बीएसई सेंसेक्स गत दिवस करीब 750 अंक ऊपर आकर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी में भी 232 अंक से अधिक की तेजी रही। चालू वित्त वर्ष में शुरू की दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि में गिरावट के बाद तीसरी तिमाही अक्टूबर-दिसंबर में जीडीपी में वृद्धि दर्ज की गयी है। सेंसेक्स पर लिस्टेड 30 कंपनियों में से 29 के शेयर लाभ में रहे। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रमुख शेयरों में पावर ग्रिड, ओएनजीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, कोटक बैंक और टाइटन शामिल हैं। इनमें 5.94 फीसदी की तेजी आयी।

### रुपया की बढ़त के साथ शुरूआत

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को रुपये की बढ़त के साथ शुरूआत हुई। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजारों से मिले अच्छे संकेतों से अंतर बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया शुरुआती शुरुआती कारोबार में 24 पैसे बढ़कर 73.31 रुपये प्रति डालर पर पहुंच गया। वहीं कारोबार की शुरूआत में रुपया 73.32 रुपये प्रति डालर था। उसके बाद रुपया और मजबूत होकर 73.31 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। वहीं पिछले दिन के बंद भाव के मुकाबले इसमें 24 पैसे की मजबूती आई है। दूसरी ओर सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 73.55 रुपये प्रति पर बंद हुआ था। दूसरी ओर छह प्रमुख मुद्राओं के समक्ष डॉलर की स्थिति को आंकने वाला सूचकांक 0.18 फीसदी बढ़कर 91.20 अंक पर पहुंच गया।

## फर्टिलाइजर, फुटवियर, फर्नीचर और टेक्सटाइल्स कंपनियों को राहत दे सकती हैं मोदी सरकार

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी सरकार कोरोना संकट के कारण आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे सेक्टर्स को उबारने की हरसंभव कोशिश कर रही है। इस कड़ी में अब फर्टिलाइजर, फुटवियर, फर्नीचर और टेक्सटाइल्स कंपनियों के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, केंद्र सरकार फर्टिलाइजर कंपनियों को मार्च 2021 के आखिर तक खाद सब्सिडी का पूरा बकाया भुगतान कर सकती है। बता दें कि फर्टिलाइजर कंपनियों को अब तक सब्सिडी का 86 फीसदी भुगतान किया जा चुका है। फर्टिलाइजर कंपनियों को खाद सब्सिडी के भुगतान में काफी तेजी आई है। फरवरी 2021 में कंपनियों को 19,000 करोड़ रुपये सब्सिडी का भुगतान किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, अब मार्च 2021 में करीब 21,000 करोड़ रुपये का सब्सिडी भुगतान करने की तैयारी है।



कारोबारी साल में अब तक कुल आवंटन का 86 फीसदी सब्सिडी भुगतान हो चुका है। सब्सिडी के 136 करोड़ रुपये में से करीब 117 करोड़ रुपये बकाया दिया जा चुका है। सबसे ज्यादा 75 फीसदी सब्सिडी यूरिया बनाने वाली कंपनियों को मिली है। ज्यादा सब्सिडी पाने वाली कंपनियों में आरसीएफ, चंबल फर्टिलाइजर, जुआरी ग्लोबल, कोरोमंडल, यूपीएल और इफको शामिल हैं।

केंद्र सरकार फुटवेयर, फर्नीचर और टेक्सटाइल्स सेक्टर को भी राहत दे सकती है। जीएसटी काउंसिल की बैठक में इन तीनों उद्योगों से जुड़ी कंपनियों को वस्तु व सेवा कर में राहत की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार का इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर दुरुस्त करने पर जोर है। कच्चे माल पर भारी जीएसटी से कारोबार में दिक्कतें आ रही हैं। फुटवेयर के कच्चे माल पर 12 फीसदी से 18 फीसदी जीएसटी लगाता है। फिलहाल 1000 से कम के फुटवियर पर 5 फीसदी जीएसटी है, मोदी सरकार इसमें राहत दे सकती है।

## सोने और चांदी में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई है। मंगलवार को शुरूआती कारोबार के दौरान सोने की कीमतों में गिरावट आई है। मंगलवार सुबह सोना 242 रुपये नीचे आकर 45066 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। वहीं सोमवार शाम को यह 45308 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। सुबह 11 बजे एमसीएक्स पर सोना 45000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा था। चांदी की बात करें तो एमसीएक्स पर यह मंगलवार सुबह 66463 रुपये प्रति किलो पर खुली, जो इसके पिछले बंद भाव से 959 रुपये कम है। सोमवार शाम को एमसीएक्स पर चांदी 67422 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

इससे पहले सोमवार को मजबूत वैश्विक रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने का भाव 241 रुपये की तेजी के साथ 45,520 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 45,279 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। जानकारों के अनुसार चांदी भी 781 रुपये की भारी तेजी के साथ 68,877 रुपये प्रति किलो ग्राम पर रुकी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोमवार को सोना बढ़त के साथ 1,753 डॉलर प्रति औंस और चांदी तेजी के साथ 26.90 डॉलर प्रति औंस पर चल रही थी।

## विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां फरवरी में कुछ कमजोर पड़ी

**नई दिल्ली।** देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में फरवरी माह के दौरान हल्की मंदी के बाद व्यापक रूप से सुधार नए ऑर्डर मिलने से कंपनियां उत्पादन और खरीदारी गतिविधियां बढ़ने से उत्साहित हैं। सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह कहा गया है। आएचएस मार्किट भारत विनिर्माण खरीदप्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) फरवरी माह में मामूली गिरकर 57.5 अंक पर आ गया। एक महीना पहले जनवरी में यह 57.7 पर था। इसमें यह संकेत मिलता है कि जनवरी से वृद्धि की रफ्तार कुछ नरम पड़ी है लेकिन पुराने आंकड़ों के संदर्भ में यह लगातार तेज बनी हुई है।

सर्वेक्षण में कहा गया है कि फरवरी माह के शीर्ष आंकड़े दीर्घकालिक औसत 53.6 के मुकाबले ऊंचे बने हुए हैं। पीएमआई में आंकड़ा 50 से ऊंपर रहने का अर्थ है क्षेत्र में विसतार हुआ है जबकि 50 से नीचे रहने का मतलब इसमें गिरावट आई है। आईएचएस मार्किट की अर्थशास्त्र की सहायक निदेशक पालियाना डे लिमा ने कहा, ह्लफरवरी माह में भारतीय माल उत्पादकों को उनके माल के लिए नए ऑर्डर प्राप्त हुए। इस स्थिति को देखते हुए आने वाले समय में उत्पादन और खरीद मात्रा में वृद्धि की उम्मीद है।ह्व

लीमा ने कहा कि यदि कंपनियों के पास नए ऑर्डर को पूरा करने के लिए उपयुक्त संसाधन और क्षमता होती है तो उत्पादन वृद्धि मजबूत रह सकती है। ''यह नए ऑर्डर में त्वरित वृद्धि और तैयार माल की उपलब्धता में आई कमी से साबित होता है।'' बहरहाल, इस दौरान रोजगार में कमी आई है क्योंकि कोविड-19 के चलते कामकाज को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने पर प्रतिबंध लागू हैं। बहरहाल, कई लोगों को उम्मीद है कि इस तरह के नियंत्रण जल्द ही हटा लिए जाएंगे क्योंकि देश में टीकाकरण कार्यक्रम तेजी से बढ़ रहा हे।

## मोबाइल कैटरिंग अनुबंध रद्द करने के बाद आईआरसीटीसी के शेयरों में गिरावट

**नई दिल्ली।** आईआरसीटीसी के शेयरों में मंगलवार को गिरावट देखी गई। सुबह 9.36 बजे आईआरसीटीसी के शेयर 1.55 फीसदी गिरकर 1909.05 रुपए पर ट्रेड कर रहे थे। इससे पहले सोमवार शाम रेल मिनिस्ट्री ने आईआरसीटीसी को सभी तरह के मोबाइल केटरिंग के कॉन्ट्रैक्ट्स खत्म करने को कहा है। मंत्रालय ने रेगुलेटर को दी गई जानकारी में बताया कि आईआरसीटीसी को सभी मोबाइल कैटरिंग कॉन्ट्रैक्ट्स रद्द करना होगा, फिर चाहे वह ट्रेन से यात्रा करने वाले पैसेंजर्स को बेस किचन में तैयार किया गया खाना ही क्यों न परोस रहे हों।

ट्रेनों में मोबाइल कैटरिंग की सुविधा 2014 में शुरू की गई थी, जिसमें यात्री अपने फेवरेट ब्रांड से ऑनलाइन फूड ऑर्डर कर सकते थे और पैसेंजर्स को उनकी ऑर्डर किया हुआ फूड उनके बर्थ पर डिलिवर होता था।

रेल मंत्रालय ने कहा कि इसे कोरोना वायरस के कारण उपजे हालात की वजह से एक्सेप्शन मानें और इसे कॉन्ट्रैक्टर की गलती के रूप में नहीं देखा जाए। रेल मंत्रालय ने केटरिंग कॉन्ट्रैक्ट्स खत्म करने का आदेश देते हुए कहा है कि अब खाना नहीं परोसने पर किसी भी फूड कॉन्ट्रैक्टर पर फाइन नहीं लगाया जाएगा।

उनकी सिक्योरिटी डिपॉजिट और एडवांस लाइसेंस फीस बकाया पेमेंट में एडजस्ट करके लौटा दिया जाएगा।

## रेडमी नोट-10 में मिलेगा स्नैपड्रैगन 678 प्रोसेसर, चार मार्च को लॉन्च होगा स्मार्टफोन

नई दिल्ली (ईएमएस)। रेडमी नोट-10 सीरीज का इंतजार इस हफ्ते खत्म होने वाला है। कंपनी इस सीरीज के स्मार्टफोन्स को 4 मार्च को लॉन्च करने वाली है। रेडमी नोट 10 सीरीज पिछले कई दिनों से चर्चा में है और आए दिन इस अपकमिंग सीरीज के फीचर्स के बारे में नई जानकारियां सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में अब रेडमी नोट 10 से जुड़ी जो नई जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक फोन के ग्लोबल वेरियंट में कंपनी स्नैपड्रैगन 678 प्रोसेसर ऑफर करेगी।




लीक्स्टर जियोमी लीक्स पीएच ने इस अपकमिंग सीरीज के एक फोन रेडमी नोट 10 के रिटेल बॉक्स की फोटो को शेयर किया है। इसमें बॉक्स के साथ फोन को भी देखा जा सकता है। फोन की डिस्प्ले पर प्रटेक्टिव स्क्रीन लगी है।

इस प्रिंटेड प्रटेक्टिव स्क्रीन में फोन के खास स्पेसिफिकेशन्स लिखे हैं। इसके मुताबिक रेडमी नोट 10 में प्रोसेसर के तौर पर क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 678 प्रोसेसर लगा है।

स्नैपड्रैगन 678 एक 4जी प्रोसेसर है, जिसे क्वालकॉम ने पिछले साल दिसंबर में लॉन्च किया था। यह प्रोसेसर सन 2019 के रेडमी नोट 7 प्रो में मिलने वाले स्नैपड्रैगन 675 प्रोसेसर का अपग्रेडेड वर्जन है। फोन में मिलने वाले दूसरे फीचर्स की बात करें तो, इसमें 6.43 इंच का एएमओएलईडी. डिस्प्ले मिलेगा। फोटोग्राफी के लिए फोन में चार रियर कैमरे दिए गए हैं।

लीक्स्टर ने फोन की जो फोटो शेयर की है, उसके मुताबिक रेडमी नोट 10 में 48 मेगापिक्सल का प्राइमरी रियर कैमरा मिलेगा।

इसके अलावा फोन में एक अल्ट्रा-वाइड ऐंगल और एक मैक्रो कैमरा भी मिलेगा। फोन को पावर देने के लिए इसमें 5000 एमएएच बैटरी मिलेगी। फोन 33 वॉट के फास्ट चार्जिंग सपॉर्ट के साथ आएगा। फोन में ओएस कौन सा होगा इस बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, माना जा रहा है कि कंपनी इसमें एंड्रॉयड 11 आउट-ऑफ-द-बॉक्स पर बेस्ड एमआईयूआई12 ऑफर कर सकती है।

## शिपिंग कॉरपोरेशन में हिस्सेदारी खरीदने लंदन के फोरसाइट ग्रुप समेत कई ने बोलियां लगाईं

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया में केंद्र सरकार की पूरी हिस्सेदारी खरीदने को लेकर लंदन के फोरसाइट ग्रुप समेत कई बोलीदाताओं ने शुरूआती बोलियां लगाई हैं। सरकार शिपिंग कॉरपोरेशन में प्रबंधन नियंत्रण सौंपने के साथ अपनी पूरी 63.75 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रही है। बोली जमा करने की अंतिम तिथि 13 फरवरी थी, जिसे बढ़ाकर एक मार्च कर दिया गया था। निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पांडे ने ट्विटर पर लिखा, ह्यशिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. के निजीकरण के लिये कई रुचि पत्र मिले हैं। सौदा अब दूसरे चरण में जाएगा।ह्व सूत्रों के अनुसार फोरसाइट ग्रुप ने बेल्जियम के एक्समार एनवी और दुबई के जीएमएस के साथ मिलकर बोली लगाई है। सूत्रों ने कहा कि एस्सार ग्रुप और अडाणी समूह ने शिपिंग कॉरपोरेशन के निजीकरण के लिये बोली नहीं लगाई है। उल्लेखनीय है कि मंत्रिमंडल ने पिछले साल नवंबर में शिपिंग कॉरपोरेशन और कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. में रणनीतिक विनिवेश के लिये सैद्धांतिक मंजूरी दी थी। हालांकि, महामारी के कारण योजना को टाल दिया गया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2021-22 के बजट भाषण में कहा था, ह्यवित्त वर्ष 2021-22 में भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि., एयर इंडिया, शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, आईडीबीआई बैंक, बीईएमएल लि. समेत अन्य कंपनियों के सौदे पूरे किये जाएंगे।



## फेडएक्स को बेस्ट जेंडर इनक्लूसिव वर्कप्लेस के लिए सम्मानित किया

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। फेडएक्स कॉर्प की सहायक कंपनी और दुनिया की सबसे बड़ी एक्सप्रेस परिवहन कंपनी फेडएक्स एक्सप्रेस को डायवर्सिटी एंड इंक्लूशन लीडरशिप अवार्ड्स 2021 के दौरान विश्व मानव संसाधन विकास कांग्रेस द्वारा 'बेस्ट जेंडर इक्वेलिटी वर्कप्लेस' के पुरस्कार से नवाजा गया है। डायवर्सिटी एंड इंक्लूशन लीडरशिप अवार्ड्स, व्यक्तियों, सलाहकार फर्मों, उद्योग भागीदारों और संस्थानों को उनके काम व जुनून में विविधता तथा समावेशी पहल को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया जाता है। इस वर्ष, वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस द्वारा आयोजित अवार्ड्स में 400 से अधिक संगठनों ने हिस्सा लिया। भारत में फेडएक्स एक्सप्रेस के वाइस प्रेसिडेंट, ऑपरेशंस मोहमद सायेग ने कहा, अपने यहां लैंगिक समानता की पहलों को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित होने पर हमें गर्व का अनुभव हो रहा है।




ये हमें अपनी टीम के सभी सदस्यों के लिए काम का सुरक्षित, विविध और समावेशी माहौल प्रदान करने के लिए हमारे कार्यक्रमों और नीतियों पर प्रकाश डालते हैं। उन्होंने कहा, विविधता, समावेशन और लैंगिक समानता को लेकर हमारी प्रतिबद्धता हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। हम टीम के सभी सदस्यों को उत्कृष्टता और विकास का समान अवसर मुहैया कराने में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। हम ऐसे कार्यक्रमों के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो महिलाओं को व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों तौर पर नई संभावनाओं और आगे बढ़ने के लिए जरूरी उपकरणों से लैस करते हैं।

## टैबलेट सेगमेंट में 14.7 फीसदी बढ़ोतरी, ई-लर्निंग की वजह से बढ़ी मांग

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना संकट की वजह से लोगों की निर्भरता आनलाइन क्लासेज यानी ई-लर्निंग पर बढ़ गई है। पिछले साल यानी 2020 में लोगों ने ऑफिस के काम के साथ बच्चों की पढ़ाई के वास्ते कंप्यूटर, टैबलेट के साथ ही स्मार्टफोन्स भी खूब खरीदारी की। आलम यह रहा कि भारत में बिक्री के मामले में टैबलेट सेगमेट में 14.7 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली। यह ग्रोथ काफी ज्यादा है। पिछले साल सैमसंग ने टैबलेट सेगमेंट में सबसे ज्यादा ग्रोथ दर्ज कराई, वहीं ऐपल के ढ्ढं की भी बंपर बिक्री हुई। सैमसंग के टैबलेट की बिक्री में बीते साल 157 फीसदी की सालाना उछाल देखने को मिली। आईडीसी की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2020 में इंडिया के टैबलेट मार्केट मं 14.7 फीसदी की उछाल देखने को मिली। दरअसल, पिछले साल कई कंपनियों ने भारत में अफॉर्डेबल यानी किफायती टैबलेट लॉन्च किए, जो लोगों की जेब पर बोझ नहीं बने और लोगों ने अपने बच्चों की पढ़ाई के वास्ते इसकी खरीदारी की, इस वजह से साल 2020 में कई कंपनियों के सस्ते-महंगे टैबलेट की बंपर खरीदारी हुई।

आईडीसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि ऑनलाइन क्लास यानी ई-लर्निंग पर जोर देने की वजह से लोगों ने अपने बच्चों के लिए टैबलेट खरीदे, क्योंकि स्मार्टफोन पर लंबे समय तक क्लास करना बच्चों के स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है। आईडीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में बजट सेगमेंट के टैबलेट यानी 10 से 20 हजार रुपए के बीच के रेंज के टैबलेट की डिमांड काफी ज्यादा बढ़ी है और सन 2020 में इस सेगमेंट के टैबलेट की बिक्री में 70 फीसदी से ज्यादा की सालाना ग्रोथ देखने को मिली है। हालांकि, इन सबके बीच सैमसंग और ऐपल के प्रीमियम टैबलेट की भी अच्छी खासी बिक्री हुई।

## एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के साधारण बीमा उत्पाद बेचेगा आईओबी

**नई दिल्ली।** एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) के साथ बैंक बीमा करार किया है। इसके तहत आईओबी द्वारा एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के साधारण बीमा उत्पादों की बिक्री होगी। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने कहा कि वह गठजोड़ के द्वारा आईओबी के ग्राहकों को साधारण बीमा और नवोन्मेषी उत्पाद उपलब्ध कराएगा। चेन्नई मुख्यालय वाले आईओबी की देशभर में 3,200 से अधिक शाखाएं है। इसके अलावा बैंक की उपस्थिति विदेशी बाजारों में भी है। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पी सी कंडपाल ने कहा, आईओबी की तमिलनाडु क्षेत्र में व्यापक पहुंच से यहां के ग्राहकों को व्यापक उत्पादों का वितरण होगा। इस गठजोड़ के तहत हम गहन शोध वाले उपभोक्ता अनुकूल उत्पाद आईओबी के ग्राहकों को उपलब्ध कराएंगे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

मदरलैण्ड वॉइस 11
नई दिल्ली, बुधवार 3 मार्च 2021

# अंतिम टेस्ट में तेज गेंदबाज के तौर पर उमेश, सिराज में से किसी एक को मिलेगा अवसर

## स्पिनर के लिए सुंदर और कुलदीप में टक्कर



**अहमदाबाद।** टीम इंडिया यहां इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट में तेज गेंदबाज के तौर पर अनुभवी उमेश यादव या युवा मोहम्मद सिराज में से किसे अंतिम ग्यारह में शामिल करती है यह देखना होगा। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पहले ही इस मैच से अपना नाम वापस ले लिया था, ऐसे में एक तेज गेंदबाज की जगह खाली है। कप्तान विराट कोहली अंतिम ग्यारह की घोषणा से पहले सुबह पिच पर गौर करेंगे। उसी के बाद यह तय होगा कि किस खिलाड़ी को अंतिम ग्यारह में जगह मिलेगी।

उमेश सबसे सफल तेज गेंदबाज रहे हैं ऐसे में उनकी संभावनाएं ज्यादा हैं। घरेलू मैदान में खेले पिछले पांच टेस्ट में उन्होंने 14 विकेट लिए हैं। चोट से उबरने के बाद उन्होंने बहुत अधिक गेंदबाजी नहीं की है। यह कप्तान पर निर्भर करेगा कि वह उन्हें मौका देते हैं या नहीं। वहीं सिराज के ऑस्ट्रेलिया में प्रदर्शन ने सबको प्रभावित किया था पर यहां के हालात अलग हैं। यहां पिच से गेंदबाजों को कोई मूवमेंट नहीं मिलेगा। सिराज को यहां सफलता मिलना संदिग्ध नजर आता है। चेन्नई में खेले गए दूसरे टेस्ट में सिराज ने पहली पारी में 8 ओवर गेंदबाजी की और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला था, लेकिन सिराज घरेलू क्रिकेट में काफी सफल रहे हैं। कोहली उन्हें सुबह के सत्र में अच्छी गेंदबाजी के लिए मौका दे सकते हैं। पहले तीन टेस्ट में स्पिनर ट्रैक होने के चलते कोहली को एक अतिरिक्त स्पिनर खिलाना पड़ा था। इसके लिए उन्हें वाशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव में से एक का चयन करना होगा। पहले टेस्ट में सुंदर ने पहली पारी में 26 ओवर गेंदबाजी की, लेकिन उन्हें खास सफलता नहीं मिली। वहीं दूसरी पारी में उन्हें सिर्फ एक ओवर दिया गया। दूसरे टेस्ट में सुंदर की जगह कुलदीप यादव को मौका मिला था। उन्हें दोनों पारियों में 12.2 ओवर गेंदबाजी करने का मौका मिला। तीसरे टेस्ट में कुलदीप की जगह सुंदर को जगह दी गयीद्य। इस बार भी सुंदर का पलड़ा भारी नजर आता है क्योंकि वह गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी भी कर लेते हैं।

# पीवी सिंधू ने 14 वर्षीय टेबल टेनिस महारथी सुहाना सैनी की सराहना की

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़ । 14 वर्षीय सुहाना सैनी ऐसी ही एक प्रतिभा हैं जिन्होंने छोटी उम्र में ही टेबल टेनिस में अपना पैर जमाया और अपनी सफलता से भारत को गौरवान्वित किया। सुहाना यंग जीनियस शो में दिखाई देंगी। यह शो बच्चों की प्रतिभाओं को सम्मानित करता है। इस शो में वो भारत की बैडमिंटन स्टार एवं ओलंपिक पदक विजेता अर्जुन अवार्ड विजेता राजीव गांधी खेल रत्न पद्मश्री एवं पद्मभूष पुरस्कार विजेता पीवी सिंधू से बातचीत करेंगी।रोहतक हरियाणा की सुहाना सैनी भारत की नं 1 टेबल टेनिस खिलाड़ी अंडर 15 हैं और वो वर्ल्ड रैंकिंग टेबल में 22वें स्थान कैडेट्स वूमैन सिंगल्स पर हैं। सुहाना 50 से ज्यादा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मैडल जीत चुकी हैं जिनमें अनेक आईटीटीएफ ;इंटरनेशनल टेबल टेनिस फेडरेशन टूनामेंट एवं साउथ एशिया जूनियर और 2018 में कैडेट टेबल टेनिस चैंपियन शामिल हैं।यंग जीनियस में सुहाना पीवी सिंधू के साथ एक प्रेराप्रद वार्ता करेंगी। पीवी सिंधू उन्हें बताएंगी कि वो कैसे सफलता हासिल करते हुए वर्ल्ड चैंपियन बनीं। पीवी सिंधू ने सुहाना की तारीफ की और आशा जताई कि यह यंग जीनियस भारत के लिए और ज्यादा मैडल लेकर आएगी। पीवी सिंधू ने कहा जब मैंने बैडमिंटन खेलना शुरू किया तब मेरा उद्देश्य विश्व चैंपियन बनना नहीं था। मैं एक एक करके और एक एक साल आगे बढ़ना चाहती थी। जीत और हार बाद की बात है लेकिन सबसे पहले हमें खुद में भरोसा करना होता है। मैंने यही किया और मैं चाहती हूँ कि आगे भी मैं ऐसा ही करती रहूँ। मेरी इच्छा है कि सुहाना, तुम भी यही करती रहो। मैंने तुम्हारे बारे में बहुत सुना है और मुझे उम्मीद है कि तुम देश के लिए और ज्यादा मैडल लेकर आओगी। देखिए सुहाना सैनी और पीवी सिंधू को बायजू यंग जीनियस के अगले एपिसोड में 27 फरवरी 2021 (शनिवार) को न्यूज18 नेटवर्क पर इसका रिपीट टेलीकास्ट 28 फरवरी को होगा!

## संक्षिप्त समाचार


### नीशम ने मजेदार अंदाज में मयंक को ट्रोल किया

नई दिल्ली। भारतीय टीम में सलामी बल्लेबाज के तौर पर मयंक अग्रवाल वापसी के प्रयास में लगे हैं और जमकर अभ्यास कर रहे हैं। मयंक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इसकी एक तस्वीर भी साझा की है। इस तस्वीर में ये बल्लेबाज वेट ट्रेनिंग करता हुआ नजर आ रहा है। तस्वीर पर मयंक ने कैप्शन दिया, ह्ये आपकी कोशिश के बारे में हैं। जब आप रोज प्रयास करते हैं तो धीरे-धीरे परिवर्तन शुरू हो जाता है।' मयंक की इस तस्वीर पर न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर जिमी नीशम ने मजेदार अंदाज में उन्हें ट्रोल किया। उन्होंने लिखा कि बधाई हो लड़का हुआ या लड़की? वहीं मयंक ने भी नीशम के इस कमेंट का जवाब दिया और लिखा, 'यह जवाब भारतीय क्रिकेट टीम के स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच निक वेब के चेहरे पर नजर आ रहा होगा।' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मैच को छोड़ दिया जाए तो सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल इस सीरीज में अब तक कुछ खास नहीं कर पाए हैं। उन्होंने चेन्नई में हुए दूसरे टेस्ट में 0 और 14 रन ही बनाए। ऐसे में मंयक को चौथे टेस्ट में मौका मिल सकता है।

### बंगाल के खराब प्रदर्शन की समीक्षा करेगा कैब

कोलकाता। बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) टी20 और एक दिवसीय राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में बंगाल के खराब प्रदर्शन से नाराज है। कैब ने बंगाल के ग्रुप चरण से ही बाहर होने को गंभीरता से लेते हुए कोच, कप्तान और चयनकर्ताओं के साथ एक समीक्षा बैठक बुलाई है। इसमें टीम को मिली नाकामी पर आत्ममंथन किया जायेगा। अनुस्तूप मजूमदार की कप्तानी वाली टीम को सोमवार को पांच मैचों में तीसरी बार हार का सामना करना पड़ा जिसे हरियाणा ने विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप ई में पांच विकेट से हराया। इससे पहले भी टीम सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट में टीम ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई गयी थी। कैब अध्यक्ष अविषेक डालमिया ने कहा, 'हमें टीम से कहीं बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी। इसको लेकर कैब के पदाधिकारी जल्दी ही कोच, कप्तान और चयनकताओं के साथ एक समीक्षा बैठक करेंगे क्योंकि हार के कारणों का पता लगाना भी जरूरी है। इस दौरान सहयोगी स्टाफ के प्रदर्शन की भी समीक्षा होगी।'

### रैना ने अनाथ बच्चों के साथ क्रिकेट खेला



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सुरेश रैना सोमवार को नूंह जिले के गांव पीपाका में स्थित बाल गृह पहुंचे। रैना ने बाल गृह में अनाथ बच्चों से बात की। उन्होंने बच्चों और स्थानीय लोगों के साथ बाल गृह परिसर में लगभग एक घंटा क्रिकेट भी खेला। इसके बाद उन्होंने अनाथ बच्चों के लिए खाना भी बनाया। उन्होंने कहा कि वह समय-समय पर वह स्कूल व बालगृहों में जाते रहते हैं व बच्चों आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। रैना ने इस दौरान कहा कि इंग्लैंड की टीम ने भारत की पिच पर जो आरोप लगाए हैं वह आधारहीन है। भारतीय टीम जहां भी विदेशों में जाती है व जैसी पिच मिलती है उसी अनुरूप खेलती है। वहीं हारने के बाद इस तरह के आरोप लगाना समझ से परे है। इसी पिच पर अश्विन ने शतकीय पारी खेली है। उन्होंने कहा कि इस बार चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम अच्छी है। ऐसे में सीएसके रोमांचक मुकाबले खेलेगी। उन्होंने कहा कि गत वर्ष हुए आईपीएल में वह अपने घरेलू कारणों से नहीं खेल पाए थे।

# विजय हजारे ट्रॉफी में उत्तराखंड नॉकआउट चरण में पहुंचा



**चेन्नई।** उत्तराखंड ने विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया है। उत्तराखंड ने एक दिवसीय राष्ट्रीय क्रिकेट चैम्पियनशिप के प्लेट चरण में सिक्किम को 145 रन से हराकर नॉकआउट चरण में जगह बनायी। उत्तराखंड ने इस मैच में बेहतर रनरेट के आधार पर असम को पीछे छोड़ा। वहीं असम ने मिजोरम को 182 रन से हराया। उत्तराखंड और असम ने सारे मैच जीते हैं पर उत्तराखंड का रनरेट 3.273 था जबकि असम का 1.909 रहा है। वहीं मेघालय ने नगालैंड को हराया और वह तीसरे स्थान पर रहा। सिक्किम चौथे, अरूणाचल प्रदेश पांचवें, मिजोरम छठे और मणिपुर सातवें स्थान पर रहा। सिक्किम के साथ मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए उत्तराखंड टीम की ओर से कमल सिंह ने 121 गेंद में 16 चौकों की मदद से 119 रन बनाए जबकि जय बिस्टा ने 67 गेंद में 54 रन की पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए 133 रन जोड़े। कमल ने कप्तान कुणाल चंदेला के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 रन जोड़े। इस प्रकार उत्तराखंड ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 306 रन बनाए। इसके जवाब में सिक्किम की टीम 50 ओवर में छह विकेट पर 161 रन ही बना पायीए। अन्य मैचों में असम ने आठ विकेट पर 342 रन बनाए जिसके जवाब में मिजोरम की टीम 43.5 ओवर में 160 रन ही बना पायी।




मैड्रिड में स्पेनिश ला लिगा फुटबॉल में खेलते हुए फुटबॉलर।

# न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में होने वाला टी20 का खिताबी मुकाबला अब वेलिंग्टन में होगा



**सिडनी।** न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जाने वाली टी20 सीरीज के पांचवें और अंतिम मैच के स्थल को बदल दिया गया है। अब बे ओवल का यह मैच वेलिंग्टन मैदान पर खेला जाएगा। वहीं कोरोना महामारी को देखते हुए यह मैच खाली स्टेडियम में खेला जाएगा। इसी के साथ ही न्यूजीलैंड महिला टीम और इंग्लैंड महिला टीम के बीच खेला जाने वाला तीन मैचों की सीरीज का फाइनल भी वेलिंगटन में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने इस बारे में कहा, न्यूजीलैं बनाम ऑस्ट्रेलिया और न्यूजालैंड महिला टीम बनाम इंग्लैंड महिला टीम के बीच टी20 हैडर बे ओवल की जगह स्काई स्टेडियम, वेलिंगटन में एक ही समय में खेले जाएंगे। वेलिंगटन में वर्तमान अलर्ट लेवल 2 प्रोटोकॉल का मतलब है कि सभी तीन डबल हेडर - बुधवार, शुक्रवार और रविवार को खेले जाएंगे। इससे पहले, यह पुष्टि की गई थी कि न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच आगामी तीसरे और चौथे टी20आई मैच बंद दरवाजों के पीछे खेले जाएंगे। कोविड-19 महामारी को देखते हुए न्यूजीलैंड महिला (व्हाइट फर्न्स) और इंग्लैंड महिला के बीच पहला और दूसरा टी20 मुकाबला भी ही बंद दरवाजे के पीछे खेला जाएगा।

# आईपीएल कार्यक्रम स्थलों से खुश नहीं फ्रेंचाइजियां

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 के सत्र का आयोजन 6 शहरों में रखने को लेकर कुछ फ्रेंचाइजियां खुश नहीं हैं। मुंबई के साथ ही चेन्नई, दिल्ली, बैंगलोर, अहमदाबाद और कोलकाता में इस बार आईपीएल मुकाबले खेले जा सकते हैं हालांकि बीसीसीआई का ये कदम कुछ फ्रेंचाइजियों को पसंद नहीं आया है। कुछ टीम मालिकों का मानना है कि आईपीएल का आयोजन 2 स्थानों पर आयोजित करना ज्यादा अच्छा था। उन्होंने ये भी कहा कि पिछले सीजन में टूनामेंट महज 3 स्थानों पर अच्छी तरह आयोजित हुआ। साथ ही टीम मालिकों ने ये भी कहा कि उन्होंने इस हिसाब से ही तैयारी शुरू कर दी थी कि इस बार आईपीएल 2021 मुंबई, पुणे और अहमदाबाद में ही होगा लेकिन अब योजना पूरी तरह बदल गई है। एक फ्रेंचाइजी मालिक ने कहा, 'बिलकुल ये खतरनाक अनुभव है। महज 2 शहरों में आईपीएल 2021 का आयोजन करना ज्यादा अच्छा आइडिया था। साल 2020 में भी आईपीएल तीन जगहों पर आयोजित किया गया और वो सफल भी साबित हुआ। टीमों ने तैयारी शुरू कर दी थी, सभी को लग रहा था कि मुंबई, पुणे और अहमदाबाद में मैच होने हैं। अब सबकुछ बदल गया है। फ्रेंचाइजी जल्द जानना चाहेंगी कि होना क्या है।' खबरों के मुताबिक मुंबई में आईपीएल मैचों को हरी झंडी तो मिल चुकी है लेकिन वहां कोरोना के चलते मुकाबले खाली स्टेडियम में खेले जाएंगे। वहीं दूसरे शहरों में 50 फीसदी फैंस स्टेडियम में मैच का आनंद ले पाएंगे।

# टी20 विश्व कप के लिए पाक खिलाड़ियों को दिया जाएगा वीजा: बीसीसीआई

## बेवजह बयानबाजी न करे पीसीबी

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान टीम को समय पर वीजा दे दिया जाएगा। इसलिए इस बारे में पाक बोर्ड बेवजह की बयानबाजी न करें। इससे पहले पाक बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख एहसान मनी ने बयान दिया था कि उन्हें वीजा की गारंटी चाहिए, नहीं तो पूरे टूर्नामेंट को यूएई में आयोजित किया जाना चाहिए। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि पीसीबी इस मामले पर राजनीति कर रही है। केंद्र सरकार पहले से ही नीति बना चुका है कि किसी भी टूर्नामेंट के लिए भारत आने वाले खिलाड़ियों और स्टाफ को तुरंत वीजा दिया जाएगा। बीसीसीआई अधिकारी ने ये भी कहा कि कोरोना महामारी के दौरान बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और आईसीसी के पूर्व अध्यक्ष शशांक मनोहर ने पीसीबी की काफी सहायता की थी, इसके बाद भी पीसीबी प्रमुख भ्रम फैला रहे हैं।

बीसीसीआई अधिकारी ने कहा कि इस प्रकार की बयानबाजी से लगता है कि पीसीबी भारत में टूनामेंट नहीं खेलना चाहता है, इसलिए पीसीबी प्रमुख ऐसी बातें कर रहे हैं बीसीसीआई अधिकारी ने साफ किया कि वीजा को लेकर गारंटी देना किसी क्रिकेट बोर्ड के हाथ में नहीं है और ये मामले देश की सरकारें तय करती है। मनी ने टी20 विश्व कप खेलने के लिए बीसीसीआई से लिखित वीजा और सुरक्षा गारंटी भी मांगी है।




# भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच शास्त्री को लगा कोविड-19 टीका



**अहमदाबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री को यहां के अपोलो अस्पताल में कोविड-19 टीका लगाया गया है। टीके की पहली डोज के बाद शास्त्री ने चिकित्सा पेशेवरों का आभार व्यक्त किया। शास्त्री ने टीका लगवाते हुए अपनी तस्वीर भी ट्विटर हैंडल पर साझा भी की है। इस तस्वीर में वह टीम इंडिया की जर्सी पहने नजर आ रहे हैं, वहीं नर्स पीपीई किट पहनकर उन्हें टीका लगाती हुई नजर आ रही है। इस अवसर पर शास्त्री ने ट्वीट किया, 'कोविड-19 टीके का पहला चरण हुआ है। इस महामारी के खिलाफ भारत को सशक्त बनाने के लिए अद्भुत चिकित्सा पेशेवरों और वैज्ञानिकों को मेरा धन्यवाद। अहमदाबाद में कांताबेन और उनकी अपोलो की टीम से काफी प्रभावित हुआ, जिस तरह से वह कोविड-19 टीकाकरण को पूरा करने में लगे हैं।' अब देखना होगा कि भारतीय टीम के खिलाड़ियों को कब टीका लगाया जाएगा। अभी भारतीय क्रिकेट टीम अहमदाबाद में है, जहां उसे इंग्लैंड के खिलाफ 4 मार्च से चार मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा और अंतिम मुकाबला खेलना है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी सोमवार को टीका लगाया गया था। प्रधानमंत्री को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में यह टीका लगाया गया।

# आईपीएल में विराट के साथ खेलने को लेकर उत्साहित हैं मैक्सवेल



**वेलिंगटन।** ऑस्ट्रेलियाई आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उन्हें भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली के साथ खेलने का अच्छा अवसर मिलेगा। मैक्सवेल के अनुसार इस दौरान उन्हें विराट से खेल को लेकर काफी कुछ सीखने का भी अवसर मिलेगा। इसी लिए वह आईपीएल खेलने को लेकर उत्साहित हैं। मैक्सवेल के अनुसार विराट अभी विश्व के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में एक हैं और खेल के शीर्ष पर हैं। ऐसे में उनके साथ खेलना हर प्रकार से लाभकारी होता है। विराट की कप्तानी वाले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने मैक्सवेल को पिछले महीने ही नीलामी में 14.25 करोड़ रुपए देकर खरीदा है। आईपीएल 2020 में खराब प्रदर्शन के बाद से ही पंजाब किंग्स ने मैक्सवेल को 'रिलीज' कर दिया था। मैक्सवेल ने कहा, 'वह (कोहली) टेस्ट से लेकर टी20 तक सभी प्रारूपों में छाया हुआ है और पिछले कुछ समय से इस खेल में नंबर एक बना हुआ है।' उन्होंने कहा, 'वह हालातों के अनुसार अपने खेल को ढालता है, लंबे समय तक दबदबा बनाए रखता है।' इंडियन प्रीमियर लीग के अप्रैल के दूसरे सप्ताह में शुरू होने की संभावना है और इस ऑस्ट्रेलियाई आलराउंडर को उम्मीद है कि उन्हें इस दौरान भारतीय कप्तान से नेतृत्वक्षमता के गुण सीखने को मिलेंगे।कोहली आरसीबी में मैक्सवेल के कप्तान होंगे। इस 32 वर्षीय आलराउंडर ने कहा, 'मैं केवल मैच ही नहीं बल्कि अभ्यास को लेकर उनकी कार्यशैली को समझने को लेकर उत्सुक हूं। उम्मीद है कि मैं उनसे नेतृत्वकौशल के भी कुछ गुण सीखने में सफल रहूंगा।'

# फवाद के पॉजिटिव पाये जाने से पीएसएल मुकाबले में हुई देरी



**करांची।** कोरोना महामारी के कारण पाकिस्तान में टी20 लीग पीएसएल के आयोजन में देरी हो रही है। पीएसएल में इस्लामाबाद यूनाईटिड और क्वेटा ग्लाडियटर्स के बीच में मैच खेला जाना था पर मैच से कुछ देर पहले ही इस्लामाबाद यूनाईटिड के खिलाड़ी फवाद अहमद की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई। फवाद के कोरोना पॉजिटिव आने पर मैच को दो घंटे के लिए स्थगित करना पड़ा हांलाकि अभी आधिकारिक तौर पर यह नहीं कहा गया है कि फवाद अहमद वायरस से संक्रमित हैं। पीएसएल लीग खेल रहे सभी खिलाड़ियों को सख्त बायो बबल में रहना पड़ रहा है। ना ही किसी खिलाड़ी को किसी बाहरी व्यक्ति के संपर्क में आने दिया जा रहा है। खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए पीसीबी हर पुख्ता इंतजाम कर रहा है। इस्लामाबाद यूनाईटिड की टीम ने मैच से पहले ट्वीट करते हुए लिखा कि मैच 9 बजे से शुरू होगा। सभी टीमें कोरोना वायरस के टेस्ट से गुजर रही हैं पर ऐसा हुआ नहीं । इस्लामाबाद यूनाईटिड मैच खेलने के लिए तैयार है। इस्लामाबाद के इस ट्वीट से भी जाहिर हो रहा है कि पीएसएल के दौरान पीसीबी के ने लापरवाही बरती है। इस टी20 लीग के शुरूआत में पेशावर जाल्मी के खिलाड़ी डैरेन सैमी और वहाब रियाज ने भी पीसीबी के बायो सिक्योर बबल नियम को तोड़ा था।


# दिशा पाटनी ने पहने इतने बुरे कपड़े कि उनके सामने टाइगर श्रॉफ ज्यादा अच्छे दिखे

## ये लुक हर तरह से अदाकारा के नैचरल गॉरजस लुक को अन्फ्लैटरिंग टच दे रहा था



**मुंबई।** दिशा पाटनी उन अदाकाराओं में से एक हैं, जो अपने बोल्ड ऐंड ग्लैमरस लुक्स के लिए जानी जाती हैं। दिशा को बांद्रा के एक रेस्ट्रॉन्ट के बाहर स्पॉट किया गया। इस दौरान इस अदाकारा ने ऐथलीजर क्लोद्स पहने हुए थे। ऐक्ट्रेस ने अपने लुक को सुपर कूल टच देने की कोशिश की थी। हालांकि, उनका स्टाइल ऐसा था कि एक नजर क्या? बल्कि बार-बार देखने पर भी वो समझ से परे लगा। ये लुक हर तरह से अदाकारा के नैचरल गॉरजस लुक को अन्फ्लैटरिंग टच दे रहा था। दिशा पाटनी ने ब्राउन ऐंड मरून मिक्स्ड कलर की पैंट पहनी थी, जिसका डिजाइन हटकर था। इसमें लेग्स पोर्शन पर ऊपर से लेकर नीचे तक जिप दी गई थी, वहीं बीच में भी इस डीटेल को ऐड किया गया था। ऐक्ट्रेस ने इस शेड से मैच करता स्पोर्ट्स ब्रा स्टाइल का टॉप पहना था। इससे दिशा के टोन्ड ऐब्स परफेक्ट तरीके से फ्लॉन्ट हो रहे थे। अदाकारा ने इस लुक को स्नीकर बूट्स के साथ कंप्लीट किया था। ये शूज ब्लैक कलर के थे, जिस पर रेड पैटर्न प्रिंट था। ये फुटवेअर लेबल के स्टेलर कलेक्शन का हिस्सा थे। दिशा ने अपने कपड़ों के साथ चेन पैटर्न के चोकर नेकपीस को मैच किया था। उन्होंने अपने बालों को मेसी रखते हुए खुला रखा था। ये हेयरस्टाइल दिशा की फेवरिट है। वैसे तो दिशा ने मास्क लगाया हुआ था, लेकिन उनकी आइज ऐंड फोरहेड देख साफ था कि ऐक्ट्रेस ने न्यूड टोन मेकअप के साथ अपनी आईज को हाइलाइट किया था। ऐक्ट्रेस के इस पूरे स्टाइल को देख ये कहने में कोई हर्ज नहीं कि फैन्स का निराश होना तो बनता है। वहीं दिशा के साथ रेस्ट्रॉन्ट पर पहुंचे टाइगर श्रॉफ का लुक कूल नजर आया। उन्होंने स्टेटमेंट जींस पहनी थी, जो स्ट्रेटकट फिट की थी। ये डीजल लेबल की थी। ब्लू डेनिम के साथ उन्होंने नियॉन ग्रीन कलर की टी-शर्ट पहनी थी, जिसमें हाई नेकलाइन थी। टाइगर ने अपने लुक को ब्लू एस्पड्रिल्स स्लिप ऑन शूज के साथ कंप्लीट किया था।

# रिया कपूर, गुनीत मोंगा और ताहिरा कश्यप 'द मैरिड वुमन' की विशेष स्क्रीनिंग करेंगी होस्ट



**मुंबई।** ऑल्ट बालाजी का शो 'द मैरिड वुमन' अपने लॉन्च से बस कुछ ही दिनों की दूरी पर है, ऐसे में बहुचर्चित-शो के प्रति उत्साह अपने चरम पर है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस - 8 मार्च को लोकप्रिय प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीमिंग के लिए निर्धारित, एकता कपूर द्वारा शो के हाल ही में पोस्ट किए गए ट्रेलर में ऋद्धि डोगरा और मोनिका डोगरा प्रमुख भूमिकाओं में नजर आ रही हैं। ट्रेलर ने दर्शकों, फ्रेटर्निटी और आलोचकों को अपनी प्रगतिशील और पाथ-ब्रेकिंग कंटेंट के लिए समान रूप से प्रभावित कर लिया है। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि रिया कपूर, गुनीत मोंगा और ताहिरा कश्यप खुराना सहित मनोरंजन बिरादरी की कुछ सबसे प्रसिद्ध महिलाएं, शो लॉन्च से एक दिन पहले 7 मार्च को मुंबई में शो की विशेष स्क्रीनिंग की मेजबानी करना चाहती हैं।

हाल ही में एकता कपूर, गुनीत मोंगा, ताहिरा कश्यप खुराना और रुचिका कपूर ने इस साल जनवरी में 'इंडियन वूमेन राइजिंग - ए सिनेमा कलेक्टिव' नाम से एक पहल शुरू की है, जो महिला निर्देशकों को फलने-फूलने और आगे आने के लिए प्रेरित करती है। चूंकि, 'द मैरिड वुमन' महिलाओं और उनकी पसंद के इर्द-गिर्द घूमती एक आकांक्षात्मक कहानी के साथ एक बहुत ही अलग शो है, ऐसे में रिया कपूर, गुनीत मोंगा और ताहिरा कश्यप खुराना इस शो की विशेष स्क्रीनिंग की मेजबानी के लिए एक साथ आ गयी हैं। एक शो जो सामाजिक कंडीशनिंग के बीच खुद को खोजने के बारे में बात करता है, उसने निश्चित रूप से इन पॉवरफुल महिलाओं की तिकड़ी को आकर्षित कर लिया है। 'द मैरिड वुमन' एक अरबन रिलेशनशिप ड्रामा है जो महिलाओं और समाज में उन पर लगाई गई कंडीशन व खुद को खोजने के बारे में है। शो में रिधि डोगरा और मोनिका डोगरा सेंट्रल करैक्टर है जिसमें इमाद शाह, दिव्या सेठ शाह, नादिरा बब्बर और सुहास आहूजा इत्यादि जैसे उल्लेखनीय कलाकार भी शामिल हैं।

# जल्द ही बॉलीवुड की फिल्मों में नजर आएंगी सीरत



दिवंगत एक्टिंग गुरु रोशन तनेजा की पोती सीरत कपूर जल्द ही बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं। अब वह तेलुगू फिल्मों के साथ बॉलीवुड फिल्मों में भी नजर आएंगी। उनका कहना है कि दोनों उद्योगों में काफी समानताएं हैं और उन्हें अपने कला को एक्सप्लोर करने का मौका मिला है। सीरत ने कहा कि 'जहां तक प्रक्रिया की बात है, मतभेदों की तुलना में अधिक समानताएं हैं। दोनों ही उद्योग चाहे यह दक्षिण या बॉलीवुड हो, दोनों अपनी व्यक्तिगत संस्कृतियों और दर्शकों के लिए जोर लगाते हैं। मेरे दृष्टिकोण से, यह एक कलाकार के लिए खुद को तलाशने के अवसरों से भरा एक महासागर है। बता दें कि सफल तेलुगू फिल्मों का हिस्सा रही सीरत जल्दी हिंदी फिल्म 'मारीच' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ नसीरुद्दीन शाह और तुषार कपूर नजर आएंगे।

# कैटरीना कैफ से तुलना करते हुए 'मुझे फैटरीना तक कहा गया: जरीन खान

## हैरान थी कि 40 किलो वजन कम करने के बाद भी मुझे मोटी कहा जा रहा था



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान ने अपने करियर की शानदार शुरूआत की थी, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में अपनी अच्छी जगह नहीं बना सकीं। उन्होंने कहा कि वह 'एक सुंदर चेहरे से बहुत अधिक' हैं, और उन्हें कभी भी कैटरीना कैफ जैसी लुकिंग से बाहर निकलने का मौका ही नहीं दिया गया। 2010 में सलमान खान की 'वीर' के साथ अपने बॉलीवुड करियर की शुरूआत करने वाली जरीन ने सलमान की को-स्टार रह चुकीं कैटरीना के साथ अपनी शारीरिक समानता के लिए उस समय जमकर सुर्खियां बटोरी थीं। उन्होंने कहा कि, इस नैरेटिव को बढ़ावा देने में दर्शक भी दोषी हैं। उन्होंने बताया, 'हां, शुरूआत में, यह पूरी तरह से एक जैसी दीखने वाली बात थी । ईमानदारी से, मुझे भी यह नहीं पता है कि यह कहां से बाहर आया था। यहां तक कि मेरी तस्वीरों या मेरे इंटरव्यू के पहले से, मेरे फेसबुक अकाउंट की एक रैंडम इमेज इस दावे के साथ सकुर्लेट की जा रही थी कि वे कैटरीना कैफ की तरह दिखती हैं।'

उन्होंने कहा, 'तब, सोशल मीडिया आज की तरह शक्तिशाली नहीं था, और हम मीडिया घरानों और समाचार पत्रों पर बहुत अधिक निर्भर थे। इसलिए, मुझे लगता है कि जनता को वास्तव में मुझे देखने और खुद से कोई परसेप्शन बनाने का मौका नहीं मिला। दर्शकों के सामने उन्हें यह गपशप के रूप में पेश किया गया। हमारे दर्शक भी इस मामले में थोड़े भोले हैं कि उनके सामने, जो कुछ भी पेश किया जाता है, वे उसी पर भरोसा कर लेते हैं और अपनी खुद की कोई परसेप्शन नहीं बनाते हैं।' उन्होंने बताया कि, उनका वजन भी एक मुद्दा बन गया। जैसे कि कोई व्यक्ति 100 किलोग्राम वजन का होता है और हमेशा खुद को 'मोटा' समझता है, जरीन ने कहा कि वह हैरान थी कि 40 किलोग्राम वजन कम करने के बाद भी मुझे मोटी कहा जा रहा था। मुझे 'फैटरीना' तक कहा जाता था। जब मैं इवेंट्स के लिए बाहर जाती थी, तब भी मेरे बारे में कुछ भी अच्छा नहीं लिखा गया था, वे केवल मेरे वजन के बारे में बात करते थे। जरीन ने कहा कि इसका उनके दिमाग पर प्रभाव पड़ा था और उन्हें 'लगातार अच्छा नहीं होने का एहसास' दिलाया जाता था। जरीन हॉरर फिल्मों- हेट स्टोरी 3 और 1921 में भी दिखाई दी थीं।

# सर्वाइव करने का राज बताया दीपशिखा ने



अभिनेत्री दीपशिखा नागपाल लगातार फिल्मों, टेलीविजन शो और वेब श्रृंखला में काम कर रही हैं। इसे लेकर उनका मानना है कि वह अभी सर्वाइवल की कुंजी सीखने में है। दीप शिखा ने कहा कि 'मैंने तब टीवी किया था, जब टीवी नया था। उस जमाने में अगर आप पढ़ाई में अच्छे नहीं हो तो आप एक्टिंग में जाते थे, लेकिन अब यह बदल गया है। अब जो भी कलाकार बनना चाहते हैं उनके लिए यह पेशेवर क्षेत्र है। मुझे लगता है कि मैंने टीवी, डेली शॉप और अब वेब श्रृंखला में सब कुछ देखा है। जब मैं युवा कलाकारों के साथ काम करती हूं तो मुझे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। मैं एक लर्नर हूं और इसलिए मैं इंडस्ट्री में सर्वाइव कर रही हूं।' बता दें कि अभिनेत्री मनोरंजन उद्योग में करीब 25 वर्षों से अधिक समय से काम कर रही हैं। बावजूद इसके, वे सीखने में ज्यादा ध्यान देती हैं।

# मैं भी समस्या से गुजरी हूं, लेकिन आत्महत्या इसका समाधान नहीं है: सुबुही जोशी



**मुंबई।** टेलीविजन अभिनेत्री सुबुही जोशी का कहना है कि एक्टर केवल पार्टी करते हैं और अच्छा समय बिताते हैं, यह सोच गलत है। इसके विपरीत, इस पेशे के कई लोग अकेले हैं और इसका असर मेंटल हेल्थ पर पड़ता है। उन्होंने कहा, मैंने एक ऐसा चरण देखा है, जहां मैं मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं थी और जिसने मेरे शारीरिक स्वास्थ्य, मेरी हर चीज को प्रभावित किया। इसलिए जब आप मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं होते तो मेरा मानना है कि आप काम नहीं कर सकते। 'ये उन दिनों की बात है' मैं अपनी भूमिका के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री का मानना है कि ग्लैमर उद्योग में अवसाद और चिंता बहुत होती है।

लोगों को लगता है कि आपके पास बहुत सारे दोस्त हैं, आप बहुत पार्टी करते हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि लोग बहुत अकेले हैं। आपके पास बात करने के लिए बहुत सारे लोग नहीं हैं, लोगों के पास इसके लिए भी समय नहीं है। लोग इसके बारे में बात नहीं करना चाहते हैं। यह एक बहुत ही अनिश्चित क्षेत्र है जैसे कि हमारे पास निश्चित काम नहीं है, आज आपके पास एक बड़ा शो है, कल आपके पास कुछ भी नहीं होगा। आज आप एक स्टार हैं कल आप कुछ भी नहीं होंगे। सुबुही कहती हैं, मैं बहुत सारी समस्याओं से गुजरी हूं, लेकिन आत्महत्या इसका समाधान नहीं है। यह बहुत दुख की बात लोग ऐसा कदम उठाते हैं। मुझे लगता है कि जब भी आप लो महसूस करते हैं या आत्महत्या का विचार आता है तो किसी से बात करना चाहिए।

# शाहरुख खान की पठान में दिखेगा सलमान खान का जलवा, होगा धुआंधार एक्शन

## आदित्य चोपड़ा ने दोनों के लिए एक्शन सीन प्लान भी कर लिए, दोनों के फैंस एक्साइटेड



**मुंबई।** बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान ने बिग बॉस 14 के मंच पर ऐलान कर दिया था कि वो जल्द ही शाहरुख खान के साथ नजर आएंगे। उन्होंने बताया था कि वे शाहरुख खान की फिल्म पठान में नजर आने वाले हैं। अब खबरें हैं कि सलमान खान ने 'पठान' की शूटिंग भी शुरू कर दी है। सलमान खान कुछ घंटों पहले ही यशराज स्टूडियो के बाहर स्पॉट किए गए हैं। विरल भयानी के इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट किया गया है। इस ट्वीट में कहा गया, 'शाहरुख खान और सलमान खान लंबे समय बाद शूट करने पहुंचे। ये भी कहा जा रहा है कि कटरीना कैफ भी शूटिंग सेट पर हैं।'

मिली खबरों के मुताबिक सलमान खान 'पठान' की शूटिंग करके स्टूडियो से बाहर आ रहे थे। इसी दौरान मीडिया ने उन्हें अपने कैमरे में कैद कर लिया। सलमान खान यशराज स्टूडियो से सफेद रंग की गाड़ी में बैठकर बाहर निकले। सुनने में आ रहा है कि सलमान खान टाइगर के अवतार में शाहरुख खान की मदद करते दिखेंगे। इसके साथ ही फिल्म में दोनों एक्शन करते नजर आने वाले हैं। आदित्य चोपड़ा ने दोनों के लिए एक्शन सीन प्लान भी कर लिए हैं। इस खबर से दोनों के फैंस काफी एक्साइटेड हैं। दोनों ही लंबे समय बाद एक साथ नजर आने वाले हैं। सलमान खान की इस साल कई और फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं। इनमें से 'राधे' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। दिशा पाटनी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

# श्रीदेवी के बाद सही मायने में कॉमेडी करती हैं कंगना रनौत



**मुंबई।** अभिनेत्री कंगना रनौत ने हमेशा अपने बेवाक बयानों के लेकर विवादों में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने दावा किया है कि दिवंगत सुपरस्टार श्रीदेवी के बाद वह एकमात्र अभिनेत्री हैं जो सही मायने में कॉमेडी करती हैं। ट्विटर पर कंगना ने लिखा कि 'मैं सतही/विक्षिप्त भूमिकाओं में फंस गई थी। इस फिल्म ने मेरे करियर के आयाम बदल दिए। यह मेनस्ट्रीम में मेरी एंट्री थी और वह भी कॉमेडी के साथ। क्वीन और दत्तो ने मेरे कॉमिक टाइमिंग को मजबूत किया और मैं अकेली ऐक्ट्रेस बन गई, जिसने लिजेंड्री श्रीदेवी के बाद कॉमेडी की।' कंगना का कहना है कि उनकी हिट रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'तनु वेड्स मनु' की रिलीज के अब 10 साल होने पर आया। फिर भी लोग उसे देखने में पंसद करते हैं।







